CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 19° C
न्यूनतम : 10° C

नई दिल्ली, सोमवार 15 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 254 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | पौष कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 | 23 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बूथ ही बनेगा जीत का केंद्र, एसआईआर चुनावी रणनीति की धुरीः योगी पेज 2



भारत ने पाकिस्तान को अंडर-19 एशिया कप में हराया, 90 रन से जीता मैच खेल टाइम्स



कुछ ही सालों में शुरू हो जाएगा प्रकृति का कहर सम्पादकीय




ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला, 12 की मौत पेज 12

# देशभर में अगले हफ्ते से पड़ेगी कड़ाके की ठंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अगले हफ्ते से देशभर में कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार हैं। इस सर्दी का पहला बड़ा पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) 17 दिसम्बर को हिमालयी राज्यों में पहुंचेगा। इसके असर से 18 से 20 दिसम्बर के बीच जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अच्छी बर्फबारी होने की संभावना है।

21 और 22 दिसम्बर को पहाड़ों से बादल हटते ही तापमान तेजी से गिरेगा। तापमान सामान्य से 5 से 6 डिग्री तक नीचे जा सकता है। उत्तर से चलने वाली ठंडी हवाएं यूपी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और मध्य भारत तक पहुंचेंगी। इससे मैदानी इलाकों में ठंड काफी बढ़ जाएगी। इधर, राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते सर्दी का असर कम हो गया है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई है। मध्य प्रदेश में भी अगले 3 दिन तक शीतलहर का अलर्ट नहीं है। हालांकि, पारा लगातार लुढ़क रहा है। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा है। यहां शनिवार रात पारा 4.7 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, दिल्ली में



**उत्तराखंड-हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट, बिहार में घना कोहरा, सात गाड़ियां आपस में टकराईं**

**जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अच्छी बर्फबारी होने की संभावना**

## दिल्ली-एनसीआर में सांसों का आपातकाल

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की धीमी गति और खराब मौसम के चलते रविवार को हवा इस साल की सबसे खराब श्रेणी में पहुंच गई। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे से हुई और आसमान में स्मॉग की मोटी चादर के चलते दृश्यता भी कम रही।

सांस लेने में हो रही दुश्वारी के बीच लोग मास्क पहने नजर आए। लोगों को आंख में जलन की दिक्कत भी हुई। वहीं, एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के

**■ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रविवार को हवा सबसे खराब श्रेणी में पहुंची**

अनुसार, रविवार सुबह राजधानी का औसत एक्यूआई 462 दर्ज किया गया है। सीपीसीबी के अनुसार, राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 439, आनंद विहार में एक्यूआई 491, अशोक विहार में 493, आया नगर में 447, बवाना में 495, बुराड़ी में 473, चांदनी चौक इलाके में 462 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, डीटीयू में 493, द्वारका सेक्टर 8 में 454, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 411, आईटीओ में 482, जहांगीरपुरी में 495, लोधी रोड 401, मुंडका 486, नजफगढ़ में 411, पंजाबी बाग में 475, रोहिणी 499, विवेक विहार 495, सोनिया विहार 483, आरकेपुरम 472, वजीरपुर में 493 दर्ज किया गया है। गाजियाबाद में भी एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है।

रविवार को एक्यूआई 497 पहुंच गया। शनिवार को ही वहां ग्रैप-4 लागू किया गया था। पिछले हफ्ते राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि इस साल दिल्ली का एक्यूआई 450 के पार नहीं गया है। उधर, हिमाचल- **शेष पृष्ठ दो पर**

## खाना खाने निकले तो पकड़े गए लूथरा ब्रदर्स

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा सोमवार (आज) तक भारत लाए जा सकते हैं। थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसम्बर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। उनकी डिपोर्टेशन प्रोसेस जारी है। इस बीच सामने आया है कि लूथरा ब्रदर्स को थाईलैंड में तब पकड़ा गया था। जब दोनों भाई होटल से बाहर खाना खाने निकले थे। 9 दिसम्बर को थाई अधिकारियों को पता चला कि जिन भाइयों को पुलिस भारत में ढूंढ़ रही थी, वे फुकेट में हैं। भारतीय एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद थाई अधिकारियों ने पहले ही होटल पर नजर रखनी शुरू कर दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मेसी के टूर ऑर्गेनाइजर को जमानत नहीं, 14 दिन की कस्टडी में भेजा

**कोलकाता।** अर्जेंटीना के फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी के इंडिया टूर के आर्गनाइजर सताद्रु दत्ता को जमानत नहीं मिली है। बिधाननगर कोर्ट ने मेसी के गोट इंडिया टूर 2025 के प्रमोटर और आयोजक सताद्रु दत्ता को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सताद्रु पर इवेंट में मिसमैनेजमेंट के आरोप हैं। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने कोर्ट में कस्टडी की मांग करते हुए कुछ कॉन्स्टेबलों को चोट लगने और मेसी के मैदान में आने पर भीड़ को मैनेज करने में हुई दिक्कतों का हवाला दिया था। दरअसल, 13 दिसम्बर को स्टेडियम से मेसी के जल्दी निकल जाने के बाद फैंस भड़क गए। दूर-दूर से आने और टिकटों के लिए भारी रकम चुकाने के बावजूद वे अपने सुपरस्टार की एक झलक भी नहीं देख पाए। फैंस ने स्टेडियम में जमकर तोड़-फोड़ की। दत्ता को बिधाननगर पुलिस ने शनिवार को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। सताद्रु मेसी और उनके साथियों को हैदराबाद के लिए छोड़ने गए थे।

### एआई प्रतिस्पर्धा क्षमता में भारत तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत एआई प्रतिस्पर्धा क्षमता में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की वैश्विक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इस रिपोर्ट में भारत को 21.59 अंक दिए गए हैं। अमेरिका 78.6 अंक के साथ पहले स्थान पर है। वहीं, चीन 36.95 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दक्षिण कोरिया (17.24) और ब्रिटेन (16.64 अंक) भारत के बाद क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में अनुसंधान एवं विकास में भारत को अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रखा गया है। जिम्मेदार एआई और अर्थव्यवस्था के पैमानों पर भारत को शीर्ष तीन में जगह नहीं दी गई है। प्रतिभा के मामले में भारत को सिंगापुर के बाद दूसरे स्थान पर रखा गया है। बुनियादी ढांचा और नीति एवं प्रशासन के मामले में भी भारत को पहले तीन में स्थान नहीं मिला है। लोगों की सोच के मामले में भारत दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट से साफ है कि प्रतिभा, अनुसंधान एवं विकास और जन स्वीकार्यता के बावजूद देश में एआई को लेकर नीति निर्माण, नियम कानून और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में काफी काम करने की आवश्यकता है।

### नकली दवाओं के रैकेट का किया भंडाफोड़, दो अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की साइबर सेल ने नकली शेड्यूल-एच दवाओं के निर्माण, रीपैकेजिंग और देशभर में बिक्री में शामिल एक बड़े और संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस दौरान 2-3 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकली दवाएं और संबंधित सामान बरामद किए गए और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि असली प्रोडक्ट के रूप में बेची जा रही ये नकली दवाएं लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा थीं।

# रामलीला मैदान में कांग्रेस ने निकाली 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली

## पीएम मोदी का आत्मविश्वास खत्म, अमित शाह के हाथ कांपते हैं उनकी वोट चोरी पकड़ी गईः राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग सरकार के इशारे पर ईमानदारी से चुनाव नहीं करा रहा है और अगर वह पारदर्शी तरीके से काम करे तो भाजपा एक भी चुनाव नहीं जीत सकती है। श्री गांधी और श्रीमती वाड्रा ने रविवार को यहां रामलीला मैदान में पार्टी की 'वोट चोर गद्दी छोड़' नाम से आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश में इस समय सत्य और असत्य के बीच लड़ाई हो रही है। कांग्रेस सच्चाई के रास्ते पर है और भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) असत्य की राह पर चलकर सिर्फ चुनाव जीतने की साजिश कर रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य को महत्व देते थे और कांग्रेस उनके दिखाए सत्य के रास्ते पर चल रही है, लेकिन आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कहते हैं कि सत्य नहीं 'सत्ता' जरूरी है। उनके लिए झूठ ही सब कुछ है और असत्य के सहारे सत्ता का सुख भोग रहे हैं। भाजपा वोट चोरी करती है और चुनाव के समय दस हजार रुपये हर वोटर को देकर चुनाव जीतने का रास्ता सुगम बनाती है। चुनाव के समय दस हजार रुपये मतदाताओं को देना सबसे बड़ी वोट चोरी है। उन्होंने तीनों चुनाव आयुक्तों पर निशाना साधा और तीनों के नाम लेकर कहा कि वे मिलकर सरकार की मदद कर रहे हैं। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आएगी तो कानून बनाएगी और भाजपा को सरकार बनाने में वोट चोरी करवाकर मदद करने वाले इन तीनों चुनाव आयुक्तों को साजिश रचने की सजा देगी। उनका कहना था कि चुनाव आयोग को सत्य के लिए लड़ना चाहिए, सही काम करना चाहिए और जो सच है उसे ही महत्व देना चाहिए, लेकिन वह सत्य की राह पर नहीं चलकर पक्षपात कर रहे हैं और भाजपा को जिताने की साजिश रचते हैं। श्री गांधी ने कहा कि भाजपा देश के विभिन्न राज्यों में -**शेष पृष्ठ दो पर**




**हमारा वंदेमातरम् भी भाजपा ने चोरी कियाः खड़गे न्यायालय पर दबाव है, सारी मीडिया अंबानी-अडानी की कांग्रेस नेताओं को आरोप लगाकर जेल में बंद किया गयाः प्रियंका**

### कांग्रेस की रैली में देशभर से उमड़े लोग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वोट चोरी के खिलाफ देश भर में चलाए गए अभियान के बाद रविवार को यहां रामलीला मैदान में हुई विशाल रैली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से आए पार्टी के प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

रैली में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल के साथ ही कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, कार्य समिति के सदस्य, प्रभारी महासचिव, विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष और विधायक दलों के नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में पार्टी के प्रमुख नेता मौजूद रहे। रैली को श्री खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के अलावा, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब के साथ ही विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों, पूर्व मुख्यमंत्रियों और अन्य प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया। पार्टी ने वोट चोरी को लोकतंत्र के खिलाफ एक अपराध बताया है और यह भी कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सीबीआई ने चार चीनी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट की दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध में शामिल चार चीनी नागरिकों और 58 कंपनियों सहित 17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। अधिकारियों ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन आरोपियों ने सौ से अधिक फर्जी कंपनियां बनाईं और एक हजार करोड़ से अधिक की साइबर धोखाधड़ी की।

ये सभी साइबर धोखाधड़ी करने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े थे, जो शेल कंपनियों के जरिये धोखाधड़ी करते थे। यह नेटवर्क पोंजी योजनाओं और मल्टी-लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) मॉडल के साथ-साथ फर्जी एप और नौकरी के प्रस्तावों के माध्यम से लोगों को धोखा दे रहा था। सीबीआई ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिली जानकारी के आधार पर मामला दर्ज किया था। इसके बाद बीते अक्टूबर महीने में साइबर धोखाधड़ी वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ था। जांच टीमों ने इस संगठित नेटवर्क का पता लगाया था, जो अलग-अलग तरह के साइबर फ्रॉड करता था। ये साइबर ठग फर्जी लोन, फर्जी निवेश योजनाओं का लालच देकर लोगों को अपनी जाल में फंसाते थे। जांच के दौरान पाया गया कि साइबर जालसाजों ने एक अत्यधिक जटिल, तकनीक का इस्तेमाल किया, जिसमें असली नियंत्रकों की पहचान छिपाने और कानून प्रवर्तन की जांच से बचने के लिए गूगल विज्ञापनों, बल्क एसएमएस अभियानों, सिम-बॉक्स मैसेजिंग सिस्टम, क्लाउड सर्वर, फिनटेक प्लेटफॉर्म और दर्जनों फर्जी बैंक खातों का लाभ उठाया गया। जांच के दौरान



**■ 100 से ज्यादा फर्जी कंपनियां बनाईं, करीब एक हजार करोड़ की साइबर धोखाधड़ी की**

अधिकारियों ने पाया कि इस ऑपरेशन के केंद्र में 111 फर्जी शेल कंपनियां थीं। इन शेल कंपनियों को फर्जी निदेशकों, फर्जी डॉक्यूमेंट्स और फर्जी पते का इस्तेमाल करके बनाया गया था। जांच में यह भी पता चला कि इन कंपनियों में सैकड़ों बैंक खातों के जरिये 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की रकम ट्रांसफर की गई थी। इस खुलासे के बाद सीबीआई ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक, झारखंड और हरियाणा में कई जगह छापेमारी की थी। जांच के दौरान इन शेल कंपनियों में विदेशी नागरिकों के संलिप्त होने की भी जानकारी सामने आई थी। इनकी पहचान जू ई, हुआन लियू, वेइजियान लियू और गुआनहुआ वांग के रूप में हुई है। इन विदेशी नागरिकों ने ही साल 2020 से भारत में फर्जी कंपनियां खड़ी की थीं। इसके बाद भारतीय सहयोगियों की मदद से लोगों के दस्तावेज हासिल किए, जिनका इस्तेमाल शेल कंपनियों के नेटवर्क को बनाने और धोखाधड़ी से मिली रकम को दूसरे खातों में ट्रांसफर किया गया।

# भारत ने बांग्लादेश के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश सरकार के दावों को खारिज करते हुए रविवार को कहा कि उसने सदैव बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव का समर्थन किया है और कभी भी भारतीय भूमि का बांग्लादेश के हितों के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने दिया है।

बांग्लादेश के आरोपों का जोरदार खंडन करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में किए गए दावों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है।मंत्रालय ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश में शांतिपूर्ण माहौल में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और विश्वसनीय चुनाव कराने के अपने रुख को लगातार दोहराया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने कभी भी अपनी भूमि का उपयोग बांग्लादेश के मित्रवत लोगों के हितों के प्रतिकूल गतिविधियों के लिए नहीं होने दिया है। भारत ने बांग्लादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद जताते हुए कहा कि हम आशा करते हैं कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार शांतिपूर्ण चुनाव कराने सहित आंतरिक कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि अवामी लीग के नेता भारत में रहकर बांग्लादेश के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं।

**■ कहाः भारत वहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का पक्षधर**

# नितिन नबीन बने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

## बिहार सरकार में हैं मंत्री, नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय रणनीति मजबूती के तौर पर देखा जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

ऐसे में जेपी नड्डा के बाद अब पार्टी की जिम्मेदारी नितिन नबीन ही संभालेंगे। पार्टी की ओर से इस नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा की रणनीतिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है। नितिन नबीन पांच बार के विधायक हैं। मौजूदा वक्त में वह पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। बांकीपुर से इस बार नितिन नबीन पांचवीं बार विधायक बने हैं। नबीन छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी भी हैं। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन कायस्थ समुदाय से आते हैं।



**■ नितिन नबीन बांकीपुर से इस बार 5वीं बार विधायक बने**

45 साल के नबीन सड़क निर्माण मंत्री हैं। इसी के साथ वह भाजपा नेता किशोर सिन्हा के बेटे हैं। बता दें कि यह नियुक्ति 14 दिसम्बर 2025 यानी रविवार से तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इस संबंध में पार्टी की ओर से औपचारिक संगठनात्मक आदेश जारी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी आदेश के मुताबिक यह नियुक्ति भाजपा के संसदीय बोर्ड की तरफ से की गई है। आदेश में लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने नितिन नबीन, मंत्री बिहार सरकार को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।

### यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष की औपचारिक घोषणा

**लखनऊ।** महाराजगंज से सांसद व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं। उनके नाम की घोषणा रविवार को औपचारिक तौर पर प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने की। शंख ध्वनि के बीच नाम का ऐलान होते ही डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नए अध्यक्ष को भाजपा का झंडा सौंपा। दरअसल अध्यक्ष पद के लिए पंकज चौधरी ही एकमात्र उम्मीदवार थे, इसलिए नामांकन के दिन ही उनके चुने जाने की तस्वीर साफ हो गई थी।



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तीन सड़क हादसों में 8 की मौत

**हमीरपुर/फर्रुखाबाद/उन्नाव/मथुरा/अलीगढ़।** घने कोहरे का कहर यूपी की सड़कों पर शनिवार-रविवार रात देखने को मिला। हमीरपुर में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर टूरिस्ट बस और चारपहिया गाड़ी की भिड़ंत में दो सगे भाइयों सहित 4 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में 3 लोग गंभीर घायल हैं, जिनका बांदा में इलाज चल रहा ह। वहीं फर्रुखाबाद के इटावा-बरेली हाइवे पर गन्ना लदी ट्रॉली में ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई है। तीसरा हादसा उन्नाव जिले में आगरा-लखनऊ हाइवे पर हुआ, जहां मिनी ट्रक, कंटेनर और बस की भिड़ंत में बस ड्राइवर की मौत हो गई है। वहीं मथुरा में कोहरे की वजह से एक के बाद एक 5 गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। इस हादसे में 18 लोग घायल हैं। अलीगढ़ के टप्पल थाना क्षेत्र के पीपली गांव के पास अलीगढ़-पलवल हाईवे पर सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।

### बहराइच में फिर दिखा भेड़िया

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज इलाके में रविवार दोपहर एक बार फिर भेड़िया देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्राम गोडहिया नंबर-4 के मजरा जरूवा में भेड़यि दिखने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर उसके पीछे दौड़ पड़े, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का पीछा करने पर भेड़यि पास के गन्ने के खेत में घुसकर छिप गया। इसी इलाके में शनिवार तड़के ग्राम गोडहिया नंबर-4 के मजरा जरूवा निवासी राम कुमार की एक वर्षीय बेटी आरवी को भेड़िया उठाकर ले गया था। बाद में मासूम के शव के अवशेष घटना स्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बरामद हुए थे। इस हृदयविदारक घटना के बाद वन विभाग ने सघन सर्च ऑपरेशन चलाया था, जिसके दौरान एक भेड़िए को ट्रैक कर उसका एनकाउंटर किया गया था।

# ऊर्जा संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण जरूरत: द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ ऊर्जा संरक्षण व चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बोलीं राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि एक संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए स्वच्छ हवा और सुरक्षित जल स्रोत भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम ऊर्जा को जितना संरक्षित करेंगे और बचाएंगे, वह प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी संवेदनशीलता का प्रतीक होगी।

मुर्मू ने रविवार को यहां राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में यह बात कही। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि पर्यावरण अनुकूल और विश्वसनीय तरीके से ऊर्जा संरक्षण ही ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत है। ऊर्जा संरक्षण सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि आज की सबसे महत्वपूर्ण ज़रूरत है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऊर्जा बचाने का मतलब सिर्फ़ कम इस्तेमाल करना नहीं है, बल्कि ऊर्जा का समझदारी, जिम्मेदारी और कुशलता से उपयोग करना भी है। उन्होंने कहा कि जब हम बिजली के उपकरणों का अनावश्यक उपयोग करने से बचते हैं, ऊर्जा-कुशल उपकरणों को अपनाते हैं, अपने घरों और कार्यस्थलों में प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन का उपयोग करते हैं या सौर और नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों को अपनाते हैं, तो हम न केवल ऊर्जा बचाते हैं, बल्कि कार्बन उत्सर्जन भी कम करते हैं। श्रीमती मुर्मू ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऊर्जा संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण जरूरत है। अगर युवा और बच्चे ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होकर इस दिशा में प्रयास करें, तो इस क्षेत्र में लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं और देश का सतत विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच समुदायों को सशक्त बनाती है। यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती है और विकास के नए अवसर पैदा करती है। इसलिए हरित ऊर्जा सिर्फ़ बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, यह सशक्तिकरण और समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम है।

### मुर्मू ने ऊर्जा बचाने वाले नायकों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर यहां विज्ञान भवन में एक समारोह में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2025 और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता (एनपीसी) 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह का आयोजन विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मू ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण कोई विकल्प नहीं, बल्कि आज की आवश्यकता है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और देश ने पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्य से पांच वर्ष पहले ही 50 प्रतिशत स्थापित क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त कर ली है। उन्होंने पीएटी योजना, मानक एवं लेबलिंग, एडीईईटीआईई जैसी बीईई की पहलों को ऊर्जा दक्षता की रीढ़ बताया। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2025 ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि ऊर्जा संरक्षण तकनीक, नीति और जनभागीदारी का संगम है। उद्योगों, संस्थानों, नवप्रवर्तकों और विद्यार्थियों-सभी के प्रयास मिलकर भारत को हरित, आत्मनिर्भर और सतत भविष्य की ओर ले जा रहे हैं। यह सम्मान न केवल उपलब्धियों की पहचान है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी है।

# रुपये की गिरावट से भाजपा की खुली पोल: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि डॉलर के मुकाबले रुपए का अब तक के इतिहास में सबसे कमजोर स्तर पर पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार अर्थव्यवस्था को लेकर जो आंकड़े और दावे पेश कर रही है, वे पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन हैं। उन्होंने कहा कि रुपए की गिरावट ने सरकार की आर्थिक नीतियों की असलियत जनता के सामने ला दी है।

रविवार को पार्टी की तरफ से जारी बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा इस सच्चाई से इनकार नहीं कर सकती कि रुपए की कमजोरी सीधे तौर पर सरकार की नाकामी का परिणाम है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने रुपए की गिरावट और सरकार के बीच ऐसा विचित्र आर्थिक सिद्धांत गढ़ा है, जो पूरी तरह अव्यावहारिक और विफल साबित हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गंभीर संकट में डाल दिया है। रुपया लगातार डॉलर के मुकाबले गिरता जा रहा है और गिरावट के पुराने सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं। इसके साथ ही महंगाई बेलगाम हो चुकी है, जिससे आम जनता की क्रय शक्ति लगातार कमजोर हो रही है।

# घुसपैठियों को बचाने को हुई कांग्रेस की रैली: पात्रा

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ बीजेपी बोली- वहां सिर्फ एक मणिशंकर अय्यर नहीं

दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई कांग्रेस की वोट चोरी की महारैली में मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाने पर बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस भूल गई कि जब-जब पीएम मोदी और उनकी माता जी को गाली दी गई है, तो कांग्रेस को हमेशा जनता ने नकारा है, ये उनका महज अहंकार है। कांग्रेस में सिर्फ एक मणिशंकर अयर नहीं है।

संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस वोट चोरी पर रैली कर रही है। संसद चल रही है, वहां चर्चा हो चुकी है और अब कांग्रेस रैली उसी मुद्दे पर कर रही है। इसी कांग्रेस ने एसआईआर पर सदन में चर्चा का नोटिस दिया था। राहुल जब इस चर्चा पर सदन में बोले, तो उनकी सतही जानकारी और राजनीति सदन में नजर आई। संबित पात्रा ने कहा कि टीशर्ट पहनने वाले राहुल उस दिन खादी पहनकर सदन में आए। उन्होंने एक कहानी बनाई जो पूरी तरह झूठी थी। जिसका गृहमंत्री ने बिंदुवार जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि हर बात पर जवाब दिया गया। संबित पात्रा ने कहा वोट चोरी कब-कब हुई ,वो भी गृहमंत्री ने बताया। नेहरू के प्रधानमंत्री बनने से लेकर रायबरेली का चुनाव और अब सोनिया गांधी की नागरिकता को लेकर भी बताया गया। जब गृहमंत्री ने घुसपैठियों का जिक्र किया, तो कांग्रेस ने इसका विरोध किया और वॉक आउट करके चले गए। उन्होंने कहा कि ये जो रैली हो रही है वो घुसपैठियों को बचाने के लिए कर रही है।

### बूथ ही बनेगा जीत का केंद्र, एसआईआर चुनावी रणनीति की धुरी: योगी

# सरकार व संगठन मिलकर प्रदेश को आगे बढ़ाएंगे

**लखनऊ, वार्ता**



■ विरोधियों के पास ताकत नहीं है, लेकिन व छल और भ्रम फैलाने की कोशिश करेंगे, जिससे सावधान रहने की जरूरत है

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि आगामी चुनाव पूरी तरह बूथ स्तर पर लड़े जाएंगे और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) इस रणनीति की रीढ़ है। रविवार को भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी दलों के पास संगठनात्मक ताकत नहीं है, लेकिन वे छल और भ्रम फैलाने की कोशिश जरूर करेंगे। ऐसे में कार्यकर्ताओं को सजग, साहसी और पूरी तरह तैयार रहना होगा।

अनुभवी नेतृत्व के साथ सरकार और संगठन मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विक. सित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत और भारतीयों के प्रति दुनिया का नजरिया बदला है। उत्तर प्रदेश में आया परिवर्तन डबल इंजन सरकार और कार्यकर्ताओं की संगठित शक्ति का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदला हुआ उत्तर प्रदेश आज अपनी पहचान खुद गढ़ रहा है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या में भव्य राम मंदिर, नैमिषारण्य सहित प्रमुख तीर्थ स्थलों का कायाकल्प इस परिवर्तन के प्रतीक हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले प्रदेश में बिजली इसलिए नहीं आती थी, ताकि अंधेरे में डकैती डाली जा सके, जबकि आज रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति हो रही है। योगी आदित्यनाथ ने एसआईआर को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की क्षमता पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन कई बार अनावश्यक उदारता के कारण गंभीर चूक हो जाती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई जगह यह कहकर संतोष कर लिया जाता है कि 'हमारे यहां सब ठीक है', जबकि वास्तविकता कुछ और होती है। एक जिले में तो विरोधियों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम तक मतदाता सूची में दर्ज करवा दिए, जहां पिता-पुत्र-दादा की उम्र में ही भारी विसंगति पाई गई और मतदाता मूल रूप से असम के निवासी निकले। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्एक बूथ पर फर्जी नामों के खिलाफ अनिवार्य रूप से आपत्ति दर्ज कराई जाए और जो वास्तविक मतदाता सूची से छूट गए हैं, उनके नाम हर हाल में जोड़े जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अनुमानित आबादी करीब 25 करोड़ है, इस आधार पर लगभग 16 करोड़ मतदाता होने चाहिए, लेकिन एसआईआर के बाद सूची में केवल 12 करोड़ नाम सामने आए हैं। यह लगभग चार करोड़ मतदाताओं का अंतर है, जिनमें 85 से 90 प्रतिशत भाजपा समर्थक हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं के पास अब केवल 12 दिन हैं और याद रखना चाहिए कि चुनावी लड़ाई बूथ पर ही जीती जाती है।

### भाजपा में न वंशवाद चलता है, न जातिवाद, केवल कार्यकर्ता सर्वोपरि: पंकज चौधरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा में न किसी व्यक्ति का वर्चस्व चलता है, न परिवारवाद और न ही जातिवाद। पार्टी में कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी ताकत है और वही बड़े से बड़े दायित्व निभाता है। इसी भरोसे के साथ जनता ने बार-बार भाजपा को आशीर्वाद दिया है। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले संबोधन में पंकज चौधरी ने अपने राजनीतिक संघर्षों को याद करते हुए कहा कि राजनीति में आने का उनका शौक नही था। गलत चीज बर्दाश्त न होने की वजह से ही वह राजनीति में आएं। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें मात्र 26 वर्ष की आयु में महाराजगंज से लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया। वर्ष 1991 से लेकर 2024 तक वे लगातार अपने क्षेत्र से जुड़े रहे।



सेंसेक्स 84391.27
निफ्टी 25758



सोना रु. 117330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 190000
प्रति किलो



# बाजार पर दिखेगा महंगाई का असर

**मुंबई, वार्ता**



घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरी साप्ताहिक गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में बाजार पर महंगाई के आंकड़ों के साथ वैश्विक कारकों का असर भी दिख सकता है। घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई के आंकड़े शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद जारी किए गए थे। थोक महंगाई के आंकड़े सोमवार को जारी होने हैं। बाजार पर वैश्विक कारकों का असर भी दिखेगा।

पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक पहले तीन दिन की गिरावट के बाद अंतिम दो दिन बढ़त में रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 444.71 अंक (0.52 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 85,267.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 139.50 अंक यानी 054 प्रतिशत गिरकर 26,046.95 अंक पर रहा। एनएसई का मिडकैप-50 सूचकांक 0.61 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में बंद हुआ। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में और अन्य 12 के हरे निशान में रहे। एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 6.80 प्रतिशत की गिरावट रही। बीईएल का शेयर 4. 25 फीसदी, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 3.33, बजाज फाइनेंस का 2.96, ट्रेंट का 2.78 और पावर ग्रिड का 2.28 प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.87 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.71, भारती एयरटेल 1.16, इंफोसिस तथा आईटीसी दोनों के 1.06, और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.01 प्रतिशत उतर गया। इनके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सनफार्मा, टीसीएस, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक 2.87 प्रतिशत चढ़ा। इटरनल में 1.92 फीसदी, टाइटन में 1.73, मारुति सुजुकी में 1.50, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.08 और कोटक महिंद्रा बैंक में 1.02 प्रतिशत की तेजी रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा एनटीपीसी और एक्सिस बैंक के शेयर भी साप्ताहिक बढ़त में रहे।

# एसबीआई के कर्ज आज से हो जाएंगे सस्ते

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋण दाता भारतीय स्टेट बैंक ने आवास और निजी ऋण लेने वाले ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए ब्याज दरों में 25 आधार अंक (0.25 प्रतिशत) की कटौती की घोषणा की है। दरों में कटौती 15 दिसंबर से प्रभावी हो जाएंगे। बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने बाहरी बेंचमार्क पर आधारित दर में 25 आधार अंकों की कटौती की है। यह मौजूदा 8.15 प्रतिशत से घटकर सोमवार से 7.90 प्रतिशत हो जाएगी। ईबीएलआर वह दर है जो फ्लोटिंग दर पर लिए गए हर ऋण की ब्याज दर तय करता है। अधिकतर आवास ऋण, व्यक्तिगत ऋण और छोटे उद्यमों को दिए गए ऋणों की ब्याज दर इसी आधार पर तय होती है। एसबीआई ने यह कटौती भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 05 दिसंबर को रेपो दर में की गई 25 आधार अंकों की कटौती के बाद की है। केंद्रीय बैंक ने इस साल चौथी बार रेपो दर में कटौती की है। इस दौरान रेपो दर 1.25 प्रतिशत कम हुई है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 9 दिसंबर को बैंकों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में रेपो दर की कटौती का लाभ ग्राहकों को देने के लिए कहा था। एसबीआई ने सभी अवधि के सीमांत लागत ऋण दरों में पांच आधार अंकों और बेस रेट में 10 आधार अंकों की कटौती की घोषणा की है। उसने बताया है कि अब बेस रेट 10 प्रतिशत से घटकर 9.90 प्रतिशत हो गई है। वहीं, सावधि जमा पर ग्राहकों को मिलने वाले ब्याज की दर ज्यादातर अवधियों के लिए अपरिवर्तित रहेगी।

# गेहूं, चीनी मजबूत, चावल नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**



घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव टूट गए। ग्राहकी आने से गेहूं और चीनी में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 67 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,755.96 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं चार रुपए चढ़कर 2,848.44 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

आटा 18 रुपए की बढ़त के साथ 3,307.09 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल में 47 रुपए और सूरजमुखी तेल में 54 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। सोया तेल पांच रुपए महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 107 रुपए और वनस्पति की 62 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। सप्ताह के दौरान चना दाल की औसत कीमत 19 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। वहीं मसूर दाल छह रुपए महंगी हुई। तुअर दाल आठ रुपए और मूंग दाल सात रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। उड़द दाल की कीमत भी 32 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 18 रुपए प्रति क्विंटल गिर गए। वहीं चीनी 11 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7793.22 रुपए, मसूर काली 8122.44 रुपए, मूंग दाल 10095.82 रुपए, उड़द दाल 10388.57 रुपए, तुअर दाल 10533.49 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.44 रुपए और चावल 3755.96 रुपए प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3307.09 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4346.23 रुपए और गुड़ 5005.85 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17599.13 रुपए, मूंगफली तेल 17704.16 रुपए, सूरजमुखी तेल 1575.84 रुपए, सोया तेल 13785.80 रुपए, पाम ऑयल 12481.16 रुपए और वनस्पति 14399. 03 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देशभर में....**

प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने से ठंड बढ़ गई है। पहाड़ों पर बर्फबारी का अनुमान है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई है, जिससे पारा 2-3 डिग्री सेल्सियस और गिर सकता है। कश्मीर में 21 दिसम्बर से 40 दिन तक चलने वाला सर्दियों का सबसे कड़ा दौर 'चिल्लई कलां' शुरू होगा। इस दौरान भीषण ठंड, बर्फबारी और पाला पड़ता है। पश्चिमी हिमालयी इलाकों में आखिरी बार 4 और 5 नवम्बर को अच्छी बारिश और बर्फबारी हुई थी। इससे पहले अक्टूबर के पहले हफ्ते में 2 अक्टूबर को हल्की और 6 अक्टूबर को भारी बर्फबारी हुई थी। उस समय जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल के ऊपरी इलाकों का करीब 80 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढक गया था। अब 18-19 दिसम्बर को फिर अच्छी बर्फबारी के आसार हैं।

**रामलीला मैदान...**

वोट चोरी कर चुनाव जीत रही है। असत्य के रास्ते पर चल रही हैं, लेकिन अंत में सत्य की ही जीत होनी है, भले ही इसमें कुछ देर हो जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि झूठ के कारण इनका आत्मविश्वास डगमगा रहा है, क्योंकि वे समझ गए हैं कि उनकी वोट चोरी की साजिश पकड़ी गई है। पूरे देश को इस सच का पता लगने वाला है, इसलिए दोनों घबराए हुए हैं और उनका आत्मविश्वास खत्म हो रहा है। इससे पहले श्रीमती वाड्रा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज संस्थाओं पर हमले हो रहे हैं, न्यायपालिका दबाव में है, कांग्रेस का बैंक अकाउंट बंद करवा देते हैं, कांग्रेस नेताओं को बिना प्रमाण के परेशान किया जा रहा है। ईडी को भेजा जा रहा है, छापे की कार्रवाई की जा रही हैं, सरकार किसी की सुनने को तैयार नहीं है, एसआईआर पर चर्चा करवाने की मांग की तो नहीं माने, आखिर में दबाव में आकर माने। उन्होंने कहा कि भाजपा अगर बैलेट पर चुनाव लड़े, वोट चोरी न करें, तो वह एक भी चुनाव नहीं जीत सकती है। चुनाव आयोग के बिना भाजपा चुनाव जीत ही नहीं सकती है। चुनाव आयोग सरकार की मदद कर रहा है और लोकतंत्र को खत्म रहा है। चुनाव की घोषणा से लेकर वोटर लिस्ट, मतदान, मतगणना, ईवीएम सबका इस्तेमाल आयोग भाजपा को मदद पहुंचाने के लिए कर रहा है। जनता का विश्वास भाजपा से, सरकार से, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से हट चुका है। उन्होंने सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि यहां सिर्फ संवैधानिक संस्थाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही है और चुनाव आयोग जैसी संस्था सरकार की गैर जिम्मेदार तरीके से मदद कर रही है। उसकी इस हरकत को इतिहास माफ नहीं करेगा।

# राणा बंधुओं की कंपनियों का लाइसेंस निरस्त

■ यूपी: कफ सिरप तस्करी मामले में एफएसडीए की कार्रवाई

**लखनऊ।** यूपी में कफ सिरप की अवैध तस्करी मामले में एफएसडीए ने विभोर राणा और उसके भाई विशाल की फर्मों का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। यह कार्रवाई लखनऊ में सामने आए उस नेटवर्क पर हुई है, जिसमें कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी यूपी समेत कई राज्यों और बांग्लादेश तक होने का आरोप है। मामला इसलिए अहम है क्योंकि यह ड्रग्स नियंत्रण और सीमा पार अवैध कारोबार से जुड़ा है।

एफएसडीए के अनुसार विभोर राणा के नाम से पंजीकृत जीआर ट्रेडिंग और विशाल के नाम से संचालित एवट हेल्थ केयर का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किया गया है। जांच में इन फर्मों की सप्लाई चेन, खरीद-बिक्री रिकॉर्ड और वितरण नेटवर्क में गंभीर अनियमितताएं पाई गईं। अधिकारियों का कहना है कि कागजी वैधता के आड़ में कोडीन युक्त कफ सिरप की बड़ी खेप विभिन्न राज्यों में भेजी गई। लखनऊ से संचालित इस नेटवर्क के तार पश्चिम बंगाल, असम, उत्तराखंड, बिहार और बांग्लादेश तक जुड़े होने के संकेत मिले हैं। लाइसेंस निरस्तीकरण को आगे की आपराधिक कार्रवाई का आधार माना जा रहा है।

### पूर्व सपा विधायक दीप नारायण की 21 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**झांसी।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक दीप नारायण यादव के खिलाफ पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 20 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट, डकैती और मारपीट जैसे गंभीर मामलों में की गई है। जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश पर झांसी पुलिस ने यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार पूर्व विधायक पर दर्ज मामलों में अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्ति को चिन्हित किया गया था। जांच के बाद प्रशासन ने मेडिकल ऑलेज के पीछे करगुवा मंदिर के पास स्थित करोड़ों की संपत्ति को कुर्क करते हुए मौके पर नोटिस बोर्ड भी लगाया है। बताया जा रहा है कि 21 नवंबर को मोंठ कोतवाली क्षेत्र में हुई मारपीट और डकैती की घटना के बाद से ही दीपनारायण यादव फरार चल रहे हैं। इस मामले में उन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जिसके बाद पुलिस ने उनकी संपत्तियों का ब्योरा जुटाकर कुर्की की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दीपनारायण यादव लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। हालांकि उन्होंने न्यायालय में सरेंडर की अर्जी दाखिल की है, जिस पर सुनवाई होनी है। वहीं पुलिस की ओर से गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं।

# निवेश बढ़ाया जाए और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार हो

■ सीआईआई ने बजट 2026 में प्राइवेट निवेश बढ़ाने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए सरकार को एक व्यापक निवेश रणनीति पेश की है। संगठन ने सुझाव दिया है कि बजट में सार्वजनिक, निजी और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, जिससे भारत की आर्थिक वृद्धि की गति बनी रहे और देश एक टिकाऊ विकास मार्ग पर आगे बढ़ सके।

सीआईआई ने वित्त वर्ष 2027 में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 12 प्रतिशत वृद्धि और राज्यों को दी जाने वाली पूंजीगत सहायता में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की सिफारिश की है। संगठन ने इसके साथ ही 2026-2032 के लिए 150 लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय अवसं. रचना पाइपलाइन (एनआईपी 2. 0)शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। इसका उद्देश्य देशभर में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को गति देना और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। बड़े निवेश और उत्पादन लक्ष्य हासिल करने वाली कंपनियों के लिए कर प्रोत्साहन और अनुपालन में ढील देने की सिफारिश की है। इसके तहत कंपनियों को नए निवेश, उत्पादन और कर योगदान में वृद्धि करने पर अतिरिक्त लाभ दिए जा सकते हैं। संगठन ने एनआरआई निवेश प्रोत्साहन कोष बनाने का भी सुझाव दिया है, जिसमें सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत तक हो सकती है। यह कोष एनआरआई, एफपीआई और अन्य संस्थागत निवेशकों को अवसंरचना और एआई जैसे क्षेत्र में निवेश के लिए आकर्षित करेगा।

# ट्रक ने कार में मारी टक्कर नहर में गिरने से बचा परिवार

## दौराला गंगनहर पुल पर हुआ हादसा, पुलिस ने चालक को लिया हिरासत में





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** थाना के दौराला गंगनहर पुल पर रविवार दोपहर नो एंटी होने के बावजूद नगर में प्रवेश करने का प्रयास कर रहें एक ट्रक ने पीछे से कार में टक्कर मारते हुए 20 मीटर तक घसीटता हुआ ले गया। गनीमत यह रही कार गंगनहर में गिरने से बच गई। बामुश्किल पुलिस व लोगों ने ट्रक के ड्राइवर को रोकते हुए पकड़ लिया, पीड़ित ने पुलिस चौकी पर तहरीर दे दी है, पुलिस ने आरोपी चालक व ट्रक को हिरासत ले लिया है।

वजीरपुर दिल्ली के निवासी वाशिद पुत्र सिराज अपनी पत्नी किस्वर जहां भाई दानिश उसकी पत्नी माफिया खान अन्य 4 बच्चों के अपनी वैगनआर कार में सवार होकर सरधना के मोहल्ला शेखान में रिश्तेदारी में आ रहा था। रविवार दोपहर करीब 1 बजे दौराला गंगनहर पुल पर पीछे से आ रहें ट्रक ने कार में जोरदार टक्कर मार दी, टक्कर लगते ही कार घूम गई, और ट्रक के साथ 20 मीटर तक कार को घसीसता हुआ ले लिया, गनीमत यह रही कि कार गंगनहर पुल पर डिवाइडर के पास जाकर रूक गई, वरना नहर में कार गिरने से बड़ा हादसा हो सकता था। मौके पर मौजूद लोगों व पुलिस ने ट्रक को रोकते हुए डाईवर को हिरासत में ले लिया। सूचना पाकर वाशिद के रिश्तेदार व ट्रक का मालिक भी पुलिस चौकी गंग. नहर पर पहुंच गए, कार चालक ने तहरीर दे दी है। देर शाम तक गणमान्य लोगों के साथ मिलकर दोनों पक्षों के बीच समझौते के प्रयास जारी थे।

## पारिवारिक विवाद को लेकर दो महिलाओं में मारपीट, दोनों घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना थाना क्षेत्र के कपसाढ़ गांव में पारिवारिक विवाद को लेकर पड़ोस में रहने वाली दो महिलाओं के बीच जमकर मारपीट हो गई। घटना में दोनों महिलाएं घायल हो गईं। मिली जानकारी के अनुसार गांव में नरेश और अनुज के परिवार पास-पास रहते हैं। घायल प्रियंका ने बताया कि उसके पति अनुज का नरेश के घर काफी दिनों से आना-जाना है, जिसको लेकर वह लगातार विरोध करती आ रही है। इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच पहले से ही आपसी रंजिश चल रही थी। वहीं नरेश की पत्नी उषा ने आरोप लगाया कि प्रियंका उसकी पुत्री को बदनाम करने का प्रयास कर रही है। इसी बात को लेकर रविवार दोपहर करीब एक बजे वह अपनी पुत्री के साथ प्रियंका के घर बातचीत के लिए गई थी। आरोप है कि वहां पहुंचते ही प्रियंका ने उस पर हमला कर दिया, जिसके बाद दोनों महिलाओं के बीच मारपीट हो गई। इस झगड़े में दोनों को चोटें आईं। पुलिस ने दोनों पक्षों को थाने बुलाया और घायलों को इलाज के लिए भेज दिया।

# पेड़ से टकराई कार, दिल्ली के दो युवकों की मौत

## दोस्त की शादी में जा रहे थे युवक, दो हुए गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** परीक्षितगढ़ मार्ग पर आरके भट्टे के पास एक इगनिस कार बेकाबू होकर पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में दिल्ली से दोस्त की शादी में शामिल होने आए चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने घायलों को किठौर के 50 शैय्या अस्पताल पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया। तीन अन्य घायलों को मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर दूसरे युवक ने भी दम तोड़ दिया। अन्य दो घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। हालांकि, मृतकों की आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो पाई है। यह घटना रविवार दोपहर करीब 2:30 बजे हुई।



किठौर के बोंद्रा गांव निवासी इमरान पुत्र सगीर की शादी में शामिल होने के लिए उसके महरौली, दिल्ली निवासी दोस्त अख्तर रजा, यासीन, शाहनवाज और आसिफ दिल्ली से आ रहे थे। वह मारुति इगनिस DL12 CS 3516 में सवार होकर दिल्ली वाया मेरठ, परीक्षितगढ़ होते हुए बोंद्रा जा रहे थे। कार आसिफ चला रहा था। जब उनकी कार किठौर परीक्षितगढ़ मार्ग पर आरके ईंट भट्टे के पास पहुंची, तो तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े लिपटिस के पेड़ से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और चारों दोस्त गंभीर रूप से घायल हो गए। जोरदार टक्कर की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस व एंबुलेंस को सूचना दी। पुलिस और एंबुलेंस की मदद से ग्रामीणों ने घायलों को किठौर के 50 शैय्या अस्पताल पहुंचाया। वहां डाक्टरों ने अख्तर रजा को मृत घोषित कर दिया। यासीन, इमरान और आसिफ को मेरठ मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही यासीन ने भी दम तोड़ दिया। आसिफ और इमरान की हालत गंभीर बताई जा रही है। इमरान की बारात शाम पांच बजे बोंद्रा से मेरठ के लिसाड़ी रोड नूरनगर जानी थी। शादी की तैयारियां चल रही थीं, तभी हादसे की खबर पहुंची। दोस्तों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना मिलने पर इमरान को गहरा सदमा लगा।

# दवा व्यापारियों ने हाईकोर्ट बेंच की मांग का किया समर्थन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हाईकोर्ट बेंच की लंबे समय से चली आ रही मांग के समर्थन में जिला मेरठ बार एसोसिएशन द्वारा 17 दिसंबर को प्रस्तावित हाईकोर्ट बंद एवं मेरठ बंद को जिला मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन तथा मेरठ सर्जिकल संगठन ने पूर्ण समर्थन देने की घोषणा की है। दवा व्यापारियों ने कहा कि हाईकोर्ट बेंच की मांग बेहद पुरानी और जनहित से जुड़ी है, जिसका वे पूर्ण समर्थन करते हैं। उनका कहना है कि बेंच की स्थापना से पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोगों को सुलभ व शीघ्र न्याय मिलेगा। इस अवसर पर जिला मेरठ केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र भसीन, महामंत्री रजनीश कौशल, कोषाध्यक्ष मोइनुद्दीन गुड्डू, संगठन मंत्री सुनील अग्रवाल, उपाध्यक्ष राजीव ग्रोवर, हेमंत बंसल, आसाब, टीटू खालिद सहित मेरठ सर्जिकल संगठन के अध्यक्ष मनोज शर्मा एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## मदनी साहब माहौल को समझे और संयम बरते

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** पिछले कुछ दिनों से बड़े इस्लामिक विदवान मौलाना महमूद मदनी वंदे मातरम के गायन को लेकर कुछ न कुछ टिप्पणी कर रहे हैं। यह उनकी निजी भावना हो सकती है जिनका सम्मान भी देश की सरकार को करना चाहिये। लेकिन मदनी साहब कोम को टारगेट करके टिप्पणी कर रहे है जिसका समर्थन काफी अन्य इस्लामिक विदवान भी नहीं कर रहे हैं। और कुछ तो खुलकर उनका विरोध भी कर रहे हैं। उन्हे समझना चाहिये कि मध्य प्रदेश में पांच योजनाओं से बीजेपी सत्ता पर काबिज है केंद्र में भी नरेन्द्र मोदी सत्ता की हैट्रिक लगा चुके है। यूपी और उत्तराखंड में तथा हरियाणा में भी लगातार भाजपा सरकार है अब गुजरात बहुत पीछे छूट चुका है ऐसे में कोई भी कोम को उकसाने वाला भाषण कोम के हित में नहीं है।

# ओवरलोड गन्नें के ट्रक दें रहें हादसों को दावत

## बड़े हादसे का इंतजार कर रहा सरधना प्रशासन, कब मिलेगा समस्या से छुटकारा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर और इसके आसपास के मार्गों से प्रतिदिन गुजर रहे ओवरलोड गन्ने से लदे ट्रक आमजन की जान के लिए गंभीर खतरा बनते जा रहे हैं। गन्ना सीजन शुरू होते ही सड़कों पर बेकाबू रफ्तार और क्षमता से अधिक भरे ट्रक दिखाई देने लगते हैं, लेकिन इन पर अंकुश लगाने के लिए जिम्मेदार विभागों की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। प्रशासन की यह उदासीनता किसी बड़े हादसे को खुला न्योता देने जैसी है।

रविवार दोपहर दौराला गंगनहर पुल पर एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। गन्ने से लदा एक ओवरलोड ट्रक सामने से आ रहे दूसरे ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ट्रक पुल पर ही असंतुलित होकर गिरने की कगार पर पहुंच गया। कुछ देर के लिए पुल पर यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। मौके पर मौजूद लोग सहम गए और चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर पुलिस और क्रेन मौके पर पहुंची, जिसके बाद काफी मशक्कत के बाद ट्रक को हटाया जा सका। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरधना क्षेत्र में ओवरलोड गन्ना ट्रकों की समस्या वर्षों पुरानी है। खासकर गन्ना मिलों तक गन्ना पहुंचाने के चक्कर में ट्रक संचालक नियमों को ताक पर रखकर क्षमता से कहीं अधिक गन्ना भरकर सड़कों पर उतर जाते हैं। संकरी सड़कों, पुलों और बाजारों से गुजरते समय ये ट्रक कभी भी अनियंत्रित हो जाते हैं, जिससे राहगीरों, दोपहिया वाहन चालकों और स्कूली बच्चों की जान हर समय खतरे में बनी रहती है। पूर्व में भी सरधना नगर और आसपास के क्षेत्रों में ओवरलोड गन्ना ट्रकों के कारण कई दर्दनाक हादसे हो चुके हैं। इन हादसों में कई निर्दोष लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी, वहीं कई परिवार हमेशा के लिए उजड़ गए। इसके बावजूद न तो नगर पालिका, न ही पुलिस प्रशासन और न ही परिवहन विभाग ने कोई स्थायी समाधान निकाला है। स्थानीय नागरिकों और सामा. जिक संगठनों का आरोप है कि प्रशासन केवल हादसा होने के बाद ही जागता है। न तो गन्ना सीजन के दौरान विशेष चेकिंग अभियान चलाया जाता है, न ही ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ सख्त चालान और कार्रवाई की जाती है। कई बार शिकायतें देने के बावजूद स्थिति जस की तस बनी हुई है। लोगों ने मांग की है कि गन्ना सीजन के दौरान नगर क्षेत्र में ओवरलोड ट्रकों के प्रवेश पर रोक लगाई जाए, उनके लिए अलग समय और मार्ग निर्धारित किए जाएं, तथा पुलों और व्यस्त बाजारों में सख्त निगरानी रखी जाए। साथ ही ओवरलोडिंग करने वाले ट्रक मालिकों और चालकों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी बड़े हादसे से पहले ही हालात पर काबू पाया जा सके।



# शोभित विवि में फ्यूजन 2025 फ्रैशर पार्टी का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शोभित विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ कम्प्यूटेशनल साइंसेज एंड इंजीनियरिंग द्वारा नवप्रवेशी विद्यार्थियों के स्वागत हेतु आयोजित फ्यूजन 2025 फ्रेशर पार्टी अत्यंत सुव्यवस्थित, गरिमामय एवं उत्साह पूर्ण वातावरण में सफलता पूर्वक संपन्न हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ विधिवत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ किया गया। जिसने पूरे आयोजन को एक सकारात्मक और प्रेरणादायी स्वर प्रदान किया।



इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. विनोद त्यागी एवं प्रति कुलपति प्रो. जयानंद की गरिमा मयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निदेशक प्रो. संदीप कुमार ने विद्यार्थियों को अनुशासन, नवाचार एवं सतत् सीखने के महत्व से अवगत कराया। कुलपति प्रो. विनोद त्यागी ने अपने प्रेरणादायी उद्‌बोधन में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को आत्म विश्वास के साथ लक्ष्य निर्धारण करने तथा अपने शैक्षणिक व व्यक्तिगत विकास की दिशा में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की श्रृंखला में छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन करते हुए उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। नीलाक्षी एवं मोनिका द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक नृत्य ने भारतीय सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक प्रस्तुत की। शीतल के मधुर गायन, चंदन कुमार, रिया वर्मा तथा क्रेजी बॉयज समूह की ऊर्जावान नृत्य प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहीं। मुस्कान एवं दीवाकर यादव की भावपूर्ण शायरी ने कार्यक्रम में साहित्यिक सौंदर्य जोड़ा। कार्यक्रम का एक विशेष आकर्षण रैंप वॉक रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने देश की विविध परंपराओं एवं संस्कृतियों को दर्शाते हुए पारंपरिक परिधानों में आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुति दी। यह प्रस्तुति एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को जीवंत रूप में प्रस्तुत करती हुई अत्यंत सराहनीय रही। अंतिम चरण में रुही एवं मुस्कान के समूह नृत्य ने कार्यक्रम का प्रभाव शाली एवं यादगार समापन किया। फ्रेशर टाइटल सेरेमनी में आस्था को मिस फ्रेशर एवं मीर ताहा को मिस्टर फ्रेशर के खिताब से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संपूर्ण संचालन प्रो. राजेश पांडेय के कुशल निर्देशन में अत्यंत सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। पूरे आयोजन के दौरान विद्यार्थियों की सक्रिय सहभागिता, अनुशासन एवं उत्साह सराहनीय रहा। फ्यूजन 2025 न केवल नवप्रवेशी विद्यार्थियों के लिए एक अविस्मरणीय अनुभव बना, बल्कि यह शोभित विश्वविद्यालय की सुदृढ़ शैक्षणिक सांस्कृतिक परंपरा, अनुशासित वातावरण एवं समग्र छात्र विकास की प्रतिबद्धता का सशक्त प्रतीक भी सिद्ध हुआ।

## मीडिया भी अधिवक्ताओं के साथ है! लेकिन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** हाईकोर्ट बैंच की मांग को लेकर अधिवक्तागण केंद्र व राज्य सरकार पर दबाव बनाने के लिए ऐतिहासिक मेरठ बंद करने जा रही है। अधिवक्ताओं के इस महान कार्य में संपूर्ण मीडिया प्लेटफार्म अधिवक्ताओं के साथ है लेकिन कुछ अधिवक्ता कह रहे है कि हम 15 व 16 में भी अदालतों में काम नहीं होने देंगे। जो कि गलत है। क्योंकि तीन दिन वादकारी को वाद की जानकारी से वांछित रखना कही न कही वादकारी के साथ अत्याचार ही है। इस कारण हमारा समस्त सम्मानित अधिवक्ता साथियों से निवेदन है कि वह 15 और 16 अर्थात आज और कल न्यायिक कार्य को सुचारू चलने दें। क्यों कि वारंट होने का डर, वाद खारिज होने का डर लोगों के मन में रहता ही है। इस कारण अधिवक्तागण भी अपनी जिम्मेदारी को समझे जहां तक 17 तारीख का बंद है तो जगह-जगह से अधिवकताओं को इसके समर्थन को लेकर पत्र मिल रहे है। मीडिया भी उनके साथ है।

# 20 वर्षो से नि:संतान दंपति की सूनी गोद भर रहा डॉक्टर सिंह टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर

## हर वर्ष की भांति केक काट कर मनाया स्थापना दिवस



- बड़ी संख्या में शामिल हुए सेन्टर के सदस्य व दंपति





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सिविल लाइन्स स्थित डॉ. सिंह टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर ने रविवार को अपना 20वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया। वर्ष 2005 में डॉ. अनिरुद्ध सिंह एवं डॉ. शशी सिंह द्वारा स्थापित इस आधुनिक सेंटर ने बीते दो दशकों में हजारों नि:संतान दंपतियों के जीवन में खुशियां भरने का कार्य किया है।

स्थापना दिवस कार्यक्रम में डॉ. दंपती ने बताया कि 20 वर्ष पूर्व टेस्ट ट्यूब तकनीक को शुरू करना एक बड़ी चुनौती थी, क्योंकि उस समय लोगों में इस प्रक्रिया को लेकर जानकारी का अभाव और कई भ्रांतियां थीं। सीमित संसाधनों के बीच अखबारों और सेमिनारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। उन्होंने इस क्षेत्र का पहला टेस्ट ट्यूब बेबी, पहला जुड़वां और पहला ट्रिपलेट बेबी विकसित कर इतिहास रचा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में टेस्ट ट्यूब बेबी एवं उनके माता-पिता शामिल हुए। बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, केक काटा गया और सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण भी किया गया। अंत में डॉ. अनिरुद्ध सिंह व डॉ. शशी सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए अगले वर्ष फिर मिलने का संदेश दिया।

# डी मोनफोर अकादमी में ग्रैंड पेरेंट्स-डे पर झूमे छात्र और छात्राएं



- नन्हे छात्रों ने दिखाई नृत्य की शानदार प्रस्तुति
- दादा और दादियों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** डी मोनफोर अकादमी में ग्रैंड पेरेंटस-डे का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय को सुंदर रूप से सजाया गया। सभी दादा दादियों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई।

नन्हे मुन्ने बच्चों ने रंग-बिरंगे परिधानों में शानदार नृत्य प्रस्तुत किए। बच्चों की मासूम अदाओं और आत्मविश्वास ने पूरे वातावरण को हर्ष से भर दिया। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि दादा-दादी ने भी बच्चों के साथ मंच पर आकर नृत्य किया। उनके उत्साह मुस्कान को देखकर सभी ने खूब तालियां बजाई। इस कार्यक्रम बच्चों और उनके दादा दादियों के बीच के प्रेम और अपने पन को और भी गहरा कर दिया। बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों के द्वारा दादा- दादी के महत्व को सुंदर रूप में दर्शाया। जिसे देखकर सभी दादा दादी भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. समीर वर्मा ने बच्चों के साथ अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि दादा-दादी परिवार की अमूल्य धरोहर होते हैं। इस अवसर पर विद्यालय की निर्देशिका डॉ. गरिमा वर्मा ने भी अपने विचार व्यक्त किए उन्होंने कहा इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक होते हैं। विद्यालय की उप प्रधानाचार्या रितु चिकारा ने भी कहा दादा दादी के संस्कार और अनुभव बच्चों के उज्जवल भविष्य की नींव रखते हैं। सभी दादा-दादियों का धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम का समापन किया गया। ग्रैंड पेरेंट्स-डे का यह आयोजन सभी के लिए एक यादगार और भावनात्मक कार्यक्रम रहा। सभी दादा दादियों को गुलदस्ता देकर उनका सम्मान किया।

## ई-रिक्शा चालकों के एकता सम्मेलन में जुटी भीड़, सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को ई- रिक्शा चालक वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा दुर्गा मंदिर नौचंदी में मेरठ के ई रिक्शा चालकों के लिए एक भव्य एकता सम्मेलन का आयोजन हुआ इस सम्मेलन में हजारों की संख्या में ई रिक्शा चालक मौजूद रहे।

रिक्शा यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष विशाल कौशिक ने ई- रिक्शा चाल. कों की समस्या को लेकर एमएलसी धर्मेंद्र भारद्वाज और पूर्व एमएलसी सरोजनी अग्रवाल जनप्रतिनिधियों को एक मांग पत्र मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम से दिया। प्रदेश अध्यक्ष ई-रिक्शा विशाल कौशिक ने कहा कि ई रिक्शा चालकों का आयुष्मान कार्ड बनना चाहिए। ई-रिक्शा चालकों की बेटियों के लिए दो लाख का अनुदान मिलना चाहिए। मेरठ शहर की जाम की स्थिति को देखते हुए रिक्शा चालकों को स्टैंड मिलनी चाहिए अगर किसी रिक्शा चालक की रोड पर एक्सीडेंट में मौत हो जाती है तो उन्हें 5 लाख का मुआवजा दिया जाए। इस सम्मेलन में मुख्य रूप से विशाल कौशिक प्रदेश अध्यक्ष ई रिक्शा यूनियन, जित. ेंद्र, सूर्यवंशी, विश्वनाथ, सचिन शर्मा, नरेंद्र शर्मा, उमाशंकर खटीक, अमित गुप्ता, राजेश मैडोना, संदीप अरोरा, कपिल आदि मौजूद रहे।

## लाइसेंसी बंदूक से गोली चलाने वाला दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** थाना क्षेत्र के ग्राम बहादरपुर में दो सप्ताह पूर्व खेत की मेड को लेकर दो भाइयों में हुए विवाद में पुलिस ने आरोपी को बंदूक के साथ गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया। ग्राम बहादरपुर निवासी दो सप्ताह पूर्व हरवीर अपनी पत्नी रोशनी पुत्र गजेंद्र के साथ खेत पर काम कर रहा था छोटे भाई जयवीर से मेड को लेकर विवाद हो गया जिसमें जयवीर ने अपनी लाइसेंसी बंदूक से गोली चला दी जिसमें छर्रे लगने से हरवीर पत्नी रोशनी पुत्र गजेंद्र घायल हो गए। पीड़ित की पत्नी रोशनी ने जयवीर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। थाना पुलिस ने रविवार मुखबिर की सूचना पर जयवीर पुत्र अनूप निवासी ग्राम बहादरपुर को बंदूक के साथ उसके घर से गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है।



**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# छात्रा ने की सुसाइड, बिल्डिंग से लगाई छलांग

■ पुलिस सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्रा पढ़ाई के दबाव और मानसिक तनाव से जूझ रही थी।



**गाजियाबाद।** रविवार को शालीमार सिटी इलाके में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 10वीं कक्षा में पढ़ने वाली 15 वर्षीय छात्रा ने कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार, छात्रा ने एक हाई-राइज इमारत से छलांग लगाई, जिसके बाद उसकी मौके पर ही हालत गंभीर हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और छात्रा को तत्काल पास के अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) शालीमार गार्डन अतुल कुमार सिंह ने बताया कि छात्रा के पास से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि छात्रा पढ़ाई के दबाव और मानसिक तनाव से जूझ रही थी। हालांकि, आत्महत्या के पीछे की असल वजह का पता लगाने के लिए हर पहलू से जांच की जा रही है। एसीपी ने बताया कि यह भी जांच की जा रही है कि छात्रा ने इमारत की किस मंजिल से छलांग लगाई। उन्होंने बताया कि पीड़िता का परिवार सोसाइटी की दूसरी मंजिल पर रहता है।

## पुलिस ने दर्ज मामला किया

■ घटना के बाद इलाके में शोक का माहौल है। छात्रा के परिजनों से पूछताछ की जा रही है और उनके बयान दर्ज किए जा रहे हैं। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है, जिसकी रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों को लेकर स्थिति और स्पष्ट हो पाएगी।पुलिस का कहना है कि यदि जांच में किसी तरह की लापरवाही या अन्य कारण सामने आते हैं, तो उसके अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

# गुलमोहर एन्क्लेव में कार्यकारिणी का गठन, गिरी बने अध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राकेश मार्ग स्थित गुलमोहर एन्क्लेव सोसाइटी में आरडब्लूए चुनाव के बाद कार्यकारिणी का गठन लंबे इंतजार के बाद रविवार को हो गया।बैठक में बिजेंद्र गिरी को आरडब्लूए का अध्यक्ष चुना गया है। वहीं चुनाव जीतने के बाद भी रश्मि चौधरी और राजकिशोर शर्मा ने कोई भी पद लेने से स्वत: ही इंकार कर दिया लेकिन वह कार्यकारिणी सदस्य के तौर पर आरडब्लूए में बने रहेंगे। रविवार को सोयायटी के मैनेजर राहुल त्यागी के कार्यालय पर बैठक बुलाई गई थी जिसमें सर्वसम्मति से बिजेंद्र गिरी को अध्यक्ष, ए. के दोहरे को सचिव, किंशुक बंसल कोषाध्यक्ष, डॉक्टर सीमा गुप्ता को उपाध्यक्ष चुना गया। पद की पेशकश करने पर रश्मि चौधरी व राजकिशोर शर्मा ने कोई भी पद लेने से इंकार करते हुए कार्यकारिणी के सदस्य के रूप में ही लोगों की सेवा करने की बात कही। जिसके बाद रश्मि चौधरी, राज किशोर शर्मा, अंकित सहदेव, सतीश सिंघल, मनवीर सिंह व विनोद गुप्ता कार्यकारिणी सदस्य के पद पर रहेंगे। इस मौके पर बिजेंद्र गिरी ने कहा कि कार्यकारिणी में उन्हें अध्यक्ष बनने का मौका मिला है। चुनाव लड़ने से पहले किये गए सभी वायदों को पूरा करने का प्रयास किया जाएगा।

रश्मि चौधरी और राजकिशोर शर्मा ने कहा कि स्थानीय निवासियों की आरडब्लूए से जुड़ी सभी समस्याओं का निराकरण किया जाएगा। वहीं कार्यकारिणी का गठन होने के बाद दिनेश सिंह व रामशरण जग्गा ने कहा कि चुनाव के बाद से ही उनके द्वारा लगातार कार्यकारिणी के गठन के लिए कहा जा रहा था। आखिरकार दो माह बाद यह अवसर आ ही गया कि सोसायटी को अब नई कार्यकारिणी मिल गई है। जिसके बाद सोसायटी के बड़े खर्चों पर लगी रोक भी हट जाएगी। कार्यकारिणी का गठन होने पर रामनिवास यादव, आशीष यादव, विकास शर्मा व प्रमोद कुमार ने बिजेंद्र गिरी को उनके कार्यालय पर जाकर बुके देकर बधाई दी।

# पूर्व सैनिक संघ का विजय दिवस समारोह 16 को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** पूर्व सैनिक संघ मोदीनगर का विजय दिवस समारोह 16 दिसम्बर को यहां रेलवे रोड स्थित मेजर आशाराम त्यागी प्रतिमास्थल पर आयोजित किया जाएगा। यह जानकारी देते हुए पूर्व सैनिक संघ के संयोजक ब्रजभूषण अग्रवाल, अध्यक्ष सुनील त्यागी व सचिव धीरेंद्र शर्मा ने यहां एक संयुक्त वक्तव्य में बताया कि उ0प्र0 के राज्यमंत्री संजीव गोयल की अध्यक्षता में होने वाले विजय दिवस समारोह में प्रदेश के राज्यमंत्री केप्टन विकास गुप्ता व विधायक डा0 मंजू शिवाच बतौर मुख्य अतिथि शिरकत करेंगे।

इसके अलावा मेरठ के सेवानिवृत्त कर्नल एसपी सिंह, 35 यूपी एनसीसी वाहिनी मोदीनगर के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल पीयूष सिंह, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड गाजियाबाद के सचिव प्रवेश सिंह आदि बतौर विशिष्ट अतिथि भाग लेंगे। उ0प्र0 के पूर्व राज्यमंत्री रामकिशोर अग्रवाल, पूर्व विधायक पं0 सुदेश शर्मा, नगर पालिकाध्यक्ष विनोद वैशाली, पूर्व पालिका चेयरमैन पं0 रामआसरे शर्मा, शिक्षाविद नीरज त्यागी, भोजपुर की ब्लाक प्रमुख सुचेता सिंह, रालोद प्रदेश सचिव रणवीर सिंह दहिया आदि आमंत्रित अतिथि भाग लेंगे।

# गुरुद्वारा गांधीनगर में किया गया मेडिकल कैम्प का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गुरुद्वारा गांधीनगर में गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी व आईएमए डॉक्टरों की टीम के द्वारा फ्री मेडिकल चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। मेडिकल कैम्प में जरूरतमंद लोगों ने गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर बहुत अधिक संख्या में लाभ उठाया। गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू ने बताया कि इस तरीके के परमार्थ के काम अलग अलग गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के द्वारा समय समय पर निरंतर किए जाते हैं और किए जाते रहेंगे। हर समाज में हर जाति में कुछ ऐसे परिवार होते हैं जो महंगाई होने की वजह से डॉक्टरों की फीस बहुत अधिक हो जाने पर फायदे के लिए खाए जाने वाली दवाइयों की कीमत बहुत अधिक होने पर अपना प्रॉपर इलाज नहीं करा पाते हैं जिसका वक्त निकल जाने पर शारीरिक रूप से काफी नुकसान इंसान को झेलना पड़ता है।



ऐसे जरूरतमंद लोगों के लिए इस तरीके के फ्री चेकअप कैंप अलग अलग गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियां करती रहती हैं। इसी कड़ी में यह कैंप गुरुद्वारा गांधीनगर प्रबंधक कमेटी के द्वारा लगाया गया जिसका लाभ कई परिवारों को मिला। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव चौधरी आडिशनल पुलिस आयुक्त क्राइम के द्वारा किया गया। सबसे पहले गुरु ग्रंथ साहब जी के सामने नकमस्तक होकर फीता काटकर कार्यक्रम की शुरुआत की गई आए हुए मुख्य अतिथियों का गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की तरफ से गुलदस्ता देकर फूल मालाओं के द्वारा स्वागत किया गया। गुरुद्वारा साहिब पहुंचे हुए मुख्य अतिथि केशव चौधरी के द्वारा अपने संबोधन में चेक-अप कैंप से संबंधित क्या क्या लाभ होते हैं और गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटियों के द्वारा समय समय पर धर्मार्थ के जो काम किए जाते हैं सेवाओं से संबंधित अच्छे कार्य की सराहना भी की गई।

गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी गांधीनगर के मुख्य पदाधिकारियों में प्रधान सरदार जगमोहन सिंह उपाध्यक्ष सरदार हरविंदर सिंह कोषाध्यक्ष सरदार राजिंदर सिंह जग्गी सुरेंद्र सिंह सेठी गुरुद्वारा सिंह सभा के चेयरमैन हरमीत सिंह गुरुद्वारा सिंह सभा के प्रधान इंद्रजीत सिंह टीटू सिंह सभा के महामंत्री एसपी सिंह ओबेराय सेक्टर 10 गुरुद्वारा के चेयरमैन मंजीत सिंह सेठी भारतीय जनता पार्टी के नेता सरदार एसपी सिंह सरदार कुलवंत सिंह नवजोत सिंह आदि उपस्थित रहे।

# काशी घाट और अवध की तहजीब से लेकर बृज की रासलीला को प्रदर्शित किया

**गाजियाबाद।** नेहरू नगर स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय सभागार में रविवार को सलवान पब्लिक स्कूल ने धूमधाम से वार्षिक समारोह का आयोजन किया। इसमें नाटकों के जरिए उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को समझाया गया। उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत पर आधारित कार्यक्रम में छात्रों ने काशी के घाटों से लेकर बृज की रासलीला और अवध की तहजीब से लेकर बुंदेलखंड के शौर्य तक प्रदेश की विविधता, रंग, ताल और भाव का शानदार प्रदर्शन किया। इसमें छात्रों ने प्रदर्शनी के जरिए प्राचीन भारत से लेकर आधुनिक भारत में महिला सशक्तिकरण की मिसाल धुरंधर महिलाओं की कहानियों को प्रदर्शित किया।

### गढ़वाल भवन में आयोजित हुआ पीएटीए - 2025

# गाजियाबाद के कलाकारों और फिल्म निर्माताओं की रही भागीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम के संजय चौहान 'पहाड़ी घरात', रजनी ढोण्डियाल जोशी, और प्रताप विहार के धनराज नेगी व आयुषी जुयाल को सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिये 'श्री सम्मान -2025' से सम्मानित किया गया। प्रज्ञा आर्ट्स का उत्तराखण्डी रंगमच को समर्पित सालाना कार्यक्रम पीएटीए -2025। आयोजन कई कार्यक्रमों का एक सुंदर मिश्रण गुलदस्ता रहा जिसमें उत्तराखण्डी सुंदरता और समझदारी पर आधारित सौंदर्य प्रतियोगिता 'बांद पहाड़न-2025' था, तो उत्तराखण्डी फिल्मों के भविष्य पर आधारित 'गति-नियति' था जिसमें उत्तराखण्डी फिल्मों के निर्माताओं से चर्चा 'संवाद सत्र' का कार्यक्रम था, जिसमें निर्माता संजय जोशी, सुधीर धर, मनोज चंदोला एवं राकेश गौड़ ने उत्तराखण्डी फिल्मों के वर्तमान एवं भविष्य पर अपने विचार साझा किए। जिसमें महेंद्र लटवाल, चन्द्रा बिष्ट व पदमेन्द्र रावत को उनके उत्तराखण्डी रंगमंच को आजीवन समर्पण के लिए सम्मानित किया गया। वही उत्तराखण्डी रंगमच के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिये प्रज्ञा आर्ट्स थियेटर आवर्ड्स-2025 भी प्रदान किये गए। अभिनय के क्षेत्र में नवोदित कलाकार कुलदीप असवाल व ममता कर्नाटक को, लेखन के क्षेत्र में गिरधारी रावत को व निर्देशन के क्षेत्र में अखिलेश भट्ट को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि 'समन्वयक मीडिया, मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड मदनमोहन सती व विशिष्ट अतिथि संजय जोशी व सुधीर धर रहे, जिन्हें 'प्रज्ञा आर्ट्स' की अध्यक्षा 'लक्ष्मी रावत' ने स्मृति चिन्ह व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया।



# सुसंस्कारित मानव ही राष्ट्र की धरोहर है: डॉ. नवनीत प्रिय दास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय ध्यान योग संस्थान द्वारा शीत योग शिविर एवं यज्ञ का आयोजन ग्राम कुर्सी में किया गया। योग शिक्षक राजेश शर्मा ने ओम की ध्वनि,गायत्री मंत्र से सत्र को प्रारंभ किया।उन्होंने साधकों को सूक्ष्म व्यायाम, हाथों, पैरों और गर्दन के अभ्यास कराए एवं लाभों की चर्चा की। मंच संचालक एवं योग शिक्षक प्रदीप त्यागी ने साधकों को वीरेचन क्रिया, आर्ट ऑफ लिविंग भास्रिका, प्राणायाम, दीर्घ श्वसन,कपाल शोधन,भ्रामरी का अभ्यास कराया और उसके लाभों की चर्चा करते हुए बताया कि इस क्रिया से तन,मन और श्वासें शांत होती हैं। संस्थान के उपाध्यक्ष मनमोहन वोहरा ने साधकों को अनुलोम विलोम के रहस्य बताते हुए कहा भाव,अनुभव और प्रार्थना से आप रोग मुक्त हो सकते हैं।



संस्थान के अध्यक्ष के के अरोडा ने कर्णरोगान्तक प्राणायाम का अभ्यास कराया और बताया इससे श्रवण शक्ति बढ़ती है। योगी प्रवीण आर्य,अशोक शास्त्री एवं प्रदीप गुप्ता ने ईश्वर भक्ति के गीत सुनाये जिसे सुनकर श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। संस्कार उपवन के संस्थापक एवं मुख्य वक्ता डॉ नवनीत प्रियदास ने कहा की संस्कार उपवन को स्थापित करने का हमारा उद्देश्य बच्चों को सुसंस्कारित करना है क्योंकि सुसंस्कारित मानव ही राष्ट्र की धरोहर है। संस्थान के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक शास्त्री ने सभी को तालिवादन व हास्यासन कराया जिससे सभी में ऊष्मा का संचार हो गया।पश्चात् सभी ने ताजे गंन्नो का रसास्वादन किया। संस्थान के मंत्री दयानन्द शर्मा ने कहा कि योग हमारे मन मस्तिष्क को ठीक करता है,इससे हम तनाव मुक्त रहते हैं। योग शिक्षिका वीना वोहरा,मीता खन्ना, सीमा गोयल, सुमन भारती आदि ने वैदिक प्रार्थना व शांतिपाठ के साथ कार्यक्रम सम्पन्न कराया एवं प्रीतिभोज लेकर साधकों ने प्रस्थान किया।

# बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** अखिल त्यागी ब्राह्मण व त्यागी जागृति समिति बसंतपुर संतली द्वारा बार एसोसिएशन गाजियाबाद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी,सचिव वरुण त्यागी एव मोदीनगर बार एसोसिएशन के सचिव नकुल त्यागी का सम्मान समारोह गाजियाबाद में आयोजित गया जिसमे मुख्य अतिथि केसी त्यागी व एस पी त्यागी आदि रहे। जिसमे प्रेमचनद त्यागी / अनिल त्यागी असल्तनगर/ ध्यानेंद्र त्यागी / अनिल त्यागी मुबारकपुर / राजकुमार त्यागी काकड़ा/ महेश त्यागी / मनोज त्यागी / डॉ परमोद त्यागी /तपेश्वर त्यागी /प्रेमदत्त त्यागी /अरुण त्यागी /आदि मौजूद रहे।

# एबीवीपी 12 से 23 जनवरी तक युवा उत्सव मनाएगा

**गाजियाबाद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) गाजियाबाद महानगर ने रविवार को कार्यकारिणी बैठक का आयोजन किया। इसमें बताया गया कि संगठन 12 से 23 जनवरी तक युवा उत्सव का आयोजन करेगा। बैठक में महानगर सहमंत्री सलोनी सिंह ने बताया कि पिछले दिनों देहरादून में हुए राष्ट्रीय अधिवेशन में राष्ट्रीय कार्यकारिणी की घोषणा हुई। इसमें गाजियाबाद के विभाग संगठन मंत्री सिद्धार्थ स्वामी को राष्ट्रीय कार्यकारिणी का सदस्य बनाया गया है। महानगर सहमंत्री निखिल डड्रियल ने बताया कि संगठन 12 जनवरी को स्वामी विवेकानंद की जयंती से लेकर 23 जनवरी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती तक युवा उत्सव का आयोजन करने जा रहा है।

# संतोष एकेडेमिया ने किया पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** संतोष एकेडेमिया द्वारा आयोजित सेट 2025 (संतोष एकेडेमिया टैलेंट एग्जामिनेशन 2025) परीक्षा के पुरस्कार वितरण समारोह का संतोष मेडिकल कॉलेज के प्रांगण में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में उपरोक्त परीक्षा में सफल हुए विद्यार्थियों को मेडल, सर्टिफिकेट एवं नगद पुरस्कार स्वरूप से सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर संतोष एकेडेमिया के सी.ओ.ओ. (चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर) विक्की माहेश्वरी ने बताया कि उपरोक्त परीक्षा 26 सितंबर एवं 13 अक्टूबर को गाजियाबाद के 45 सीबीएसई एवं आईसीएसई बोर्ड के विद्यालयों में आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में लगभग साढे छह हजार (6500) विद्यार्थियों ने भाग लिया था।



कक्षा 8 से कक्षा 12 (विज्ञान वर्ग) तक के विद्यार्थियों ने इस परीक्षा में भाग लिया। इस परीक्षा में शहर के डीपीएस राजनगर एक्सटेंशन, डीपीएसजी मेरठ रोड, डीपीएस सिद्धार्थ विहार,होली ट्रिनिटी चर्च स्कूल, जे एल नेहरू पब्लिक स्कूल, चौ. छबील दास पब्लिक स्कूल, के डी बी पब्लिक स्कूल, इनग्राहम इन्स्टीट्यूट, सेंट टेरेसा कोंवेंट स्कूल, सिल्वर शाइन स्कूल, पुलिस मॉडर्न स्कूल, श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल इत्यादि के विद्यार्थियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी विद्यार्थी पुरस्कार प्राप्त कर प्रसन्न चित्र थे। शहर में प्रत्येक कक्षा के टॉप 3 विद्यार्थियों को अपने माता-पिता के साथ मेडल , सर्टिफिकेट एवं नकद प्रतीकात्मक रुप से सम्मानित किया गया।

सभी विद्यार्थियों को स्कॉलरशिप भी प्रदान की गई। इस अवसर पर टॉप रेंक आने वाले स्कूलों के विद्यार्थियों के स्कूलों के प्रधानाचार्य, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर एवं शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सन्तोष युनिवर्सिटी के वाइस चेयरमैन सन्तोष महालिंगम रहे। इस अवसर पर संतोष मेडिकल कालेज के एकेडमिक डीन डॉ रिजवी एवं संतोष एकेडेमिया के एडमिशन हेड सुशील कुमार शर्मा भी उपस्थित रहे।

# सिबली हॉस्पिटल में डॉ केशव गुप्ता ने निकाला युवक के गले से कोल्ड ड्रिंक का ढक्कन

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**मोदीनगर।** कैंपा कोला की बोतल का ढक्कन गटक गये युवक का दूरबीन विधि द्वारा ऑपरेशन कर मोदीनगर स्थित सिबली हॉस्पिटल में ई एन टी सर्जन डॉ केशव गुप्ता ने युवक की जान बचाई। सिबली अस्पताल के संचालक डॉक्टर राकेश मित्तल एनेस्थैइस्ट ने बताया कि उनके यहां आकिब पुत्र इरफान 17 वर्षीय निवासी बिसोखर के परिजन उपचार हेतु सिवली हॉस्पिटल लाए थे। कैंपा कोला की बोतल का निगला गया ढक्कन , मरीज की सांस और आहार नाल को बाधित कर रहा था। जिससे उसे सांस लेने व निगलने में असहनीय दिक्कत आ खड़ी हुई थी। उन्होंने बताया कि उनकी मौजूदगी में अस्पताल से जुड़े डॉक्टर केशव गुप्ता (ईएनटी सर्जन) की टीम ने इस बेहद नाजुक ऑपरेशन को करके पीड़ित मरीज की जान बचाई। इस ऑपरेशन में श्वांस नली, और आहार नली बचाना तथा ढक्कन को बिना तोड़े निकालना एक जोखिम युक्त चुनौती था, किंतु सधे हुए हाथों ने सटीक तरीके से प्रयुक्त किए गए संसाधनों और प्रयासों के बदौलत यह असहज और जटिल ऑपरेशन संपन्न हुआ।मरीज व उसके परिजनों ने डॉ केशव गुप्ता व सिबली हॉस्पिटल का आभार जताया।

# भारत रतन चौधरी चरण सिंह चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** सुभाष युवा मोर्चा द्वारा आयोजित द्वितीय भारत रत्न चौधरी चरण सिंह चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न हुई। चित्रकला प्रतियोगिता का शुभारंभ नरेंद्र चौधरी द्वारा मां सरस्वती जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता में लगभग 170 बच्चों ने विभिन्न वर्गों में भाग लिया। भारत रत्न चौधरी चरण सिंह चित्रकला प्रतियोगिता पांच वर्गों में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता के समापन पर सभी प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण करते समय मुख्य अतिथि पूर्व आईएएस वी के पंवार ने कहा कि चित्रकला के माध्यम से एक मुख व्यक्ति भी अपनी अभिव्यक्ति व्यक्त कर सकता है यह एक ऐसा माध्यम है जिसके द्वारा खूब पढ़ा लिखा और एक अनपढ़ व्यक्ति भी अपने भावों को सबके समक्ष प्रस्तुत कर सकता है।




समारोह में प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सुभाष युवा मोर्चा के संस्थापक सत्येंद्र यादव ने कहा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस और चौधरी चरण सिंह जी के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बच्चों से उनकी तरह आगे बढ़ने का आग्रह किया कि किस प्रकार कठिन से कठिन परिस्थितियों में भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस एवं चौधरी चरण सिंह सर्वोत्तम शिखर तक पहुंचे।

पुष्कर वितरण समारोह में प्रतिभागियों को डिप्टी मेयर प्रवीण चौधरी, अमरदात शर्मा, सुधीर चौधरी, नरेंद्र चौधरी, नरेंद्र नंदी, राजीव गौतम, वंदना चौधरी एडवोकेट बबीता डागर आदि ने भी संबोधित किया। प्रतियोगिता के प्रथम वर्ग जो कक्षा एक से कक्षा 5 तक आयोजित किया गया में रिया को प्रथम पुरस्कार, दिया वर्मा को द्वितीय पुरस्कार, अंशिका अरोड़ा को तृतीय पुरस्कार, एवं जानवी, अनन्या, माही कौशिक, कृतिका एवं गौरी को सांत्वना पुरस्कार दिया गया।

द्वितीय वर्ग जो कक्षा 6 से कक्षा 8 तक का था में शुभम भारती को प्रथम पुरस्कार, अर्जुन गिरी को द्वितिय पुरस्कार, उत्कर्ष कुमार को तृतीय पुरस्कार, प्रदान किया गया एवं वंशिका, स्वाति झा, कृष्णा, आयुषी, प्राची शाक्य को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। तृतीय वर्ग जो कक्षा 9 एवं कक्षा 10 में आयोजित किया गया उक्त में हर्ष को प्रथम पुरस्कार, शाहनवाज को द्वितीय पुरस्कार, नूपुर सैनी को तृतीय पुरस्कार एवं कपिल शर्मा, लकी, चेतना पवार, अंशिका वर्मा, एवं अनुराग को सांत्वना पुरस्कार दिया। गया एवं चतुर्थ वर्ग जो कक्षा 11 कक्षा 12 में आयोजित किया गया में शोएब को प्रथम पुरस्कार सोनल वर्मा को द्वितीय पुरस्कार और अंकुश को तृतीय पुरस्कार दिया गया इसके अलावा एक ओपन वर्ग में अभिभावकों का भी आयोजित किया गया , उक्त में भी अभिभावकों को सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य रूप से दीपक वर्मा ,मनोज कुमार शर्मा होदिया ,राम गणेश यादव ओमप्रकाश भोला ,सुनील दत्त, शैलेंद्र श्रीवास्तव ,निशांत त्यागी , जेपी यादव, आरती शुक्ला, सियाराम यादव, राजेंद्र गौतम ,राजेंद्र यादव, शैलेंद्र भारती, अमृत चौधरी रेखा चौधरी , रश्मि त्यागी, संजय श्रीवास्तव, ललन पांडे, प्रवीण चौधरी, आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# स्कूल की खाली जमीन पर अवैध मिट्टी खनन का आरोप लगा किया हंगामा

## खनन रोकने पहुंचे लोगों ने लगाया अवैध खनन कर रहे व्यक्तियों पर फायरिंग करने का आरोप, सख्त कार्रवाई की मांग





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छपरौली।** कस्बे में एक स्कूल की खाली जमीन पर अवैध मिट्टी खनन का आरोप लगा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि खनन रोकने पहुंचे लोगों पर अवैध खनन कर रहे छह से अधिक व्यक्तियों ने फायरिंग की। इस घटना के बाद कस्बा वासियों ने प्रदर्शन किया और सख्त कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। कस्बे के लोगों ने बताया कि उन्हें रात करीब 11 बजे अवैध मिट्टी खनन की सूचना मिली थी। जब वे मौके पर पहुंचे, तो दो गाड़ियों में सवार छह से अधिक लोगों ने उन पर फायरिंग कर दी। आरोप है कि जेसीबी चालक ने भी उन पर जेस.िबी चढ़ाने का प्रयास किया। स्थानीय लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी, लेकिन उनका आरोप है कि पुलिस ने कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। निवासियों के अनुसार, स्कूल की जमीन पर 15 फीट गहराई तक जेसीबी से खनन किया गया है। अवैध खनन से रास्ते के नजदीक गहरी खुदाई हो गई है, जिससे किसानों के वाहनों और अन्य लोगों को आवाजाही में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आरोप है कि अवैध खनन करने वाले लोग लगातार तीन दिनों से यह गतिविधि कर रहे थे। शिकायतों के बावजूद कार्रवाई न होने पर स्थानीय लोगों ने प्रदर्शन किया और प्रशासन से सख्त कदम उठाने की मांग की। उधर, पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच-पड़ताल कर रही है।

# तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार दंपति को टक्कर मार किया घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** मविकला गांव के समीप दिल्ली सहारनपुर हाईवे पर एक तेज रफ्तार कार ने मोटरसाइकिल पर सवार दंपति को पीछे से आकर टक्कर मार दी जिसमें दंपति घायल हो गया और स्थानीय लोगों की मौके पर भीड़ इकट्ठा हो गई तो वहीं घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बागपत में भर्ती कराया गया और जहां कुलदीप को काफी चोट आई है और उसकी पत्नी की हालत ठीक है गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। फिलहाल पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है

मामला मविकला गांव के पास का है जहां हरियाणा निवासी कुलदीप लोनी से अपने गांव लौट रहा था। वही पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उसकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी जिसमें दोनों पति-पत्नी जमीन पर गिर गए और कुलदीप गंभीर रूप से घायल हो गया जबकि उसकी पत्नी को मामूली चोट आई। मौके पर लोग पहुंचे और घायलों को अस्पताल में उपचार के लिए भेजा। इस दौरान गाड़ी चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंची पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। वही बाइक चालक कुलदीप ने पुलिस से शिकायत करते हुए गाड़ी चालक पर कार्रवाई की मांग की है।

# लेखपाल की हृदयगति रुकने से मौत, परिवार में शोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** मंसुरपुर निवासी एक 32 वर्षीय लेखपाल की चंडीगढ़ में हृदयगति रूकने से मौत हो गयी। परिजनों ने शव गांव में लाकर गमगीन माहौल में अंतिम संस्कार कर दिया है।

मंसुरपुर निवासी 32 वर्षीय पूजा पुत्री राजकुमार बडौत में लेखपाल के पद पर तैनात है। पूजा क्रिकेट मैच देखने 10 दिसम्बर को चंडीगढ गयी थी जहा वह अपनी सहेली कंडेरा निवासी सृष्टि जो पुलिस में चड़ीगढ तैनात है। उसके कमरे पर रूकी थी दोनो सहेली मैच देखने के बाद कमरे पर आ गयी जहां रात के समय अचानक पूजा की तबियत खराब हो गयी। सृष्टि उसे लेकर तुरंत अस्पताल पहुंची जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन लेखपाल का शव लेने चंडीगढ़ पहुंचे और पोस्टमारटम के बाद शनिवार शाम को उसका गांव मे लाकर अंतिम संस्कार कर दिया गया। गांव के लोगो ने बताया कि मृतक लेखपाल दो बहने और एक भाई है। ग्रामीण पीड़ित परिवार को सांत्वना देने मे लगे है।



मृतका का फाइल फोटो

# रैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए बागपत से कांग्रेस कार्यकर्ता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित शहर कांग्रेस कमेटी के शहर अध्यक्ष रामहरि पवार के नेतृत्व में कांग्रेसियों ने किया दिल्ली कुच सासंद राहूल गांधी के नेतृत्व मे वोट चोर गद्दी छोड़ रामलीला मैदान में होने वाली महारेली मे पूर्व प्रदेश महासचिव एवं निवर्तमान जिलाध्यक्ष बागपत चौधरी रामकुमार सिंह शहर अध्यक्ष रामहरि पंवार के नेतृत्व मे दिल्ली सहारनपुर रोड से सैकड़ों की संख्या कांग्रेस कार्यकर्ता बसो व कारो के द्वारा महारैली को सफल बनाने के लिए उत्साह पूर्वक नारे बाजी करते हुए भारी तादाद मे पहुचे पूर्व जिला पंचायत सदस्य रामबीर सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष किसान कांग्रेस पुष्पेन्दर राणा प्रदेश महासचिव किसान कांग्रेस अशोक शर्मा शोकेन्द्र तोमर डा.सुभाष शर्मा औमवीर दुहण हरबबीर जाहिद देवेन्द्र शर्मा बिजेन्द्र शर्मा सोमपाल इजहार इरशाद दिलशाद रवि जाटव ब्रजमोहन शर्मा रविन्द्र तोमर सोनू त्यागी मोहसिन पंकज शर्मा आदि रहे।



## एक नजर

# आध दर्जन से अधिक दबंग लोगों ने किया मां बेटे पर जानलेवा हमला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र के अहेड़ा गांव में आधा दर्जन से अधिक दबंग लोगों ने एक युवक पर जानलेवा हमला बोल दिया। किसी तरह पीड़ित युवक सोनू जान बचाकर भागा तो सामने से आ रही उसकी मां राजवती के साथ भी मारपीट करने वाले लोगों ने अभद्रता की और मारपीट की। मां बेटे से हुई मारपीट के मामले में पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की गई है। मनोज कुमार ने पुलिस से शिकायत करते हुए बताया कि उनके भाई सोनू और मां राजवती के साथ गांव के ही आधा दर्जन से अधिक दबंग किस्म के लोगों ने मारपीट की है और उनकी मां राजवती की हालत बेहद गंभीर है जिन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया है। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आरोपियों गिरफ्तारी के लिए प्रयास शुरू कर दिए हैं। कोतवाली प्रभारी बृजेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है दोषियों पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# जनसंपर्क अभियान जोरों पर, घर-घर जाकर दिया जा रहा है न्योता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रमाला।** बडौत तहसील क्षेत्र के छपरौली विधानसभा में रमाला मिल के उपसभापति जयदेव सिंह ने 18 दिसंबर को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व.चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष में आयोजित किसान समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी है। उन्होंने इसी कड़ी को आगे बढ़ाते हुए आज छपरौली क्षेत्र के दर्जनों गांव का तूफानी दौरा करके जनसंपर्क अभियान चलाया तथा कई गांव में नुक्कड़ सभा भी आयोजित की। उन्होंने सभी को कार्यक्रम सफल बनाने के लिए आने का न्योता देते हुए निमंत्रण पत्र भी दिए। क्षेत्र का दौरा करते समय लोगों का भारी समर्थन मिलता देख उपसभापति रमाला मिल जयदेव सिंह भी गदगद नजर आए। आज उन्होंने असारा, ककडीपुर, राठौड़ा, मुकुंदपुर, सोंटी, सूप, किशनपुर, विराल आदि दर्जनों गांव मे डोर टू डोर जाकर कार्यक्रम को सफल बनाने का सहयोग मांगा तथा बुजुर्गो का आशीर्वाद लिया। जयदेव सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में एक किसान मेले का भी आयोजन किया जाएगा तथा किशनपुर बिराल इंटर कॉलेज में स्व.चौधरी अजीत सिंह के नाम से पुस्तकालय का भी उद्घाटन होगा। इस कार्यक्रम मे चौधरी जयंत सिंह केंद्रीय मंत्री व गुजरात एवं महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत मुख्य अतिथि होंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए एक विशाल जनसभा का आयोजन होने जा रहा है, जिसके लिए 30 बीघा जमीन खाली कराई गई है। तथा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सभी तैयारियां जोर-जोर से चल रही है। उन्होंने सभी से अपील करते हुए कहा कि सभी किसान भाई इस कार्यक्रम को सफल बनाने में 18 दिसंबर को अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सहयोग करें। उनको लोगों का भारी जन समर्थन हर गांव गली मोहल्ले में मिल रहा है। इस अवसर पर उनके साथ संजीव राठी, विनोद प्रधान, सत्यव्रत आर्य, चौधरी निरपाल सिंह आदि सहित क्षेत्र के गणमान्य व्यक्ति मौजूदरहे।



# सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से हुआ घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली क्षेत्र में एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह घटना निवाडा बाग के पास उस समय हुई जब युवक अपनी बाइक से घर लौट रहा था। एक अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मारी और मौके से फरार हो गया।

संतोषपुर गुर्जर गांव निवासी देवेंद्र किसी काम से बाहर गए थे और वापस अपने गांव लौट रहे थे। निवाडा के पास पहुंचते ही एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को तेज रफ्तार से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि देवेंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोग जमा हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत देवेंद्र के परि.जनों को सूचना दी। सूचना मिलने पर परिजन घटनास्थल पर पहुंचे और घायल देवेंद्र को निजी वाहन से नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टरों ने उनका उपचार किया। परिजनों ने बताया कि टक्कर मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया। उन्होंने पुलिस से अज्ञात वाहन चालक पर कार्रवाई की मांग की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर अक्सर तेज रफ्तार वाहनों के कारण हादसे होते रहते हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से अज्ञात वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

# चलती कार का सनरूफ खोलकर दो युवक का स्टंट करते हुए वीड़ियो वायरल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे पर यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए दो युवकों का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। वीडियो में दिख रहा है कि एक चलती कार का सनरूफ खोलकर दो युवक बाहर निकलकर खड़े हैं और रील बनाने के लिए हाथ फैलाए हुए हैं। यह घटना व्यस्त और तेज रफ्तार वाले हाईवे पर हुई है। वीडियो में कार तेज रफ्तार में चल रही है, जबकि युवक बिना किसी सुरक्षा के सनरूफ से बाहर निकलकर स्टंट कर रहे थे। युवकों ने अपनी और अन्य वाहन चालकों की सुरक्षा की परवाह नहीं की, जिससे किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता था। वीडियो वायरल होने के बाद सोशल मीडिया पर लोगों ने नाराजगी व्यक्त की। यूजर्स ने युवकों की इस हरकत की आलोचना करते हुए पुलिस से कार्रवाई की मांग की। उनका कहना था कि ऐसे स्टंट न केवल गैरकानूनी हैं, बल्कि दूसरों की जान को भी खतरे में डालते हैं। यह वीडियो बागपत दिल्ली-सहारनपुर हाईवे का बताया जा रहा है। इस मार्ग पर पहले भी तेज रफ्तार और लापरवाही के कारण कई हादसे हो चुके हैं। यातायात नियमों के अनुसार, चलती गाड़ी में सनरूफ से बाहर निकलना पूरी तरह प्रतिबंधित है और यह मोटर वाहन अधि.नियम का उल्लंघन है। पुलिस ने वायरल वीडियो का संज्ञान लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, वीडियो की सत्यता की जांच की जा रही है। गाड़ी की पहचान कर नियम तोड़ने वाले युवकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। प्रशासन और पुलिस ने युवाओं से अपील की है कि वे सोशल मीडिया पर लोकप्रियता हासिल करने के लिए अपनी और दूसरों की जान जोखिम में न डालें। उन्होंने यातायात नियमों का पालन करने की सलाह दी है, ताकि सड़क हादसों को रोका जा सके।

# सीआईएसएफ के जवान ऋषिपाल का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिनौली।** जयपुर में मिस्टर इंडिया का खिताब जीतकर रविवार को अपने गांव रछाड़ में पहुचें सीआईएसएफ के जवान ऋषिपाल सिंह का ग्रामीणों ने ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार स्वागत किया। और कार्यक्रम आयोजित कर उसे सम्मानित भी किया।

रछाड़ के किसान धारा सिंह का बेटा ऋषिपाल सिंह दिल्ली मुख्यालय में सीआईएसएफ में कांस्टेबिल पद पर तैनात हैं। ऋषिपाल ने बीती सात दिसंबर को जयपुर शहर में इंडो बॉडी बिल्डिंग फिटनेश एशोसियेशन के तत्वाधान में हुई छठी मिस्टर इंडिया बॉडी बिल्डिंग चैम्पियंनशिप के 65 से 70 किलोग्राम भार वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करके स्वर्ण पदक जीता और साथ ही मिस्टर इंडिया का खिताब भी जीता हैं। ऋषिपाल सिंह ने बीते वर्ष भी ऑल इंडिया पुलिस मीट बॉडी बिल्डिंग चैम्पियंनशिप में भी स्वर्ण पदक जीता था। खिताब जीतकर रविवार को अपने गांव आये ऋषिपाल सिंह का ग्रामीणों ने फूल मालाएं पहनाकर ढोल नगाड़ों के साथ जोरदार भव्य स्वागत करके पूरे गांव में घुमाया और कार्यक्रम आयोजित कर उसे शॉल उढ़ाकर सम्मानित भी किया। इस अवसर पर रालोद के प्रदेश उपाध्यक्ष धीरज उज्ज्वल, सुधीर तोमर, राजू तोमर सिरसली, विनोद तोमर, सेवानिर्वत एसआई ओमबीर तोमर, रविंद्र, बिरेन्द्र सिंह, जयकुमार, कृष्णपाल, अशोक तोमर आदि उपस्थित रहे।



# पुलिस ने जाली काटने वाले चोरों को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** लहचौड़ा के समीप ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें के किनारे लगी लोहे की एंगल जाली काटने वाले चोरो को पुलिस ने मय जाली एंगल के गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा कायम किया है।

लहचौड़ा के जंगल में ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें के किनारे जगली जानवरों से बचाव के लिए लोहे की जाली और एंगल लगायी गयी है जिससे चोर काटकर ले जा रहे थे जिसकी सूचना और तहरीर ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेस-वें डासना के मैनेजर उमेश पुत्र राम.विलास ने 12 दिसम्बर को थाना चांदीनगर में दी थी तभी से पुलिस चोरो को पकड़ने की तलाश में लगी थी। सुबह तीन बजे लहचौड़ा गौना के बीच चोर 6 किवंटल लोहे की एंगल और जाल काटकर टेम्पो में ले जा रहे थे तभी पुलिस ने घेराबंदी करते हुए पांच चोरो को पकड़ लिया जिन्होंने अपना नाम आकाश पुत्र रिंकू संगम विहार लोनी शिवा पुत्र रमेश निवासी राम विहार लोनी योगेश पुत्र जवाहर सिंह निवासी लोनी तुषार पुत्र कालीचरण निवासी लोनी अजय पुत्र उदयवीर निवासी लोनी को पकड़ थानें ले आये जिससे 6 किवंटल लोहे की एंगल जाल व एक टेम्पो बरामद किया गया है। पुलिस पांचो अभियुक्तो के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुक.दमा दर्ज किया गया है।




# वर्ष प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों का शपथ विधि कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के कोताना रोड स्थित चौ.केहर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज एंड हॉस्पिटल में इस वर्ष प्रवेश पाने वाले विद्यार्थियों का शपथ विधि कार्यक्रम हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य धर्मेन्द्र भारद्वाज व चौ.केहर सिंह एजुक.ेशनल ट्रस्ट की अध्यक्षा भगवती देवी व ट्रस्ट के सचिव डा.मनीष तोमर ने कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। रविवार को हुए कार्यक्रम में अतिथियों ने इंस्टिटयूट की वार्षिक पत्रिका द केहर-2025 का विमा.ेचन किया। साथ ही इंस्टीट्यूट के प्रधानाचार्य डा.महेन्द्र कुमार लाम्बा व मिस मिन्नती पांजा मुख्य नर्सिंग अधिकारी शारदा हॉस्पिटल नोएडा ने नव प्रवेशी छात्र-छात्राओं को प्रकाश हस्तान्तरित कर नर्सिंग सेवा की शपथ दिलवाई। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि धर्मेन्द भारद्वाज ने डा.मनीष तोमर के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि उनके प्रयास से यहां मानव सेवा के लिए कार्य लिए जा रहे हैं। उन्होंने छात्र-छात्राओं से कहा कि उनकी देश में सेवा की जरूरत है। वह अनुशासन और कर्तव्य परायणता से कार्य करें।

# चौ.पंकज को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बनाने पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** उत्तर प्रदेश भाजपा को नया प्रदेश अध्यक्ष मिल गया है। केन्द्रीय मंत्री पंकज चौधरी को निर्विरोध रूप से यूपी भाजपा का नया अध्यक्ष चुना गया है। मंत्री पंकज चौधरी की ताजपोशी की घोषणा रविवार को लखनऊ में केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल द्वारा की गयी।


इस खबर से जिले में खुशी की लहर है, और भाजपा कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दी हैं। नगर के बिनौली रोड़ स्थित ओंकार फिलिंग स्टेशन पर भाजपा पदाधिकारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जताई। सभी ने उन्हें प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की। इस दौरान शिवेन्दुदत शर्मा, प्रमेन्द्र तोमर, अंकित लपराना, दीपक भारती, जिला मीडिया प्रभारी पवन शर्मा, आत्मराम मौर्य, श्रीओम् कश्यप, श्रर्वण भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# युवाओं को अपनी रुचि व कौशल के अनुसार राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार युवा कल्याण विभाग व माय भारत द्वारा लखनऊ विश्व.विद्यालय में 12 से 14 दिसंबर तक आयोजित राज्य स्तरीय विकसित भारत /2047 चौलेंज में जनपद बागपत से राज्य युवा पुरस्कार विज.ेता अमन कुमार ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। इसके साथ ही उनका चयन विक.सित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-राष्ट्रीय युवा महोत्सव 2026 के लिए हुआ है, जहां वे उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे।

देशभर से माय भारत प्लेटफॉर्म के माध्यम से लाखों युवाओं ने इस चैलेंज में भाग लिया। पहले चरण में राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन क्विज और दूसरे चरण में निबंध लेखन के बाद चयनित प्रतिभागियों ने राज्य स्तर पर अपने विचार प्रस्तुत किए। अमन कुमार ने विकसित भारत के लिए लोकतंत्र व शासन में युवा भागीदारी ट्रैक में ठोस और व्यावहा.रिक सुझावों के साथ प्रभावी प्रस्तुति दी। मुख्यमंत्री विशेष बस को हरी झंडी दिखाकर युवाओं को दिल्ली के लिए रवाना करेंगे। राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अंतर्गत आयोजित विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में चयनित युवा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित देश-विदेश की प्रमुख हस्तियों के समक्ष अपने विचार रखेंगे। अमन कुमार अपनी प्रस्तुति में बागपत प्रशासन के साथ किए गए स्वयंसेवी अनुभवों के आधार पर विकास प्रक्रिया में युवाओं की सक्रिय भूमिका को रेखांकित करेंगे। पांच मिनट की प्रस्तुति में अमन ने विद्यालयों में स्टूडेंट एडवाइजरी बोर्ड, यूथ क्लबों के सशक्तिकरण, दैनिक समाच.ार-पत्र पढ़ने की आदत, गांव स्तर पर शत-प्रतिशत युवाओं का नामांकन, माय गवर्नमेंट के स्थानीय संस्करण, पुलिस मित्र, सूचना मित्र, पशु कल्याण स्वयंसेवक जैसी पहलों का प्रदेशव्यापी विस्तार तथा कॉन्टेस्ट 360 की तर्ज पर युवाओं से जुड़ी योजनाओं व अवसरों के एकीकृत प्लेटफॉर्म का सुझाव दिया। युवा कल्याण विभाग निद.ेशालय से डिप्टी डायरेक्टर अजात शत्रु शाही, लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण डीन प्रोफेसर वीके शर्मा सहित अन्य उपस्थित लोगों ने अमन कुमार को सम्मानित कर बधाई एवं मार्गदर्शन दिया। अमन ने कहा कि युवाओं को अपनी रुचि और कौशल के अनुसार राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभानी चाहिए। पूर्व की उपलब्धियां इससे पूर्व अमन कुमार यूनेस्को एमआईएल ग्लोबल यूथ डिबेट सीरीज, आरकोय कॉन्फ्रेंस, 27वें राष्ट्रीय युवा महोत्सव, 78वें व 79वें स्वतंत्रता दिवस समारोह, इंडियाज स्टार्टअप रिवोल्यूशन कॉन्फ्रेंस, सत्यार्थी समर स्कूल, यूनेस्को एमजीआईईपी विशेष संवाद, यूनिसेफ इंडिया युवा दिवस समारोह, राज्य युवा संसद, मेरी माटी मेरा देश तथा जी20 की सिविल20 कॉन्फ्रेंस में सहभागिता कर जनपद का मान बढ़ा चुके हैं।



# सूटकेस में मिले महिला कंकाल की गुत्थी सुलझी

## एक महिला सहित दो हत्यारोपी गिरफ्तार, दुष्कर्म के बाद हत्या का खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा क्षेत्र के गांव छिजारसी में गन्ने के खेत से सूटकेस में मिले महिला कंकाल के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। थाना पिलखुवा पुलिस और जनपदीय स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में एक महिला सहित दो हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से मृतका का मोबाइल फोन समेत तीन मोबाइल फोन, दो कैश मेमो बुक और हत्या में प्रयुक्त डंडा बरामद किया है।

मेरठ रोड स्थित पुलिस लाइन में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी विनीत भटनागर ने बताया कि बीते 1 दिसंबर को गांव छिजारसी के गन्ने के खेत में सूटकेस में एक अज्ञात महिला का सड़ी-गली अवस्था में शव मिला था। सूचना मिलते ही पुलिस अधिकारियों, फॉरेंसिक टीम और स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की थी।

जांच के दौरान पुलिस ने इस जघन्य हत्याकांड में शामिल अंकित पुत्र अमर सिंह निवासी नवादा कलां तथा उसकी पत्नी कलिस्ता उर्फ काली पुत्री जोर्ज केरकेट्टा निवासी कैरया कुडपानी जनपद सिमडेगा, झारखंड को गिरफ्तार किया है। मृतका की पहचान सोनिया के रूप में हुई, जो झारखंड के सिमडेगा जिले की रहने वाली थी। एएसपी ने बताया कि आरोपी अंकित कपड़ों का व्यवसाय करता था और उसने अपनी पत्नी के साथ मिलकर सृष्टि इंटरप्राइजेज नाम से एक फर्म खोली थी। दोनों मिलकर झारखंड और



आसपास के गरीब इलाकों से भोली-भाली लड़कियों और महिलाओं को घरेलू काम के नाम पर बुलाते थे और उन्हें दिल्ली व आसपास के क्षेत्रों में काम पर भेजकर मोटी रकम वसूलते थे। आरोपी ने बताया कि उसने अपनी पत्नी के गांव की संजीता उर्फ संगीता और मृतका सोनिया को भी अपने पास बुलाया था।

पूछताछ में सामने आया कि अंकित मृतका सोनिया को पसंद करता था और उससे शारीरिक संबंध बनाने का दबाव बना रहा था। इनकार करने पर उसने सोनिया के साथ जबरन दुष्कर्म किया और अश्लील वीडियो भी बनाई।

जब सोनिया ने इसका विरोध किया तो 28 अगस्त को अंकित और उसकी पत्नी कलिस्ता ने मिलकर संजीता के सामने ही सोनिया की हत्या कर दी। हत्या के बाद आरोपियों ने सोनिया के शव को सूटकेस में भरकर एक ऑटो किराये पर लिया और छिजारसी टोल से आगे गाजियाबाद-मुरादाबाद हाईवे के सर्विस रोड के पास स्थित गन्ने के खेत में रात के समय शव फेंककर फरार हो गए। फिलहाल पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में आगे की विधिक कार्रवाई जारी है।

# नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म की वारदात को अंजाम देने वाले फरार आरोपी युवक को गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे भेज दिया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को लेकर आमजन में संतोष देखा जा रहा है।

थाना प्रभारी श्योपाल सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि नाबा. लिग लड़की के परिजनों द्वारा थाने पर शिकायती पत्र दिया गया था, जिसमें एक युवक पर नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने का गंभीर आरोप लगाया गया था।

परिजनों की तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया था। मुकदमा दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार प्रयास कर रही थी। थाना प्रभारी ने बताया कि रविवार को पुलिस को सफलता



मिली। पुलिस टीम ने नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपी आशीष कुमार पुत्र सत्यप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। गिर.तारी के बाद आरोपी को थाने लाकर आवश्यक पूछताछ की गई, जिसके पश्चात उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# किसान-मजदूर पंचायत में संगठन विस्तार पर जोर, पदम सिंह बने पशिचमी उ.प्र.अध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** नगर के गढ़ रोड स्थित नवीन मंडी क्षेत्र के मोहल्ला कृष्णानगर में रविवार को किसान-मजदूर पंचायत का आयोजन किया गया। पंचायत में संगठन की मजबूती और किसाना. ें-मजदूरों से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम के दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत गुर्जर ने गांव मुरादपुर पटना निवासी पदम सिंह को पश्चिमी उत्तर प्रदेश का अध्यक्ष नियुक्त किए जाने की घोषणा की।





इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष सरनजीत गुर्जर ने कहा कि भाकियू संघर्ष लगातार किसानों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्षरत है। संगठन का उद्देश्य शोषित वर्ग की आवाज को मजबूती देना है और किसी भी समस्या के समाधान के लिए आवश्यकता पड़ने पर सड़क से सदन तक संघर्ष किया जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन में सक्रिय, कर्मठ और जुझारु कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ाया जाएगा, जबकि निष्क्रिय पदाधिकारियों को जिम्मेदारी से मुक्त किया जाएगा। साथ ही उन्होंने जिले के जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक की कार्यशैली की सराहना भी की। नवनियुक्त पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष पदम सिंह ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें सौंपी गई जिम्मेदारी को वह पूरी निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ निभाएंगे। पदम सिंह के मनोनयन की घोषणा होते ही संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवकुमार राणा, राष्ट्रीय सचिव सुशील कुमार, जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, योगेंद्र प्रधान व ताहिर अल्वी सहित बड़ी संख्या में किसान-मजदूर और संगठन से जुड़े लोग उपस्थित रहे।

# साइबर अपराधों पर कड़ा प्रहार, मेरठ रेंज में 10.5 करोड़ की धनराशि फ्रीज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** साइबर अपराधों की रोकथाम, आर्थिक धोखाधड़ी के मामलों में प्रभावी कार्रवाई और पीड़ितों को त्वरित राहत दिलाने के उद्देश्य से मेरठ रेंज में व्यापक स्तर पर सख्त कदम उठाए गए हैं। डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी के निर्देशन में परिक्षेत्र के सभी जनपदों में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज शिकायतों की गहन समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की गई। 1 अप्रैल 2025 से 7 दिसंबर 2025 की अवधि में मेरठ, बुलंदशहर, बागपत और हापुड़ जनपदों में साइबर अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई की गई।

परिक्षेत्र के सभी जनपदों में राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग



पोर्टल पर दर्ज शिकायतों के आधार पर कुल 2001 मोबाइल नंबर ब्लॉक किए गए। वहीं, साइबर अपराध में प्रयुक्त 259 आईएमईआई नंबर भी ब्लॉक किए गए। डीआईजी ने बताया कि प्रतिबिम्ब पोर्टल पर प्रदर्शित संदिग्ध मोबाइल नंबरों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 761 मोबाइल नंबरों पर प्रभावी कदम उठाए गए।

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज शिकायतों में 1286 म्यूल बैंक खाते जिनका उपयोग अवैध धन को वैध दिखाने के लिए किया जाता है वह चिन्हित किए गए। इनमें से 290 म्यूल खातों को डेबिट फ्रीज कराया गया। डीआईजी ने बताया कि साइबर फ्रॉड से संबंधित मामलों में कुल 10.5 करोड़ रुपये की धनराशि को फ्रीज कराया गया।

राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर दर्ज कुल 7805 शिकायतों का निस्तारण किया गया। मेरठ में 4086, बुलंदशहर में 2567, बागपत में 577 और हापुड़ में 575 शिकायतों का समाधान किया गया। डीआईजी मेरठ रेंज कलानिधि नैथानी ने सभी जनपदों को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्राप्त प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए।

# दवा कंपनी के स्क्रैप यार्ड में भीषण आग, घंटे में पाया काबू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना थाना क्षेत्र के गांव खिचरा में स्थित एनवीरोंन वेस्ट कनेक्शन नामक दवा कंपनी के स्क्रैप यार्ड में रविवार को अज्ञात कारणों से भीषण आग लग गई। आग लगते ही मौके पर अफरा-तफरी मच गई और कुछ ही देर में आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्क्रैप यार्ड से अचानक धुआं उठता दिखाई दिया, जिसके बाद आग तेजी से फैल गई। आग की लपटें दूर-दूर तक दिखाई देने लगीं। घटना की सूचना तत्काल दमकल विभाग को दी गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की चार गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। दमकल कर्मियों को आग पर काबू पाने में काफी मशक्कत करनी



पड़ी। कई घंटे की कड़ी मेहनत के बाद आग पर नियंत्रण पाया जा सका। राहत की बात यह रही कि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई, हालांकि स्क्रैप यार्ड में रखा सामान जलकर राख हो गया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी अजय शर्मा ने बताया कि दमकल विभाग की टीम ने आग पर पूरी तरह काबू पा लिया है। फिलहाल आग लगने के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट या स्क्रैप में रखे ज्वलनशील पदार्थों से आग लगने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

# गैंगस्टर में फरार बदमाश गिरफ्तार, चोरी की मोटरसाइकिल व अवैध चाकू बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को जनपद गाजियाबाद से चोरी की गई मोटरसाइकिल और एक अवैध चाकू के साथ दबोचा है। थाना प्रभारी मनोज बालियान ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्र के भोगापुर रोड पर नियमित चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार पुलिस टीम को आता हुआ दिखाई दिया। पुलिस ने जब उसे रुकने का इशारा किया तो वह पुलिस को देखकर घबरा गया और मौके से फरार होने का प्रयास करने लगा। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए उसका पीछा किया और कुछ ही दूरी पर घेराबंदी कर बदमाश को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा की गई जांच-पड़ताल में सामने आया कि गिरफ्तार किया गया आरोपी शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके खिलाफ विभिन्न थानों में करीब आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। आरोपी चोरी की गई मोटरसाइकिल पर सवार था, जिसे उसने जनपद गाजियाबाद से चोरी किया था। इसके अलावा उसके कब्जे से एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया है। गिरफ्तार बदमाश की पहचान ओमकार उर्फ हैली पुत्र भूप सिंह निवासी ग्राम चकलठीरा, थाना गढ़मुक्तेश्वर, जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपी गैंगस्टर एक्ट में वांछित था और किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में इलाके में घूम रहा था। समय रहते पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर संभावित वारदात को किल कर दिया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाने ले आई है। गिरफ्तार बदमाश के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। पुलिस का कहना है कि बदमाश से पूछताछ के दौरान अन्य आपराधिक मामलों से जुड़े अहम सुराग मिलने की संभावना है। थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### शुक्र अस्त व खरमास से थमे शुभ कार्य फरवरी से खुलेंगे विवाह के मुहूर्त

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार 14 दिसंबर को शुक्र ग्रह के अस्त होते ही विवाह सहित सभी शुभ और मांगलिक कार्यों पर विराम लग गया है। वहीं 15 दिसंबर की रात से खरमास की शुरुआत भी हो जाएगी, जो आगामी 14 जनवरी 2026 तक प्रभावी रहेगा। सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने के साथ मकर संक्रांति का पर्व मनाया जाएगा और इसी दिन खरमास समाप्त होगा।

ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार शुक्र अस्त और खरमास की अवधि में विवाह, गृहप्रवेश, जनेऊ संस्कार, अन्नप्राशन, मुंडन, कुआं पूजन सहित किसी भी प्रकार के मांगलिक कार्य वर्जित माने जाते हैं। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष ज्योतिर्विद पंडित केसी पाण्डेय काशी वाले ने बताया कि खरमास भले ही 14 जनवरी को समाप्त हो जाएगा, लेकिन शुक्र ग्रह 31 जनवरी 2026 तक अस्त रहेगा। ऐसे में विवाह और अन्य प्रमुख शुभ कार्यों के मुहूर्त 3 फरवरी 2026 से ही प्रारंभ होंगे। उन्होंने बताया कि इस दौरान धार्मिक कार्यों को विशेष महत्व दिया गया है। इस अवधि में जप, तप, पूजा-अर्चना, धार्मिक कथाओं का श्रवण और दान-पुण्य करना अत्यंत शुभ और फलदायी माना जाता है। धर्मग्रंथों में उल्लेख है कि जिस दिन सूर्य धनु राशि से निकलकर मकर राशि में प्रवेश करता है, उसी दिन मकर संक्रांति मनाई जाती है। वर्ष 2026 में यह संयोग 14 जनवरी को बनेगा, जब सूर्य अपराह्न 3 बजकर 04 मिनट पर मकर राशि में प्रवेश करेगा। इस दिन सर्वार्थसिद्धि और अमृतसिद्धि योग का भी निर्माण होगा। पंडित केसी पाण्डेय के अनुसार 14 जनवरी 2026 को षटतिला एकादशी, अनुराधा नक्षत्र और बुधवार का संयोग बन रहा है, जिससे मन्दाकिनी संक्रांति का योग निर्मित होगा, जिसे अत्यंत शुभ माना गया है। सूर्यास्त से पूर्व के दो घंटे विशेष पुण्यदायी बताए गए हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन राजा भागीरथ के प्रयासों से राजा सागर के 60 हजार पुत्रों को मोक्ष की प्राप्ति हुई थी। इसी कारण मकर संक्रांति के अवसर पर गंगासागर स्नान का विशेष महत्व है। मान्यता है कि इस पावन स्नान से दस अश्वमेध यज्ञ और हजार गायों के दान के समान पुण्य फल प्राप्त होता है।

### क्रिकेट मैच के दौरान दो पक्षों के बीच हुई जमकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव अठसैनी में क्रिकेट मैच के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। मारपीट के दौरान दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। इसी दौरान एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तमंचा तानने का आरोप लगाया है, हालांकि तमंचा दिखाने की अभी तक पुष्टि नहीं हो पाई है। गांव निवासी रिहान अली रविवार को अपने गांव निवासी नसीम के साथ क्रिकेट मैच खेल रहे थे। इसी दौरान उनके बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान वहां पर दोनों पक्षों के लोग आमने सामने आ गए। जहां दोनों के बीच गाली गलौज के दौरान मारपीट हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों के चार लोग घायल हो गए। सभी घायल कोतवाली पहुंचे। इस दौरान रिहान पक्ष ने दूसरे पक्ष पर तमंचा तानने का आरोप लगाया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि मारपीट की घटना हुई है, घटना में घायल का उपचार कराने के लिए भेजा गया है। तमंचा तानने की अभी पुष्टि नहीं हुई। आस पास में लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच कराई जा रही है। जांच कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रक लेकर फरार हुए आरोपी चालक के घर की होगी कुर्की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** क्षेत्र के गांव पौपाई निवासी व्यक्ति की गाड़ी लेकर लापता हुए चालक की अब संपत्ति कुर्क की जाएगी। आरोपी के नहीं पकड़ने जाने पर न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के घर नोटिस चस्पा किया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनोज बालियान ने बताया कि क्षेत्र के गांव पौपाई निवासी जराफत अली ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए उल्लेख किया था कि उन्होंने एक ट्रक बनाया था। उस ट्रक को हरियाणा के यमुना नगर के गांव चिक्कन निवासी इस्लाम चलाता था। आरोपी 20 जनवरी को ट्रक में माल भर कर यमुना नगर गया था, तभी से वह लापता हो गया। उसको काफी तलाश किया लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला और न ही आरोपी ने गाड़ी को वापस किया। पीड़ित की रिपोर्ट दर्ज किए जाने के बाद पुलिस ने आगे की कार्रवाई की। आरोपी न तो गिरफ्तार हुआ न ही स्वयं को न्यायालय में सरेंडर किया, इसी कारण उसकी संपत्ति कुर्क करने के लिए धारा 82 की कार्रवाई की गई। पुलिस ने आरोपी के घर पहुंच कर धारा 82 का नोटिस चस्पा किया है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि शीघ्र ही आरोपी के गिरफ्तार न होने पर उसकी सपंत्ति को कुर्क कर लिया जाएगा।

# किसानों की कई ट्यूबवेल पर चोरी का दो दिन बाद भी नहीं हुआ खुलासा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना हाफिजपुर क्षेत्र के गांव रामपुर में 12 नलकूपों पर हुई चोरी की वारदात का दो दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर पाई है। घटना के बाद से हाफिजपुर पुलिस के हाथ खाली हैं, जिससे पीड़ित किसानों में भारी रोष व्याप्त है। अब इसे पुलिस की हीला-हवाली कहें या लापरवाही फिलहाल दो दिन बीत जाने के बाद भी चोरी का खुलासा नहीं हो पाया है। किसानों का कहना है कि एक ही रात में कई ट्यूबवेलों पर चोरी की घटना होना पुलिस गश्त की पोल खोलता है।

गौरतलब है कि बीते गुरुवार की देर रात अज्ञात चोरों ने गांव के अलग-अलग हिस्सों में स्थित 12 नलकूपों को निशाना बनाते हुए कूमल तोड़ दिए और उनमें लगी मोटरें, बिजली के तार व अन्य महत्वपूर्ण उपकरण चोरी कर ले गए। इस चोरी की घटना में जिन किसानों को भारी नुकसान हुआ है, उनमें विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र त्यागी उर्फ मोनू, प्रमोद शर्मा, बब्बन शर्मा सहित कुल 12 किसान शामिल हैं। चोर सभी किसानों के नलकूपों से मोटरें और अन्य जरूरी उपकरण चोरी कर ले गए, जिससे किसानों की सिंचाई व्यवस्था पूरी तरह बाधित हो गई है। घटना को दो दिन बीत जाने के बावजूद पुलिस द्वारा अब तक न तो चोरों का कोई सुराग लगाया जा सका है और न ही चोरी का खुलासा किया गया है। इससे नाराज किसानों ने पुलिस से जल्द से जल्द चोरी की घटना का खुलासा करने और चोरों को गिरफ्तार करने की मांग की है।

# हापुड़ से दिल्ली महारैली को रवाना हुए सैकड़ों कांग्रेसी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** रविवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी के नेतृत्व में ज़िलें से सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली के रामलीला ग्राउंड में आयोजित होने जा रही महारैली में शामिल होने के लिए रवाना हुए।

सुबह करीब 7 बजे से ही दिल्ली रोड स्थित जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं का एकत्र होना शुरू हो गया था। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने बताया कि जनपद हापुड़ से लगभग दो दर्जन बसों और 40 कारों के काफिले के साथ कांग्रेस कार्यकर्ता दिल्ली महारैली में भाग लेने पहुंचे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता अपने लोकप्रिय नेता एवं सांसद राहुल गांधी के ओजस्वी विचारों को सुनने के लिए



पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं। छिजारसी टोल प्लाजा पर पहुंचने पर जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने सैकड़ों की संख्या में मौजूद कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अभिनंदन किया और कहा कि कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ है और यही कार्यकर्ता कांग्रेस की वास्तविक ताकत हैं। इस अवसर पर पूर्व विधायक गजराज सिंह, पिलखुआ नगर अध्यक्ष रजनीश त्यागी, पीसीसी सदस्य अरविंद शर्मा, डा. शोएब, पूर्व शहर अध्यक्ष अभिषेक गोयल, गढ़ ब्लॉक अध्यक्ष बिजेंद्र त्यागी, धौलाना ब्लॉक अध्यक्ष सौरभ शर्मा, हापुड़ ब्लॉक अध्यक्ष मोशीन खान, सिंभावली ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र नागर, सलमान राणा, जकी गोहरी, पवन कौशिक सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चेयरमैन के बयान से भडके़ व्यापारियों ने किया जमकर हंगामा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** पक्की सडक़ न बनने को लेकर शिकायत करने आए व्यापारी अपने नेता के विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी सुनकर बुरी तरह भडक़ गए, जिन्होंने चुनाव के दौरान दिए गए चंदे की दुहाई देते हुए चेयरमैन द्वारा माफी न मांगने पर दो दिन में बाजार बंद कर बेमियादी धरने पर बैठने की चेतावनी दे डाली। गढ़ चौपला की दुर्गा कॉलोनी में सडक़ बनवाए जाने की मांग को लेकर रविवार की दोपहर में कई व्यापारी जुलूस की शक्ल में तहसील रोड पर स्थित पालिका चेयरमैन राकेश बजरंगी के आवास पर पहुंच गए। जिन्होंने निकाय चुनाव के दौरान दी गई ग्यारह हजार की आर्थिक मदद का हवाला देते हुए अपनी अनदेखी होने पर कड़ी नाराजगी जताई। जिस पर सफाई देते हुए चेयरमैन राकेश बजरंगी ने व्यापारी नेता मूलचंद सिंघल पर निशाना साध दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि जनहित से जुड़े जो काम किसी कारण से नहीं हो पा रहे हैं, उन्हें लेकर तो मूलचंद सिंघल आलोचना करते रहते हैं मगर जो कार्य हो रहे हैं उनकी कभी भी प्रशंसा नहीं कर पाते हैं। चेयरमैन द्वारा कही गईं इन बातों का वीडियो कुछ ही देर के भीतर सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसका पता लगते ही व्यापारियों में रोष फैल गया। जो हंगामे के साथ ही नारेबाजी करने लगे। जिससे माहौल तनावपूर्ण हो गया और व्यापारी बुरी तरह भडक़ गए। अपने विरुद्ध अमर्यादित टिप्पणी होने का पता लगते ही व्यापार मंडल अध्यक्ष मूलचंद सिंघल ने आनन फानन में अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता बुला ली। जिसमें मौजूद व्यापारी नेताओं ने चेयरमैन के वायरल हो रहे वीडियो को बचकानी हरकत बताते हुए कड़ी निंदा की। इस दौरान अनुराग गर्ग, संजय गर्ग, विशाल सिंघल, भोला गर्ग, हर्षित गर्ग, विनीत कंसल, रोहतास गर्ग, निखिल गर्ग, नवनीत अग्रवाल, नितेश गर्ग समेत दर्जनों व्यापारी मौजूद रहे। मूलचंद सिंघल ने तल्ख लहजे में कहा कि पालिका चेयरमैन द्वारा वायरल हो रहे वीडियो में जिन शब्दों का प्रयोग किया है, वे निंदनीय होने के साथ ही व्यापारी समाज का खुला अपमान भी है। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने दोटूक शब्दों में कहा कि अगर चेयरमैन राकेश बजरंगी ने अपने अमर्यादित बयान को लेकर दो दिन के भीतर लिखित तौर पर सार्वजनिक रूप में माफी नहीं मांगी तो व्यापारी मजबूर होकर बाजार बंद कर देंगे। इसके अलावा पालिका चेयरमैन के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन भी किया जाएगा। पालिका चेयरमैन राकेश बजरंगी का कहना है कि व्यापारी वर्ग का वे तहेदिल से सम्मान करते हैं, क्योंकि उनके एकमुश्त सहयोग, वोट और आर्थिक सहयोग से उन्हें विजयश्री मिली थी। चेयरमैन का कहना है कि मूलचंद सिंघल द्वारा व्यापारियों को बिना वजह गुमराह किया जाता है, क्योंकि जनहित में होने वाले विकास कार्यों की कोई प्रशंसा करने की बजाए वे सदा ही नकारात्मक सोच के साथ बिना वजह निंदा करते रहते हैं।

# चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध युवकों को किया गिरफ्तार, दो अवैध चाकू बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे पुलिस अभियान के तहत थाना हापुड़ नगर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो संदिग्ध युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद किए हैं। थाना प्रभारी देवेंद्र बिष्ट ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में अपराध एवं आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में थाना हापुड़ नगर पुलिस टीम आरपीएफ बैरक स्थित शिव मंदिर के पास चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान दो युवक संदिग्ध अवस्था में आते हुए दिखाई दिए, जिन्हें रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान दोनों युवकों के कब्जे से एक-एक अवैध चाकू बरामद हुआ। पुलिस पूछताछ में गिरफ्तार युवकों की पहचान सुन्दर पुत्र रघुवीर शरण निवासी मोहल्ला अतरपुरा थाना हापुड़ नगर तथा मनीष उर्फ बबलू पुत्र रघुवीर निवासी मोहल्ला अतरपुरा थाना हापुड़ नगर जनपद हापुड़ के रूप में हुई है। थाना प्रभारी ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है तथा दोनों को हिरासत में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी ताकि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनी रहे और असामाजिक तत्वों में पुलिस का भय बना रहे।

# ग्रिल चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

## 22 ग्रिल, छह बेंच बरामद, नोएडा में कबाड़ी सहित पांच आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना सेक्टर-58 पुलिस ने लोहे की ग्रिल और बेंच चोरी करने वाले एक गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने इस मामले में एक कबाड़ी समेत पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से चोरी की गई 22 ग्रिल और 6 लोहे की बेंच बरामद की गई हैं, जिनका कुल वजन लगभग 15 क्विंटल है।

मामला मानसरोवर अपार्टमेंट, सेक्टर-61, नोएडा का है। यहां अज्ञात चोरों ने सोसाइटी की फेंसिंग हटाकर लोहे की ग्रिल और बेंचों को गैस कटर से काटकर चोरी कर लिया था। इस संबंध में मुकदमा दर्ज होने के बाद पुलिस ने घटना का खुलासा करने के लिए टीम गठित की।



पुलिस ने मोहम्मद फारूक, बशीर और राजा को सेक्टर-60 रोड ग्रीन बेल्ट के पास से गिरफ्तार किया।

उनकी निशानदेही पर आरोपी जुम्मन खान को भी पकड़ा गया। जुम्मन खान के निशानदेही पर चोरी की गई 22 ग्रिल और 6 बेंच ग्राम गिझोड़, सेक्टर-53 की खाली जगह से बरामद की गई। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि 10 दिसंबर की रात उन्होंने मानसरोवर, सेक्टर-61 से लोहे की ग्रिल और बेंचें चुराई थीं। चोरी किए गए सामान को ले जाने के लिए दो ठेलों का इस्तेमाल किया जाता था। गिरोह सड़क किनारे और सार्वजनिक स्थानों पर लगे लोहे के सामान, ग्रिल, बेंच और पाइप चुराता था। चोरी की गई सामग्री को आरोपी जुम्मन खान को देते थे, जो कबाड़ी था। जुम्मन खान इन सामानों को काटकर स्क्रैप के रूप में बेचता था। एडीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि यह गिरोह चोरी के सामान को कबाड़ी को बेचकर अवैध रूप से धन कमाता था। सभी गिरफ्तार आरोपियों को अब जेल भेज दिया गया है।

# निर्माण कार्य बंद होने पर अब दस से अधिक परियोजनाएं और देरी से पूरी होंगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** बढ़ते प्रदूषण स्तर के चलते ग्रैप-ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान- तीन के बाद चार भी लागू होने से शहर में चल रहे निर्माण कार्यों पर ग्रैप लग गया है। शहर में चिल्ला एलिवेटेड रोड सहित दस से अधिक परियोजनाएं हैं जिनका काम बंद हो गया है। पिछले महीने भी ग्रैप तीन लगे होने के कारण काम 15 दिन बंद रहा था। अब इन परियोजनाओं का काम और देर से पूरा होगा। खास बात यह है कि संबंधित परियोजनाओं का काम पहले से ही तय समय से देरी से चल रहा है। शहर में मुख्य रूप से सेक्टर-96 में नोएडा प्राधिकरण का दफ्तर बनाया जा रहा है हालांकि इसमें अब सिर्फ आंतरिक काम बचा है।

बाहर की तरफ धूल से संबंधित कोई काम नहीं हो रहा है। ऐसे में इस परियोजना पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा। शहर की सबसे बड़ी परियोजना चिल्ला एलिवेटेड रोड का काम अब बंद हो गया है। यह परियोजना पहले से ही तीन साल देरी से चल रही है। इसका काम करीब तीन साल तक बंद रहने के बाद इस साल मार्च महीने में शुरू हुआ था। यह दिल्ली के मयूर विहार से महामाया फ्लाईओवर तक 5.96 किलोमीटर तक बन रहा है। परियोजना की निर्माण लागत करीब 900 करोड़ रुपये अनुमानित है।

अभी बुनियाद (पाइलिंग) का काम चल रहा है, पिलर भी बनाए जा रहे हैं। परियोजना पहले भी कई साल प्राधिकरण, सेतु निगम, शासन के बीच बजट को लेकर फंस चुकी है। कुछ दिन पहले ही सड़क की मरम्मत का काम शुरू किया गया था जो अब बंद हो गया है। इस समय भी शहर की कई सड़कें टूटी पड़ी हैं। सेक्टर-10 में भी चल रहे नाला बनाने का काम अब प्राधिकरण को बंद करना पड़ेगा। इनके अलावा भी कई और परियोजनाएं हैं जिनके काम पर अब ब्रेक लग जाएगा। शहर में करीब 1200 करोड़ की परियोजनाओं का खुले में काम चल रहा है जिन पर अब ग्रैप तीन का असर पड़ेगा। वहीं शहर में कई जगह बिल्डर परियोजनाओं का काम चल रहा है। इनमें भी निर्माण कार्य बंद हो जाएंगे। इस बारे में नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी महेंद्र प्रसाद का कहना है ग्रैप चार की शर्तों का पालन किया जाएगा। धूल से संबंधित निर्माण कार्य बंद करा दिए गए हैं। सेक्टर-146 के सामने नोएडा को ग्रेनो से जोड़ने वाली सड़क का काम भी बंद ग्रैप चार का असर नोएडा को ग्रेनो से जोड़ने के लिए सेक्टर-146-47 के बीच से बन रही सड़क पर पड़ेगा। इस महत्वपूर्ण परयोजना का काम भी बंद कर दिया गया है। सेक्टर-21ए नोएडा स्टेडियम में बन रहे सिंथेटिक ट्रैक का काम भी अब देरी से पूरा होगा।

## रिश्तेदार महिला पर जेवर चोरी का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** कासना कोतवाली क्षेत्र में रिश्तेदार महिला पर जेवर चोरी के आरोप लगा है। कासना निवासी अर्चना ने बताया कि उसकी ताऊजी की लड़की शोभा हापुड़ की रहने वाली है। काफी समय से उसके यहां आती-जाती रहती थी। विश्वास के चलते दोनों के बीच पारिवारिक संबंध थे। 16 नवंबर 2025 को शोभा उसके कमरे पर आई थी। उस दौरान वह अपने सोने-चांदी के आभूषण पर्स में रख रही थी। बार-बार उन्हें हाथ में लेकर देख रही थी। इसके बाद अर्चना ने भी अपना सामान उसमें रख दिया। 29 नवंबर को शोभा ने अर्चना से सोने-चांदी के गहने पहनने के लिए मांगे। रिश्तेदारी के भरोसे अर्चना ने गहने उसे दे दिए। लेकिन बाद में जब पीड़िता ने फोन कर वापस मांगे तो शोभा ने लौटाने से मना कर दिया अपना मोबाइल भी बंद कर लिया।

# ई-स्कूटी लीज स्कीम के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

## नोएडा में निवेश के नाम पर 7000 रुपये महीने वसूले, बिहार का रहने वाला है आरोपी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा की थाना फेस-2 पुलिस ने ई-स्कूटी लीज स्कीम के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान बिहार निवासी सौरभ मिश्रा के रूप में हुई है। उसे भंगेल से स्थानीय खुफिया जानकारी के आधार पर पकड़ा गया।

डीसीपी शक्ति अवस्थी ने बताया कि सौरभ मिश्रा अपने सहयोगी गौरव और अन्य साथियों के साथ मिलकर एक सुनियोजित योजना के तहत काम करता था। उन्होंने भंगेल स्थित चौतन्य बिल्डिंग में एक कार्यालय खोला था, जहां से वे एनसीआर क्षेत्र के लोगों को



निशाना बनाते थे। आरोपी लोगों को ई-स्कूटी कंपनी की आकर्षक स्कीमों का लालच देते थे। पीड़ितों को उनके नाम पर ई-स्कूटी खरीदने का झांसा देकर प्रति माह 7,000 लाभांश देने का वादा किया जाता था। प्रत्येक ई-स्कूटी के लिए पीड़ितों से 85,000 की राशि जमा करवाई जाती थी। आरोपी यह दावा करते थे कि तीन साल की अवधि पूरी होने पर ई-स्कूटी वापस कर दी जाएगी। धोखाधड़ी का खुलासा होने के बाद चौतन्य बिल्डिंग स्थित कार्यालय बंद कर आरोपी फरार हो गए थे। गौरव मिश्रा, जो इस गिरोह का हिस्सा था, को पहले ही गाजियाबाद कमिश्नरेट ने अन्य साइबर ठगी के मामले में गिरफ्तार कर जिला कारागार गाजियाबाद में भेजा जा चुका है। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ जारी है और अन्य संभावित पीड़ितों की पहचान कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### बिरौंडी के किसानों को आबादी भूखंड देने की प्रक्रिया शुरू

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** जमीन अधिग्रहण से प्रभावित ग्रेटर नोएडा के बिरौंडी चक्रसैनपुर गांव के किसानों को आबादी भूखंड देने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। प्राधिकरण के सीईओ से सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने के बाद नियोजन विभाग ने इसकी सूचना जारी कर आपत्ति और सुझाव मांगा है। सौ से अधिक किसानों को लाभ मिलेगा। प्राधिकरण के अधिकारी के मुताबिक पात्र पाए गए किसानों को नए साल में भूखंड आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके लिए जगह चिन्हित कर ली गई है। भूखंड ड्रा के माध्यम से दिए जाएंगे।

इसके अलावा क्षेत्र के कासना, डाढ़ा, सिरसा, इटेड़ा, बिसरख, पतवाड़ी, पाली और रिठौरी आदि गांवों के किसानों को भी इस समय 6/10 फीसदी भूखंड देने की प्रक्रिया चल रही है। सीईओ रवि कुमार एनजी का कहना है कि जमीन अधिग्रहण से प्रभावित किसानों को आबादी भूखंड आवंटित किए जाने का काम प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। प्रयास है कि सभी पात्र किसानों को अगले कुछ महीनों में भूखंड आवंटित कर दिए जाएं। शासन के दिशा- निर्देश पर किसानों से जुड़ी अन्य समस्याओं का भी निस्तारण किया जा रहा है। गांवों के विकास पर भी जोर है। चार हजार से अधिक किसानों की पात्रता तय- प्राधिकरण ने आबादी भूखंड देने के लिए क्षेत्र के 60 गांवों में लगभग 4100 किसानों की पात्रता तय कर ली है। इनकी सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। उम्मीद है कि नए वर्ष में सभी किसानों को भूखंड आवंटित कर दिए जाएंगे। इसके लिए जमीन की तलाश की जा रही है। वहीं पूर्व में जिन किसानों की पात्रता तय की गई थी,उन्हें भूखंड दिए जा रहे हैं। बता दें कि जमीन अधिग्रहण से प्रभावित क्षेत्र के किसानों की पात्रता तय करने का काम पिछले लगभग चार वर्षों से बंद पड़ा था। शासन के दिशा- निर्देश पर अब इसमें तेजी आ गई है।

### 36 स्वास्थ्य केंद्रों पर मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का सफल आयोजन

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** शासन एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी गौतमबुद्धनगर के निर्देशों के क्रम में आज जनपद में मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों का आयोजन 15 नगरीय एवं 21 ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों पर सफलतापूर्वक किया गया। आयोजित स्वास्थ्य मेलों में कुल 1549 लाभार्थियों को विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। जिला मलेरिया अधिकारी गौतमबुद्धनगर श्रुति कीर्ति वर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री आरोग्य स्वास्थ्य मेलों के दौरान सामान्य रोगों के साथ साथ ज्वर, सर्दी खांसी, श्वसन रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप एवं त्वचा रोगों की जांच एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई गई। लाभार्थियों को आवश्यकतानुसार नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया तथा विभिन्न जांच सेवाएं भी प्रदान की गईं। ज्वर से पीड़ित रोगियों की आवश्यक जांच कर गंभीर मामलों को उच्च स्वास्थ्य केंद्रों पर संदर्भित किया गया। इस अवसर पर आमजन को शीत ऋतु के दृष्टिगत ठंड से बचाव के संबंध में जागरूक किया गया। नागरिकों को पर्याप्त ऊनी वस्त्र पहनने, ठंड के समय विशेष सावधानी बरतने, गरम पानी का सेवन करने, बच्चों एवं बुजुर्गों को ठंड से सुरक्षित रखने तथा सर्दी, खांसी अथवा बुखार के लक्षण होने पर शीघ्र निकटतम स्वास्थ्य केंद्र से परामर्श लेने की सलाह दी गई।

# मेडिकल स्टोर संचालक से 1.20 लाख की ठगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक मेडिकल स्टोर संचालक से हनी ट्रैप के जरिए 1.20 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों, मामा और भांजे को गिरफ्तार किया है। दोनों को रविवार को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।

पीड़ित मेडिकल स्टोर संचालक ने पुलिस को बताया कि लगभग एक माह पहले उसकी पहचान नौरंगपुर निवासी करन और छिजारसी निवासी कैलाश से हुई थी। आरोपियों ने पहले उससे दोस्ती बढ़ाई और फिर एक युवती बनकर व्हाट्सएप पर बातचीत शुरू कर दी। आरोप है कि लड़की बनकर चौट कर रहे इन आरोपियों ने पहले मदद के नाम पर कुछ पैसे मांगे। इसके बाद उन्होंने पीड़ित को झूठे हनी ट्रैप केस में फंसाने और पुलिस कार्रवाई की धमकी देकर लगातार पैसे ऐंठने शुरू कर दिए। डर के कारण पीड़ित ने अलग-अलग किस्तों में कुल 1.20 लाख रुपये आरोपियों को दे दिए।

जब पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ, तो उसने दनकौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस जांच में पता चला कि जिस मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप चौटिंग की जा रही थी, वह सिम आरोपी करन के नाम पर पंजीकृत थी। इसी से पूरे मामले का खुलासा हुआ।।पुलिस ने शनिवार देर रात दोनों आरोपियों को दनकौर कस्बे से गिरफ्तार कर लिया।

## निर्माण कार्य के नाम पर पैसे हड़पने का आरोप

**ग्रेटर नोएडा।** चिनाई ठेकेदार ने मकानों का निर्माण कार्य करने के नाम पर तीन लोगों से रुपये ऐंठ लिए। ठेकेदार ने न तो कार्य पूरा किया और न ही एडवांश में लिए गए रुपये वापस किए। उल्टा मकान मालिकों के साथ दुर्व्यवहार किया। पुलिस से मामले की शिकायत की गई है। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के सेक्टर 19 स्थित गौर यमुना सिटी निवासी रिंकी तौमर ने पुलिस को सौंपी शिकायत में कहा है कि उसने और दो अन्य रिश्तेदारों ने सेक्टर में अपने तीन प्लॉट पर मकान निर्माण का ठेका अलीगढ़ जिले के थाना पिसावा अंतर्गत गांव शेरपुर निवासी चिनाई ठेकेदार रामप्रकाश को 150 रुपए प्रति वर्ग गज में दिया था।

ठेकेदारों ने तीनों मकानों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया। कुछ दिन बाद लेबर को पैसे देने और परिजन की बीमारी का बहाना बनाकर आरोपी ठेकेदार ने किए गए कार्य से अधिक पैसे ले लिए।

# सोसाइटी से लावारिस कुत्ते निकालने के मुद्दे पर दो पक्षों में विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित श्री राधा स्काई गार्डन सोसाइटी से लावारिस कुत्तों को बाहर निकालने को लेकर शनिवार रात बैठक की गई। बैठक के दौरान दो पक्षों के बीच विवाद हो गया, जिसके बाद पुलिस ने मामले को शांत कराया। कुछ लोगों का आरोप है कि लावारिस कुत्तों के काटने के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। सोसाइटी के टावर 10 के फ्लैट नंबर 1604 में अतुल शर्मा अपने परिवार के साथ रहते हैं। उन्होंने बताया कि शुक्रवार दोपहर उनकी पत्नी दोनों बेटियों को स्कूल से लेकर आ रही थीं। पार्किंग में स्कूटी लगाने के बाद वह घर की तरफ जा रही थी।

रास्ते में कुछ लोग कुत्तों को पार्क में खाना डाला जा रहा था। इसी दौरान वहां से लावारिस कुत्ते भागते हुए उनकी पत्नी की तरफ आए। करीब आठ से नौ लावारिस कुत्तों ने उनके बच्चों और पत्नी पर हमला कर दिया। इस दौरान उनकी पत्नी ने छोटी बेटी को गोदी में उठा लिया, लेकिन पत्नी और दूसरी बेटी को कुत्तों ने बुरी तरह काट लिया। उनकी चीख-पुकार पर आसपास के लोगों आए और उन्हें बचाया। इसके बाद उन्हें अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया। अतुल ने बताया कि उनकी बेटी के पैर पर कुत्ते द्वारा काफी बुरी तरह काट लिया गया है, जिससे वह बैठ नहीं पा रही है। वहीं एक-दो दिन में उनकी बेटी की परीक्षा शुरू हो जाएंगी। ऐसे में वह परीक्षा देने भी नहीं जा पाएंगी। लावारिस कुत्तों के काटने के कारण बच्चे काफी अधिक डर गए हैं। लोगों का आरोप है कि इस तरह के सोसाइटी में 15 से अधिक मामले हो चुके हैं। उसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। प्राधिकरण से भी लगातार शिकायत की जा रही है। पुलिस ने मामला शांत कराया निवासी अतुल ने बताया कि हादसे के बाद शनिवार रात आठ बजे पार्क में एक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सभी लोगों ने लावारिस कुत्तों को प्राधिकरण से शिकायत कर पकड़वाकर शेल्टर होम भिजवाने पर सहमति जताई। उन्होंने बताया कि इसी दौरान कुछ लोग बैठक में आए और हंगामा करने लगे। उन्होंने कुत्तों को सोसाइटी से बाहर निकालने का विरोध जताते हुए नोकझोंक की।

# रेरा ट्रिब्यूनल का बिल्डर पर शिकंजा, 45 दिनों में देरी का ब्याज चुकाने का आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** उत्तर प्रदेश रियल एस्टेट अपीलीय न्यायाधिकरण (यूपी रेरा ट्रिब्यूनल) ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-27 स्थित एक आवासीय परियोजना के प्रमोटर को सख्त निर्देश दिए हैं। न्यायाधिकरण ने आदेश दिया है कि प्रमोटर 45 दिनों के भीतर घर खरीदारों को देरी का ब्याज चुकाए। टाउनशिप के मास्टर क्लब व गोल्फ कोर्स के नाम पर वसूले गए रुपए लौटाए।

इसके साथ ही प्रमोटर को पंजीकृत त्रिपक्षीय सब-लीज डीड में छूटी हुई जानकारी के लिए करेक्शन डीड कराने का भी निर्देश दिया गया है। यह आदेश न्यायमूर्ति सुनीत कुमार (अध्यक्ष) और रामेश्वर सिंह (प्रशास. निक सदस्य) की पीठ ने पारित किया।

न्यायाधिकरण ने एआर लैंडक्राफ्ट एलएलपी की अपीलों को खारिज कर दिया, जो 100 एकड़ की गोडरेज गोल्फ लिंक टाउनशिप के अंतर्गत




गोडरेज क्रेस्ट रेजिडेंशियल क्लस्टर की प्रमोटर है। कंपनी ने 7 मार्च 2024 को यूपी रेरा द्वारा दिए गए आदेश को चुनौती देते हुए अपील दायर की थी।

**कार्रवाई पर विचार करने का आदेश दिया गया:** यूपी रेरा को 2016 के रेरा अधिनियम के तहत कार्रवाई पर विचार करने का आदेश दिया गया है। राज्य सरकार को यह भी जांच करने के निर्देश दिए गए हैं कि ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण ने आरईपी (रिक्रिएशनल एंटरटेनमेंट पार्क) योजना और भवन नियमों का उल्लंघन किया या नहीं, जिससे प्रमोटर को लाभ हुआ हो। न्यायाधिकरण ने अपनी टिप्पणी में कहा कि प्रमोटर ने परियोजना की शुरुआत से ही धोखाधड़ीपूर्ण, अनुचित और भ्रामक प्रथाओं में लिप्त होकर काम किया।

**अदालत के आदेश में क्या कहा गया-** प्रमोटर द्वारा परियोजना की शुरुआत से ही धोखाधड़ी, अनुचित और भ्रामक तरीके अपनाने की बात दर्ज की गई।

GNIDA द्वारा दी गई नियामक स्वीकृतियों पर गंभीर सवाल उठाए गए और रेरा को निर्देश दिया गया कि वह आरईपी योजना का पूरा रिकॉर्ड, स्वीकृत लेआउट और सब-लीज दस्तावेज प्रस्तुत करे।

प्रमुख सचिव को निर्देश दिए गए कि वे यह जांच करें कि GNIDA ने आरईपी योजना और भवन नियमों का उल्लंघन कर प्रमोटर को लाभ पहुंचाया या नहीं।

यह आकलन करने के निर्देश दिए गए कि रिक्रिएशनल ग्रीन एरिया और आरईपी योजना से संबंधित प्रक्रियाओं को दरकिनार किया गया या नहीं।

यह दर्ज किया गया कि खरीदारों को संपत्ति की प्रकृति, स्वामित्व हस्तांतरण और क्लब व गोल्फ कोर्स शुल्क (जो मूलतः वैकल्पिक थे) के बारे में गुमराह किया गया, और इन्हीं शुल्कों का उपयोग कब्जा और कन्वेयंस रोकने के लिए किया गया।

यह भी दर्ज किया गया कि प्रमोटर ने इन शुल्कों के माध्यम से लगभग 100 रुपए करोड़ इकट्ठा किए और आवंटियों से धोखाधड़ी कर धन वसूला।

त्रिपक्षीय सब-लीज डीड में गंभीर कमियां पाई गईं, जिनमें प्लॉट का आकार, एक्सक्लूसिव एरिया, सीमा विवरण और अनुपातहीन अविभाजित हिस्सेदारी (न्दकपअपकमकौंतम) का उल्लेख न होना शामिल है।

न्यायाधिकरण ने कहा कि ये उल्लंघन अलग-अलग चूक नहीं, बल्कि एक सुनियोजित पैटर्न का हिस्सा हैं, जो परियोजना की स्वीकृतियों, समझौतों और खरीदारों पर डाले गए वित्तीय दायित्वों में दिखाई देता है।

**हम अभी आदेश का विश्लेषण कर रहे- प्रमोटर:** गोडरेज समूह के प्रवक्ता ने कहा- हम न्यायाधिकरण के निष्कर्षों और निर्देशों से आश्चर्यचकित हैं। हम अभी आदेश का विस्तृत विश्लेषण कर रहे हैं। इसके बाद सक्षम न्यायालय में इसे चुनौती देने की उचित प्रक्रिया अपनाएंगे।

# सिलेंडर में गैस रिसाव से फ्लैट में लगी आग, बुजुर्ग दंपती झुलसे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** हैबीटेक पंचतत्व सोसायटी में 24वीं मंजिल के फ्लैट में सिलेंडर से लीकेज गैस में दीपक से आग लग गई। आग की चपेट में आकर बुजुर्ग दंपती मामूली रूप से झुलस गए। सोसायटी के सुरक्षा गार्डों ने दमकल कर्मियों के साथ जब तक आग पर काबू पाया। फ्लैट के तीन कमरों में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। स्वजन ने दंपती को अस्पताल में भर्ती कराया है।

घटना शुक्रवार शाम करीब 5.30 बजे ईकोटेक तीन की हैबीटेक पंचतत्व सोसायटी टेकजोन-चार के टावर नंबर ए-6 के 24वीं मंजिल पर स्थित फ्लैट की है। फ्लैट मीनल शर्मा के नाम से है। इसमें बुजुर्ग दंपती रहते हैं। टावर में सुरक्षा गार्ड बुद्धराम हैं। पड़ोसियों ने दंपती की चीख पुकार सुन आनन-फानन सुरक्षा गार्ड बुद्धराम को सूचना दी। सुरक्षा गार्ड इंचार्ज विनय आनन-फानन अग्निशमन उपकरण लेकर फ्लैट पर पहुंचे। आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहे दंपती को फ्लैट से बाहर निकाला। दोनों आग बुझाने के प्रयास में मामूली रूप से झुलस गए थे। गार्डों ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। इस बीच सूचना पर दमकल कर्मी भी दो गाड़ियों के साथ मौके पर पहुंच गए। दोनों ने करीब 45 मिनट में आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक तीन कमरों में रखा सामान जल कर खाक हो चुका था। विनय ने बताया कि दंपती ने पूजा घर में दीपक जलाया था। इसी दौरान आग फैल गई। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया प्राथमिक जांच की है। आशंका है कि घरेलू गैस सिलिंडर में पहले से ही रिसाव हो रहा होगा। शाम को पूजन आदि के लिए दीपक जलाने के दौरान आग फैल गई। कहा दंपती के मामूली रूप से झुलसने की सूचना है। कोई बड़ी जनहानि नहीं हुई है।


**शॉर्ट सर्किट से इलेक्ट्रिक उपकरणों की दुकान में लगी आग:** ग्रेनो वेस्ट की गैलेक्सी रायल सोसायटी स्थिति मार्केट में शनिवार सुबह करीब नौ बजे एक इलेक्ट्रिक की दुकान में आग लगी गई। धुआं उठता देख आसपास के लोगों ने दमकल को सूचना दी।

# ग्रेटर नोएडा में कोहरे से टकराए छह वाहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में रविवार सुबह घने कोहरे के कारण राष्ट्रीय राजमार्ग-91 (एनएच-91) पर एक बड़ा सड़क हादसा हो गया। कोट गांव के पास हुए इस हादसे में छह वाहन आपस में टकरा गए। कई गाड़ियां क्षतिग्रस्त हो गईं, हालांकि किसी को गंभीर चोट नहीं आई और कोई जनहानि नहीं हुई।

यह घटना दादरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत एनएच-91 पर सुबह के समय हुई। घने कोहरे और कम दृश्यता के कारण एक कार दूसरी कार से टकरा गई। इसके बाद पीछे से आ रहे दो अन्य वाहन भी एक-दूसरे से जा भिड़े, जिससे कुल छह गाड़ियां एक के बाद एक टकराती चली गईं। टक्कर लगने से सभी वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल घायलों की मदद की। प्रारंभिक जानकारी के



अनुसार, इस हादसे में गाड़ियों में सवार लोगों को हल्की-फुल्की चोटें आईं, लेकिन किसी को भी गंभीर चोट नहीं लगी। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने तत्काल क्रेन बुलाई और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाया। हादसे के कारण कुछ देर के लिए यातायात बाधित हुआ, लेकिन पुलिस ने जल्द ही जाम खुलवाकर स्थिति सामान्य कर दी।

कई लोग अपने वाहनों को लेकर मौके से चले गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा दादरी की तरफ से सिकंदराबाद की ओर जाते समय हुआ। पुलिस के अनुसार, किसी भी व्यक्ति को गंभीर चोट नहीं आई है और न ही किसी ने कोई शिकायत दर्ज कराई है। सभी वाहनों को समय रहते हटा लिया गया है और फिलहाल स्थिति सामान्य है।

# पतंजलि विश्वविद्यालय को ज्ञान भारतम मिशन संस्कृति मंत्रालय द्वारा बनाया गया क्लस्टर सेंटर

**हरिद्वार।** ज्ञान भारतम मिशन, संस्कृति मंत्रालय के द्वारा आज हरिद्वार में आयोजित एक समारोह में पतंजलि विश्वविद्यालय को 'क्लस्टर सेंटर' के रूप में मान्यता प्रदान की गई। इस संदर्भ में पतंजलि विश्वविद्यालय के कुलाधिपति योगगुरु स्वामी रामदेव, कुलगुरु डॉ. आचार्य बालकृष्ण तथा ज्ञान भारतम मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अनिर्बान दाश, डॉ. श्रीधर बारीक (कॉर्डिनेटर, छडड) तथा विश्वरंजन मालिक (कॉर्डिनेटर, डिजिटाइजेशन, छडड) की उपस्थिति में एक डवन साइन किया गया। इस अवसर पर योगगुरु स्वामी रामदेव ने माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, गृह मंत्री अमित शाह जी, संस्कृति मंत्री गजेंद्र शेखावत जी सहित ज्ञान भारतम मिशन की पूरी टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री




जी की संस्कृति मूलक भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण का जीवंत उदाहरण है ज्ञान भारतम मिशन। डॉ. आचार्य बालकृष्ण ने बताया की अभी तक 33 एमओयू इस मिशन के तहत साइन हुए हैं जिसमें क्लस्टर सेंटर 20 हैं। इनमें से 8 विश्वविद्यालय हैं और योग शिक्षा आधारित प्रथम क्लस्टर सेंटर पतंजलि विश्वविद्यालय है। उन्होंने बताया अभी तक पतंजलि विश्वविद्यालय में 50000 से ज़्यादा प्राचीन ग्रंथों के संरक्षण, 42 लाख पृष्ठों के डिजिटलाइजेशन और 40 से अधिक पांडुलिपियों के शोधन एवं पुनर्प्रकाशन का कार्य किया जा चुका है। ज्ञान भारतम के क्लस्टर सेंटर के रूप में अब पतंजलि इस कार्य को और दिव्यता प्रदान करते हुए 20 केन्द्रों को भी प्रशिक्षित और प्रोत्साहित कर इस मिशन से जोड़कर भारतीय संस्कृति के रक्षण का कार्य कर सकेगा। इस अवसर पर ज्ञान भरतम मिशन के प्रोजेक्ट डायरेक्टर डॉ. अनिर्बान दाश जी ने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन

**आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की भारतीय संस्कृति, धरोहर एवं विरासत के संरक्षण की दूरदृष्टि का आधार है ज्ञान भारतम मिशन: स्वामी रामदेव**

के अंतर्गत क्लस्टर सेंटर के रूप में पतंजलि विश्वविद्यालय योग और आयुर्वेद पर आधारित पांडुलिपियों पर ना केवल शोध करेगा अपितु इसको शिक्षा क्रांति से जोड़कर देश एवं समाज तक पहुंचाएगा। इस अवसर पर पतंजलि विश्वविद्यालय की मान. विकी एवं प्राचीन अध्ययन संकाय की डीन डॉ. साध्वी देवप्रिया सहित पतंज. लि अनुसंधान संस्थान के डॉ. अनुराग वार्ष्णेय, डॉ. सतपाल, डॉ. करुणा, डॉ. स्वाति, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. रश्मि मित्तल सहित सभी छात्र एवं वैज्ञानिक उपस्थित रहे।

# बैठक में व्यापारियों की सुनी समस्याएं

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** किरायाना एसोसिएशन की वार्षिक बैठक में संगठन की मजबूती पर बल देते हुए व्यापारी एकजुटता को जरूरी बताया गया। इस दौरान व्यापारियों ने जाम का सबब बनने वाले ई रिक्शा का प्रवेश बाजारों में प्रतिबंधित किए जाने की पुरजोर मांग उठाई।

मंगलौर चौकी स्थित एक सभागार में हुए कार्यक्रम में नगर उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष मनोज सिंघल ने कहा कि अपने हक की लड़ाई और मांगों के निराकरण के लिए व्यापारियों का एकजुट होना जरूरी है।

महामंत्री इसहाक बाले खां ने कहा कि व्यापारी देश की आर्थिक रीढ़ है। शासन प्रशासन स्तर पर व्यापारियों की समस्याओं का निदान प्राथमिकता के आधार पर किया जाना चाहिए। किरायाना एसोसिएशन अध्यक्ष राजेश गुप्ता ने कहा कि ई रिक्शा के दिन के समय बाजारों में प्रवेश से जाम की समस्या विकराल रूप ले चुकी है। बार बार मांग के बावजूद भी प्रशासन इस तरफ ध्यान नहीं दे रहा है।



पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग व लोजपा नेता राघव दास अग्रवाल ने भी विचार रखें और व्यापारियों से कभी भी जरूरत पडने पर हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। अध्यक्षता मदन लाल कश्यप ने की। इस मौके पर मुकेश गर्ग, आलोक गर्ग, महबूब अंसारी, आदेश मित्तल, पंकज गंभीर समेत काफी संख्या में व्यापारी शामिल रहे।

## युवक ने लाठी डंडों से मारपीट करने का लगाया आरोप

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** गांव के ही एक व्यक्ति ने गाली गलौज करनी शुरू कर दी जब युवक ने इसका विरोध किया तो लोगो को बुलाकर लाठी-डंडो से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। तहरीर मिल गई है, मामले की जांच की जा रही है।

सांपला खत्री गांव निवासी सऊद कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि रविवार को वह गांव में एक खाली पड़े प्लाट से होकर गुजर रहा था। आरोप है कि इसी दौरान प्लाट के करीब बने घर से एक व्यक्ति ने गाली गलौज करनी शुरु कर दी। विरोध करने पर आधा दर्जन से अधिक लोग वहां पहुंचे और उस पर लाठी डंडों से हमला कर दिया। जिसमें वह घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों ने उसकी जान बचाई। पुलिस का कहना है कि तहरीर मिल गई है, मामले की जांच की जा रही

# सामूहिक यज्ञ का हुआ आयोजन, जरूरतमंदों को कंबल वितरित किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** आर्य उपप्रतिनिधि सभा एवं आर्य समाज के संयुक्त तत्वाधान में रणखंडी गांव स्थित सदाशिव कन्या इंटर कालेज में रविवार को सामूहिक यज्ञ का आयोजन हुआ। इसमें ग्रामीणों ने आहूति देकर परिवार में सुख समृद्धि और देश में खुशहाली के लिए कामना की।

कार्यक्रम में यज्ञ ब्रह्मा आचार्य धनकुमार शास्त्री ने कहा कि वेद ज्ञान का अनुसरण करने से मनुष्य सुखी रहता है। आचार्य ओमवीर शास्त्री ने भी यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए वेदों के ज्ञान को जरूरी बताया। पूर्व ब्लाक प्रमुख अनिल सिंह पुंडीर व ग्राम प्रधान प्रमोद राणा ने युवाओं से देश धर्म की रक्षा के लिए आगे आने का आह्वान किया। यज्ञ के यजमान संदीप व प्रभात आर्य रहे। इस दौरान 10 जरूरतमंद लोगों को सर्दी से बचाव के लिए कंबल दिए गए।



कार्यक्रम के बाद स्कूल की छात्राओं व ग्रामीणों ने यज्ञ कुंड को लेकर पूरा गांव में भ्रमण किया। इस दौरान प्रधानाचार्या गीता, प्रबंधक युद्धवीर सिंह, विपिन आर्य, अमरीश आर्य, सभा प्रधान मुकेश आर्य, मंत्री डा. सुरेंद्र आर्य, शिवराज आर्य, यशपाल, बृजपाल फौजी, अजब सिंह, ओमपाल राणा व दारा सिंह आदि शामिल रहे।

# 10 लाख की रंगदारी न देने से जान से मारने की धमकी का लगाया आरोप

**देवबन्द।** धर्मकांटा मालिक से 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा कायम किया है। आरोपित पर पूर्व में 15 से अधिक मुकदमे दर्ज है। रणखंडी फाटक के निकट धर्मकांटा चलाने वाले मुहल्ला पठानपुरा निवासी खुशनसीब ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि मुहल्ले का ही रहने वाला जावेद ढेवा आपराधिक प्रवृत्ति का सजायाफ्ता व्यक्ति है, जो फिलहाल जमानत पर बाहर है। इस पर दुष्कर्म, हत्या आदि के गंभीर मुकदमे दर्ज है। आरोप है कि गत 12 दिसंबर को शाम के समय जावेद एक अन्य व्यक्ति को साथ लेकर जबरन उसके घर में घुस आया और 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी। शोर मचाने पर मुहल्ले के लोगों को आता देख आरोपित दो दिन के भीतर 10 लाख रुपये नहीं देने पर हत्या कर देने की धमकी देकर भाग गया। बताया कि इससे पूर्व 10 अक्टूबर को भी आरोपित ने उससे रंगदारी मांगी थी और उसके ऊपर गोली भी चलाई थी, जिसमें वह बाल बाल बच गया था। आरोपित ने उसकी पुत्री का अपहरण कर दुष्कर्म करने की भी धमकी दी हुई हैं, जिसकी ओडियो उसके पास मौजूद है। बताया कि आरोपित और उसके परिवार के कई लोगों पर गैंगस्टर है और इन पर पूर्व विधायक माविया अली की सुपारी देकर हत्या कराने तक के मुकदमे दर्ज है। पुलिस ने मामले में जावेद ढेवे के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## भाकियू टिकैत का धरना जारी

**नहटौर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक परिसर में तीसरे दिन भी धरना प्रदर्शन जारी रखा। भारतीय किसान यूनियन टिकैत वन विभाग, पुलिस तहसील व ब्लॉक स्तर की समस्याओं के समाधान नहीं होने पर धरना प्रदर्शन कर रही है। धरना प्रदर्शन में सोमवार को कड़े निर्णय लेने का ऐलान किया गया। भारतीय किसान यूनियन टिकैत के कार्यकर्ताओं ने कहा कि जब तक किसानों की समस्या का समाधान नहीं होगा, धरना-प्रदर्शन चलता रहेगा। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष मुनेश कुमार अहलावत, नगर अध्यक्ष रिंकू राठी, मास्टर विजयपाल सिंह, विकास कुमार, राजकुमार सिंह, बलराम सिंह, जहीन अहमद, अयूब आदि रहे।

# अदालत ने अवैध रुप से रहे बांग्लादेशी छात्र की विवेचना से जताई असंतुष्टि

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** फर्जी दस्तावेजों पर भारत में अवैध रुप से रहकर दारुल उलूम में पढ़ाई करने के दौरान अप्रैल 2022 को गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी छात्र, उसके साथियों और फर्जी प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के मद्दगारों पर दर्ज मामले में विवेचना से असंतुष्ट एसीजेएम परविंद्र सिंह की अदालत ने विवेचक को कड़ी फटकार लगाई है। साथ ही अदालत ने पुलिस को मुकदमे की अग्रिम विवेचना के आदेश दिए हैं।

एसीजेएम परविंद्र सिंह ने बांग्लादेशी अभियुक्त के देशविरोधी और आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त होने के बावजूद विवेचक सिरा. जुद्दीन के सामान्य धाराओं में मामला पंजीकृत करने पर नाराजगी जताते हुए कड़ी फटकार लगाई है। दरअसल, पुलिस ने अप्रैल 2022 को अवैध रुप से घुसपैठ कर फर्जी प्रमाण पत्रों के आधार पर दारुल उलूम में प्रवेश लेकर पढाई कर रहे कक्षा आठ (अरबी) के छात्र फारुक को गिरफतार किया था।

छात्र शुरुआत में स्वयं को मेघालय भारत का नागरिक बताया था और उसके पास भारत का आधार कार्ड व पैन कार्ड भी था। हालांकि तलाशी लेने पर उसके पास से बाग्लादेश पासपोर्ट की फोटो स्टेट, बांग्लादेशी मुद्रा के नोट व मोबाइल बरामद हुआ था। इसमें लगी लगी चिप में देशविरोधी गतिविधियों के साहित्य मिले थे। सख्ती से पूछताछ में फारुक ने स्वीकार किया था कि वह बांग्लादेश के थाना दारुद कुंदी, डिविजन चटोग्राम जिला कुमिल्ला का निवासी है। दारुल उलूम में पढाई के लिए फर्जी तरीके से भारत में दाखिल हुआ था। वर्ष 2017 में उसने तहसील के सामने स्थित दुकान से फर्जी आधार कार्ड व पैन कार्ड बनाया था। उसने यह भी बताया कि उसके दो साथी सलाउद्दीन सालिम व इफ्ते. कार-उल-हक भी फर्जी दस्तावेजों के आधार पर दारुल उलूम में कक्षा सात में पढ़ते हैं।

मामले पुलिस ने फारुक, सला. उद्दीन सालिम, इफ्तेकार-उल-हक, तहसील गेट के सामने अज्ञात दुक. ानदार व रशीदिया मस्जिद के पास टोपी की दुकान चलाने वाले व्यक्ति के विरुद्ध धारा 420,467,468,471 व 14बी विदेशी अधिनियम की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की थी। विवेचना उस समय कोतवाली में तैनात इंस्पेक्टर सिराजुद्दीन ने की थी। मुख्य अभियुक्त फारुक भोपाल केंद्रीय कारागार में निरुद्ध है और भोपाल की स्पेशल कोर्ट में अभियुक्त है जिसमें उसके बांग्लादेशी आतंकी संगठन जेएमबी का सक्रिय सदस्य होने, मुस्लिम युवाओं को जिहाद के नाम पर आतंकी संगठन में शामिल करने व उनसे भारत के विभिन्न राज्यों में आतंकी घटनाएं करने के लिए प्रेरित करने के पर्याप्त साक्ष्य उपलब्ध है।

एसीजेएम परविंद्र सिंह के यहां चल रही सुनवाई में अदालत ने विवेचक सिराजुद्दीन के विवेचना में घोर लापरवाही बरतने पर कड़ी फटकार लगाई। कहा कि विवेचक ने दो बांग्लादेशी छात्रों के फरार होने के कारण उनकी विवेचना को समाप्त कर दिया। उनके फरार होने में अन्य लोगों के सहयोग के संबंध, बांग्लादेशी छात्रों के संपर्क और

**■ एसीजेएम ने विवेचना पर असंतोष जता कोतवाली प्रभारी को दिए पुन: विवेचना के आदेश**

दारुल उलूम से प्रवेश संबंधी अनियमित्ता व विदेशी छात्रों के अवैध दाखिले की जांच नहीं की। फरार आरोपी 2017 से 2022 तक पांच साल दारुल उलूम में पढे और 2022 में उन्होंने अपना दाखिला जिस पत्र को भेजकर निरस्त कराया उस पत्र को कौन लाया इसकी जांच भी नहीं की गई। एसीजेएम ने देवबंद कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को मुकदमे की अग्रिम विवेचना कराने के आदेश दिए है। आदेश की प्रतिलिपि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहारनपुर, जिला जज, प्रदेश के डीजीपी व मुख्य सचिव को भी भेजी गई है।

# 75 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थी सम्मानित









**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** माइनॉरिटी स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन पिछले सालों की तरह इस साल भी हाई स्कूल व इण्टरमीडिएट परीक्षा 2025 में 75 प्रतिशत या उससे अधिक अंको से उत्तीर्ण हुए अल्पसंख्यक छात्र-छात्राओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस्लामिया इण्टर कॉलेज में माइनॉरिटी स्कूल वेलफेयर एसोसिएशन के द्वारा अर्वाचीन स्कूल को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनका होसला-अफजाई किया गया।

वही सभी को शिक्षा के लिए जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के मेधावी विद्यार्थियों समी सदफ, असद, एवं सना को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और उज्ज्वल भविष्य के लिए प्रेरित किया गया। वक्ताओं ने बच्चों को निरंतर मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। इस सम्मान से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल रहा। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकगण एवं अभिभावकों ने विद्यार्थियों की सफलता पर गर्व व्यक्त किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस सम्मान को पाकर बच्चों के चेहरे खिल उठे।

## रोडवेज बस और ट्रैक्टर की टक्कर, बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** बीती देर रात मुरादाबाद मार्ग पर गांव मकसूदपुर के पास रोडवेज बस और ट्रैक्टर की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। गनीमत रही कि दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

जानकारी के अनुसार मुरादाबाद की ओर से आ रही रोडवेज बस जैसे ही सैदपुर चौकी से आगे पहुंची, तभी सामने से स्योहारा की ओर से आ रहा ट्रैक्टर चालक अचानक मकसूदपुर की दिशा में वाहन मोड़ने लगा। अचानक मोड़ लिए जाने से बस चालक को संभलने का मौका नहीं मिला और दोनों वाहनों में टक्कर हो गई। टक्कर इतनी तेज थी कि रोडवेज बस का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। बस में सवार यात्रियों में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई। हालांकि किसी को कोई चोट नहीं आई। हादसे के चलते कुछ समय के लिए मार्ग पर यातायात बाधित रहा। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। धामपुर के क्षेत्राधिकारी अभय कुमार पांडे भी घटनास्थल पर पहुंचे।

# नगली मेहनाज व खटौली के बीच पानी निकासी की समस्या जस की तस



**नागल।** थाना क्षेत्र के गांव नगली मेहनाज व खटौली के ग्रामीणों के बीच पानी निकासी को लेकर चली आ रही तनातनी को कुछ समय तक विराम लग गया किंतु समस्या जस की तस बनी रहने से मामला पुलिस प्रशासन के लिए भी सिर दर्द बना हुआ है।

मिली जानकारी के मुताबिक गांव नगली मेहनाज का पानी पिछले काफी समय से खटौली गांव के तालाब मे गिरता आ रहा है। जिससे तालाब ओवरफ्लो हो गया है। इस समस्या से निजात दिलाने के लिए गांव के निवासियों ने तालाब खुदाई कराने की प्रशासन से गुहार लगाई जिस पर कुछ दिनों पहले गांव के तालाब की खुदाई का काम कृषि रक्षा विभाग द्वारा शुरू करा दिया गया है। खुदाई कार्य के चलते नंगली मेहनाज गांव का पानी रोक दिया गया है जिससे वहां पर पानी एकत्र हो गया है। गांव का पानी रोकने को लेकर नंगली मेहनाज के ग्रामीणों मे रोष व्याप्त हो गया और वे पूर्व की भांति ही पानी की निकासी यथावत रखने की मांग को लेकर एकत्र हो गए। उधर खटौली गांव के ग्रामीणों का कहना है नंगली मेहनाज गांव का पानी उसके रकबे के अन्तर्गत आने वाले तालाबों मे गिराना चाहिए न कि उनके गांव मे। इस बात को लेकर पिछले कई दिन से तनातनी चली आ रही थी। रविवार को इस मुद्दे को लेकर दोनों गांव के ग्रामीण आमने सामने आ गए। सूचना मिलने पर हल्का लेखपाल, नायब तहस. ीलदार के साथ साथ शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची। दोनों ही गांव के ग्रामीण अपने अपने तर्क वितर्क से अपनी अपनी बात पर अडे थे। काफी जद्दोजहद के बाद आपसी निर्णय से तय हुआ कि जब तक समस्या का स्थाई समाधान नही होता है तब तक वैकल्पिक स्तर पर तालाब की खुदाई का काम चलने तक नंगली मेहनाज गांव के पानी की निकासी एक गडढा खोदकर उसमे करा दी जाएगी । गडढा भरने पर पंम्पिग सेट से पानी को आसपास के खेतो मे छोड दिया जाएगा। उधर आगामी पंचायत चुनाव मे ग्राम प्रधान का चुनाव लडने के इच्छुक उम्मीदवार भी मामले को मुद्दा बनाकर अपनी अपनी राजनिति चमकाने के चक्कर मे मामले को तूल देने के प्रयास मे लगे है। फिलहाल गांव में शांति है लेकिन कभी भी यह मुद्दा पुलिस प्रशासन के लिए सिरदर्द बन सकता है।

## भाकियू टिकैत मजबूत संगठन : हनीफ

**चांदपुर।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत ब्लॉक जलीलपुर क्षेत्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता एवं मीडिया प्रभारी मौहम्मद हनीफ ने कहा है कि हमारी यूनियन किसानों की समस्याओं के समाधान एवं जनहित में हमेशा साथ खड़ी है। मीडिया प्रभारी ने कहा कि भारतीय किसान यूनियन नेता के अनेक ग्रुप है, लेकिन हम अपने ग्रुप के हर मेंबर को पूरा सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि शुगर मिल आजकल समय पर किसानों को गन्ना भुगतान नहीं कर पा रही है, जिससे किसान को अपना घर परिवार चलाने एवं कृषि कार्य में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मिल प्रबंधक वर्ग से शासनादेश अनुसार किसानों से खरीदे जा रहे हैं गन्ने का भुगतान 14 दिन के भीतर ही कराये जाने की मांग की है।

## शिवसेना यूबीटी की बैठक

**चांदपुर।** युवा सेना शिवसेना यूबीटी की जिला कार्यकारिणी की बैठक ग्राम तालिबपुर में आयोजित की गई। बैठक में युवा सेना शिवसेना के विस्तारीकरण एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए सदस्यता अभियान चलाने का निर्णय लिया गया। इस बैठक मे सीनियर कार्यकर्ताओं को पद भी सौंपे गए। कार्यकारिणी की बैठक में आदेश त्यागी निवासी तालिबपुर को युवा सेना शिवसेना जिला उप प्रमुख, प्रिंस सैनी तहसील महासचिव, रोहित सैनी जिला उप प्रमुख, गौरव सैनी तहसील सचिव, नरेश सैनी तहसील प्रभारी, जितेंद्र सैनी तहसील उप प्रमुख, अंकित सैनी तहसील उप प्रमुख पद प्रदान किए गये। शिवसेना युवा सेना जिला प्रमुख विकास त्यागी ने पदाधिकारी को नियुक्ति पत्र प्रदान करते हुए आशा व्यक्त की केवल युवा सेवा शिवसेना को और अधिक मजबूत करने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि नव मनोनीत पदाधिकारियों से युवा सेना शिवसेना की विचारधारा के अनुकूल समाज सेवा करने का आह्वान किया। इस दौरान नकुल देओल, जयदेव त्यागी, कपिल कुमार, रोहित सैनी, अंकित सैनी, आयुष त्यागी, नरेश सैनी, आदेश त्यागी, प्रिंस सैनी, सार्थक त्यागी, जिगर त्यागी, देव त्यागी, युग त्यागी, जितेंद्र सैनी, गौरव सैनी, आदेश त्यागी आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## फादरसन में ज्ञानवर्धक कार्यक्रम

**चांदपुर।** फादरसन पब्लिक स्कूल में शिक्षकों के लिए इफेक्टिव एंड इन्नोवेटिव टीचिंग इन क्लास रूम पर एक अत्यंत उपयोगी एवं ज्ञानवर्धक सत्र का आयोजन किया गया। इस सत्र की प्रशिक्षक रहीं मीनू भार्गव जो कि एक अनुभवी काउंसलिंग साइकोलॉजिस्ट एवं फ्रीलांस ट्रेनर हैं। सत्र के दौरान मीनू भार्गव ने कक्षा शिक्षण को अधिक रोचक, प्रभावशाली एवं विद्यार्थी-केंद्रित बनाने के लिए अनेक व्यावहारिक एवं नवाचारी उपाय साझा किए। शिक्षकों ने इस सत्र से बहुत कुछ सीखने का अनुभव किया।

# स्वयं की आय से पंचायतें बनेगी स्वावलंबी

## दो दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर।** राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय के स्रोत विषय पर पंचायत सहायक एवं ग्राम सचिवों का दो दिवसीय प्रशिक्षण उपनिदेशक पंचायत मुरादाबाद मण्डल मुरादाबाद के निर्देशन में विकास खण्ड सभागार धामपुर पर आयोजित किया गया।

प्रशिक्षण का शुभारंभ एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गिरीश शर्मा, ग्राम प्रधान, सचिव, प्रशिक्षक कुलवीर सिंह, मौहम्मद वसीम आदि द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ किया गया। एडीओ पंचायत अनिल कुमार ने त्रिस्तरीय पंचायत के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी और पंचायत के बारे में भी विस्तारपूर्वक



जानकारी। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायतों की स्वयं की आय किस प्रकार बढ़ाई जाये, मंथन करना था। जिसमे सभी प्रतिभागियों के द्वारा अच्छे सुझाव प्राप्त हुए। कार्यशाला का संचालन करते हुए कुलवीर सिंह द्वारा पंचायती राज अधिनियम 1947 की धारा 37 पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए पंचायतों की आय हेतु कर लगाने के प्रावधानों पर चर्चा की। इसी क्रम में पंचायतों की स्वयं की आय के गैर-कर तरीके जैसे- बाजार का पट्टा, तालाबों का पट्टा, पार्कों में ओपन जीम बनाकर, पुस्तकालय बनाकर। प्रशिक्षक मौहम्मद वसीम के द्वारा जन सेवा केंद्र से शुल्क अथवा फीस, टूरिस्ट टैक्स, प्रीति के द्वारा कूड़ा कचरा प्रबंधन पर सुविधा शुल्क के द्वारा सोलर पैनल लगाकर बिजली उत्पादन एवं शुल्क अधिरोपण, गौशाला के उत्पादों से आय कर आदि उपायों से पंचायते अपनी स्वयं की आय बढ़ा सकती है और अपनी पंचायतों को स्वावलम्बी बना सकती है। प्रशिक्षण में एडीओ पंचायत अनिल कुमार, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर गिरीश, प्रशिक्षक कुल. वीर सिंह, मौहम्मद वसीम तथा पंचायत सहायक एवं पंचायत सचिव मौजूद रहे।

## हादसे में घायल

**अफजलगढ़।** रेहड़ क्षेत्र में बीती देर रात आवारा गोवंश से एक बुलेट टकरा गई। इस दौरान बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। वहीं घायलों की पहचान क्षेत्र के ग्राम मानियावाला निवासी इमरान पुत्र ताहिर और उस्मान अहमद पुत्र इदरीश अहमद के रूप में हुई। घटना वादीगढ़ कल्लू वाला मार्ग पर ग्राम जयसिंह जोत स्थित पॉलीक्लिनिक सेंटर के समीप हुई। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों घायलों को पीएचसी कासमपुर गढ़ी में भर्ती कराया।

# आंदोलन पर एस्मा लगाना खेदजनक: चंद्रहास सिंह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** अटेवा पेंशन बचाओ मंच उत्तर प्रदेश जनपद शाखा बिजनौर की जिला कार्यालय पर जिला अध्यक्ष उमेश कुमार राजपूत की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री सुभाष चंद्र यादव के संचालन में बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पश्चिमी जोन प्रभारी चंद्रहास सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा शिक्षक एवं कर्मचारी के आंदोलन पर एस्मा लगाना अत्यंत खेदजनक है। इससे लगता है कि सरकार कर्मचारी की समस्याओं को सुनना एवं समझना नहीं चाहती। अटेवा पुरानी पेंशन बहाली के लिए दृढसंकल्पित है। संगठन पुरानी पेंशन बहाली की मांग को लेकर शीघ्र राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु के नेतृत्व में बड़े आंदोलन की रणनीति को तैयार करेगा। क्योंकि पुरानी पेंशन देश के लाखों शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बुढ़ापे की लाठी है।

**सूचना**

मैंने अपना नाम SHAZIYA NAAZ से बदल कर SAZIYA NAAZ रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

SAZIYA NAAZ
W/O JULKAR NAIN
VILL-LABKRI
DEOBAND SAHARANPUR

**सूचना**

मेरी माता का नाम मेरे पासपोर्ट में KALSUM है जबकि मेरे माता का सही नाम KALSOOM (कलसूम) है जो उनके DEATH CERTIFICATE और अन्य आई डी कार्ड में भी ये हि स्पेलिंग है मेरे पासपोर्ट में मेरी माता का नाम KALSOOM (कलसूम' ही किया जाये')

MAHMOOD HASAN
S/O MOHAMMAD
YUSUF R/O 375
MOHALLA-BAD ZIYAUL
HAQ DEOBAND
SAHARANPUR UP

**सूचना**

मैंने अपना नाम KHUSHHAL PARVEEN से बदल कर KHUSHHAL रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

KHUSHHAL
W/O MOHD NAEEM
VILL-LABAKRI
DEOBAND SAHARANPUR

# एसपी के निर्देश पर पुलिस ने किए 111 मोबाइल फोन बरामद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिले में गुमशुदा मोबाइल फोन की शत-प्रतिशत बरामदगी के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह के निर्देश पर सर्विलांस सेल व थानों पर प्रचलित सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से बड़ी कार्रवाई की गई। अभियान के तहत विभिन्न कंपनियों के कुल 111 गुमशुदा मोबाइल फोन बरामद किए गए, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 25 लाख रूपए बताई जा रही है।

रविवार को पुलिस अधीक्षक एनपी सिंह ने पुलिस लाईन में मोबाइल धारकों से मुलाकात कर उनके मोबाइल फोन उन्हें सुपुर्द किए। इस अवसर पर एसपी ने सर्विलांस सेल एवं सीईआईआर पोर्टल पर कार्यरत कर्मचारियों की कड़ी मेहनत, लगन और तत्परता की सराहना करते हुए पूरी टीम को प्रशंसा पत्र देने की बात कही। मोबाइल प्राप्त करने वाले लोगों ने अपना खोया हुआ फोन वापस मिलने पर शामली पुलिस का आभार व्यक्त किया।

एसपी द्वारा आमजन से अपील की गई कि यदि उनका मोबाइल फोन गुम हो जाता है, तो वे अपनी मोबाइल की रसीद व पहचान पत्र के साथ नजदीकी थाने पर जाकर सीईआईआर पोर्टल में विवरण अवश्य अपलोड कराएं। अपलोड होने के बाद एक रिक्वेस्ट नंबर प्राप्त होता है, जिससे भविष्य में मोबाइल के उपयोग पर सूचना मिलती है और सर्विलांस सेल के माध्यम से मोबाइल को रिकवर किया जा सकता है।



मृतक वसीम



घटना स्थल पर लोगो की भीड़

# दो बाइकों की भिड़ंत में युवक की मौत, दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** मेरठ-करनाल हाईवे पर झिमरान बिडौली के निकट सोमवार देर शाम दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां रेत के स्टॉक के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद हाईवे पर अफरातफरी मच गई।

मृतक की पहचान वसीम पुत्र इरफान राव ͇उम्र लगभग 30 वर्ष͇ निवासी बस्सी, थाना गंगोह, जनपद सहारनपुर के रूप में हुई है। वसीम सिलाई का कार्य करता था और शामली से कोट-पैंट की सिलाई के लिए कपड़ा लेने जा रहा था। बताया गया कि वह पहले से सिले हुए कपड़े भी जमा कराने जा रहा था। जैसे ही वह बिडौली क्षेत्र में रेत के स्टॉक के पास पहुंचा, उसी दौरान झिमरान बिडौली निवासी काका पुत्र जसविंदर अपने दोस्त मनदीप पुत्र बलजीत सिंह निवासी डेरा लाल सिंह मजरा अजीजपुर, अहमदगढ़ गांव से निजी कार्य के लिए बाइक से जा रहे थे वापस आते समय जैसे ही कट से अपने घर की ओर मुड़े, तभी बिडौली की ओर से शामली जा रहे वसीम की बाइक से उनकी बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि वसीम की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि काका ओर मनदीप गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। घटनास्थल से कुछ ही दूरी पर स्थित मंडी परिसर में रहने वाले लोगों को भी हादसे की जानकारी मिली। परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों घायलों को तुरंत करनाल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। वहीं वसीम को एंबुलेंस के माध्यम से शामली के सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

हादसे को लेकर कुछ लोगों का कहना है कि यदि समय पर एंबुलेंस पहुंच जाती तो शायद वसीम की जान बचाई जा सकती थी। वसीम अपने परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। उसकी कुछ वर्ष पूर्व ही शादी हुई थी और वह अपने पीछे पत्नी व दो छोटे-छोटे बच्चों को छोड़ गया है। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और हादसे के कारणों की पड़ताल की जा रही है।

## जमीनी विवाद में हुई मारपीट दो महिला घायल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** थाना क्षेत्र के गढ़ी मियां निवासी महिला वकीला, पत्नी शफी, वह हसीबा पत्नी फाजिल ने बताया की गांव के बाहर उनकी पटटो की जमीन है, जिस पर गांव के कुछ दबंग लोग जबरन कब्जा करना चाहते हैं। पूर्व में भी कई बार दबंगों ने उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास किया जिसका मामला तहसील कैराना में एसडीएम कोर्ट में चला था। कोर्ट में कई साल मुकदमा चलने के बाद उनके हक में फैसला आया था। आरोप है कि रविवार को आरोपी दोबारा से उनकी जमीन पर कब्जा करने का प्रयास कर रहे थे जब महिलाओं ने विरोध किया तो आरोपियों ने लाठी डंडों से मारपीट की और दोनों महिलाओं को घायल कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों का उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया। दोनों महिलाओं ने अपना प्राथमिक उपचार कराने के बाद थाने पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

# दुष्कर्म के आरोपी के घर की कुर्की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बा निवासी एक युवक ने अपनी पत्नी को कैराना के एक होटल में ले जाकर अपने दोस्त को सौंप दिया था। आरोप है कि आरोपी युवक ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था, और मौके से फरार हो गया था। पीड़िता ने अपने पति और उसके दोस्त के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने पीड़िता के पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जबकि दूसरा आरोपी तभी से फरार चल रहा है। पुलिस ने फरार आरोपी के घर की कुर्की कर सामान कैराना कोतवाली में जमा कर दिया है।कस्बा के मोहल्ला इदरीश बेग विहार निवासी विवाहिता ने मार्च 2025 को कैराना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि मेरे पति रिजवान और पड़ोस के ही नदीम पुत्र अलमू की गहरी दोस्ती है। आरोप है कि पीड़िता के पति रिजवान ने पीड़िता को कैराना के महाराजा होटल में ले जाकर अपने दोस्त नदीम को सौंप दी थी। आरोप है कि नदीम ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आरोपी पति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था जबकि नदीम तभी से फरार चल रहा है। रविवार को कैराना कोतवाली उप निरीक्षक इंतजार, हेड कांस्टेबल रिंकू मलिक, राहुल, हेड कांस्टेबल ललित शर्मा व महिला हेड कांस्टेबल पायल त्यागी के साथ कस्बे के मोहल्ला इदरीश बेग विहार कॉलोनी में स्थित नदीम के मकान पर पहुंचे और कुर्की की कार्रवाई की। पुलिस के द्वारा नदीम के मकान का सामान अपने कब्जे में कर लिखा पढ़ी कर कैराना कोतवाली में जमा करा दिया है।



## जंगल में ले जाकर युवक के साथ बेरहमी से मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** रविवार को थाना क्षेत्र के गांव भारसी निवासी शुभम ने बताया कि, गांव के दो युवक उसे बुलाकर जंगल में ले गए आरोपीयों ने पहले तो उसके साथ गाली गलौज की, और जब पीड़ित ने विरोध किया तो एक आरोपी ने गले में रस्सी डाल दी और दूसरे ने डंडा मार कर घायल कर दिया। आरोपीले युवक को जंगल में छोड़कर फरार हो गए पीड़ित ने किसी तरह मामले की सूचना अपने परिजनों को दी। घायल के परिजनों ने उपचार के लिए नगर के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर अवस्था में जिला अस्पताल है रेफर कर दिया। पीड़ित घायल ने थाने पर पहुंचकर आरोपी दोनों को के विरुद्ध नामजद तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है पुलिस ने जांच करने के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है की तारीफ प्राप्त हुई है जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



# पैरा एथलेटिक्स के लिए ट्रायल का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहीद उधम सिंह स्टेडियम, शामली में रविवार को दसवीं उत्तर प्रदेश स्टेट पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए ट्रायल का आयोजन किया गया। पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन शामली के सचिव जबर सिंह खैवाल ने बताया कि ट्रायल में चयनित खिलाड़ी आगामी 20 व 21 दिसंबर 2025 को बरेली स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सीधे प्रतिभाग करेंगे।ट्रायल में विभिन्न वर्गों में खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें टी-46 100 मीटर में अमित प्रथम, चिराग द्वितीय, सूरज तृतीय रहे। टी-42 100 मीटर में संदीप प्रथम, अभी द्वितीय, दीपक तृतीय रहे। टी-46 400 मीटर में चिराग प्रथम, अमित द्वितीय, सूरज तृतीय रहे। टी-44 महिला वर्ग 100 मीटर में रानी प्रथम, नेहा द्वितीय, शालू तृतीय रही। टी-44 400 मीटर में नेहा प्रथम, शालू द्वितीय, आशु तृतीय रही। लंबी कूद टी-42 में संदीप प्रथम, रोहन द्वितीय रहे। भाला फेंक टी-40 में सिद्धार्थ प्रथम, मोहन कुमार द्वितीय रहे। गोला फेंक टी-42 में संदीप कुमार प्रथम, विकास द्वितीय, अमित तृतीय रहे। टी-44 गोला फेंक में रोहित प्रथम, दीपक द्वितीय, सूरज तृतीय रहे। एफ-54 पुरुष वर्ग में सपन ठाकुर प्रथम, सुशील द्वितीय, रोहित कुमार तृतीय रहे। एफ-54 भाला फेंक में रोहित प्रथम, सुशील द्वितीय, सपन तृतीय रहे। एफ-55 में अमर प्रथम, रोहित द्वितीय, निक्की तृतीय, एफ-54 महिला गोला फेंक में पायल प्रथम, अनुराधा द्वितीय, भावना तृतीय, एफ-54 भाला फेंक महिला वर्ग में भावना प्रथम, अनुराधा द्वितीय, पायल तृतीय रही। टी-37 में 1500 मीटर में शारिक अली प्रथम, 400 मीटर में भी शारिक अली प्रथम रहे। इस अवसर पर युवा कल्याण अधिकारी सचिन कुमार, आकाश पवार, हिमांशु अहलावत, प्रधानाचार्य कुलदीप तोमर, कोच अंकित कुमार, अजय धीमान, अनिल कुमार, विकास कुमार मौजूद रहे।



## एक नजर

### चारे के साथ हुई गो माता की सेवा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां शाकुंभरी देवी गऊ ग्रास समिति द्वारा नई मंडी स्थित गौशाला में 6 कुंतल हरे चारे तीन कुंतल गोभी और एक कुंतल गाजर से गौ माता की सेवा की गई। संस्था के अध्यक्ष डॉ अनिल कुमार बंसल ने बताया कि संस्था माह में एक बार गौ माता को हरा घास खिलाकर गौ माता की सेवा करती है शास्त्रों में गौ माता की सेवा करना सबसे बड़ा पुण्य का काम है गौ माता की सेवा से सभी प्रकार के दुख दर्द दूर होते हैं तथा सभी ग्रह शांत रहते हैं गौ माता की सेवा करने से पुण्य प्राप्त होता है तथा मन को असीम शांति भी प्राप्त होती है सभी को बढ़-चढ़कर गौ माता की सेवा करनी चाहिए। इस मौके पर मती प्रवीण बंसल पिंकी अग्रवाल विजय गुप्ता डॉ उमेश कुमार वीरेन्द्र बालियान शिवकुमार चौधरी अनिल रेनू आदि मौजूद रहे



### 150 बच्चों को जर्सी व टोपे का वितरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नर सेवा नारायण सेवा के अंतर्गत सर्व सेवा सम्मान समिति द्वारा , उच्च प्राथमिक विद्यालय गांव झाल कंपोजिट (1, टू, 8) में स्कूल के सभी , लगभग 150 बच्चों को जर्सी और टोपे वितरण किए सभी बच्चों को फल वितरण किए गए , विधायक प्रसन्न चौधरी नगर पालिका शामली अध्यक्ष अरविंद संगल ने आशीर्वाद स्वरूप सभी बच्चों के उज्ज्वल भविष्य कि कामना कि कहा कि सेवा परमोधर्म है, गुरुओं के बताए रास्ते पर चल कर उच्च शिक्षा प्राप्त कर एक दिन डॉक्टर, इंजियर, आई, पी, एस ऑफिसर कि तरह महान बन सकते हैं, उपस्थित, संथापक अध्यक्ष गिरधारी लाल नारंग ने कहा अकेले हम बूंद है, मिल जाएं तो सागर अकेले हम धागा है, मिल जाएं तो चादर अकेले हम कागज है, मिल जाएं तो किताब जीवन का आनंद मिल जुल कर रहने में है खुश रहो खुशियां बांटते रहो यही है अच्छी आदत, अध्यक्ष मनुज कांबोज,जगदीश प्रसाद, अजय गर्ग, अंकुर आर्य, संदीप विश्वकर्मा, वीरेंद्र संगल, आशू गर्ग, देविंद्र धानिया, सुशील अग्रवाल, अनिल कुमार, सचिन अरोरा, माणिक गर्ग , मनजीत सिंह आदि शामिल रहे।

### एमएलसी किरणपाल कश्यप ने निधि से कराया सड़क का निर्माण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ग्राम ओदरी में विकास कार्यों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए एमएलसी किरणपाल कश्यप द्वारा अपनी निधि योजना से आरसीसी सड़क एवं नाली निर्माण कार्य कराया गया। रविवार को इस विकास कार्य का उन्होने उद्घाटन किया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए एमएलसी किरण पाल कश्यप ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों का सर्वांगीण विकास प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि गांवों में मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने के लिए भविष्य में भी निरंतर विकास कार्य कराए जाते रहेंगे। ग्रामीणों ने बताया कि आरसीसी सड़क एवं नाली निर्माण से आवागमन में काफी सुविधा मिलेगी और जल निकासी की समस्या से भी राहत मिलेगी। इस अवसर पर गौरव कश्यप, भारत कश्यप, सुनील प्रधान रझड़, रूप सैन प्रधान हसनपुर, सुबोध प्रधान पेलखा, सतपाल सिंह ओदरी, नीरज कश्यप गढ़ी, हरवीर कश्यप गढ़ी, मुस्ताकिम गढ़ी, हरेंद्र कश्यप हरिपुर, किरण पाल खेड़की, धीरज प्रधान, संजीव राठी, रफा चौधरी, चंद्रपाल कश्यप, हरबीर कश्यप सहित अनेक गणमान्य लोग एवं ग्रामवासी उपस्थित रहे।

### युवती से छेड़छाड़ व मारपीट के आरोप में पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**कैराना।** नगर के एक मौहल्ला निवासी पीड़ित पिता के अनुसार 13 दिसंबर की शाम करीब आठ बजे उसकी पुत्री गली से गुजर रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले एक मंचले ने उसके साथ छेड़छाड़ की। युवती ने घर पहुंचकर घटना की जानकारी परिजनों को दी। जब पीड़ित पक्ष ने आसपास के लोगों को घटना के बारे में बताया और शिकायत की बात कही, तो कुछ ही देर बाद आरोपी पक्ष क्षुब्ध होकर दुकान पर पहुंच गया। आरोप है कि मुख्य आरोपी अपने परिजनों व अन्य लोगों के साथ हाथों में लाठी-डंडे लेकर दुकान के अंदर घुस आया था। गाली-गलौच करते हुए पीड़ित और उसके परिजनों के साथ मारपीट की गई तथा दुकान में तोड़फोड़ भी की गई। शोर सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे, जिनके सामने आरोपी शिकायत करने पर झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देकर फरार हो गए। पीड़ित ने आरोपी पक्ष के राजनीतिक लोगों व बदमाशों से संबंध होने के आरोप लगाए थे कहा था कि उसके परिवार को जानमाल का खतरा बना हुआ है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुख्य आरोपी सहित पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच कार्रवाई शुरू कर दी है।

## अज्ञात मोटरसाइकिल चालक की टक्कर से बुजुर्ग की मौत, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** गांव डोगपुरा मोड पर तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से एक बुजुर्ग की मौत हो गई थी। पुत्र की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डोगपुरा निवासी अमित पुत्र बाबूराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 07 दिसंबर को शाम को वह अपने पिता बाबूराम के साथ बकरी भेड चराकर मंसूरा गांव की ओर से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वे डोगपुरा मोड पर पहुंचे, सामने से आ रहे बाइक सवार ने सीधे उसके पिता को टक्कर मार दी। हादसे में अमित बच गया। टक्कर मारते ही चालक बाइक मौके पर छोड़कर फरार हो गया। घायल को ग्रामीणों की मदद से अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। पीडित ने बताया कि पिता के अंतिम संस्कार और शोक के कारण वह तत्काल कार्रवाई नहीं करा सका। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर अज्ञात चालक की तलाश शुरू कर दी है।

## जिला सभा की बैठक संपन्न

**बिजनौर।** जिला आर्य प्रतिनिधि सभा बिजनौर की अंतरंग की एक बैठक आर्य समाज फीना में आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता प्रधान चंद्रपाल सिंह आर्य ने और संचालन जिला मंत्री राजपाल सिंह आर्य ने किया। बैठक की शुरुआत प्रार्थना से की गई। बैठक में कोटि धन संग्रह, निष्क्रिय आर्य समाजों को सक्रिय किए जाने और प्रदेश के संगठन के परिवर्तन पर चर्चा करते हुए शुभ बताया।

## सड़क हादसे में दो घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** कार से बचने के प्रयास में बाइक सवार दो युवक डिवाईडर से टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को राहगीरों की मदद से शामली के जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।



कैराना क्षेत्र के गांव मन्ना माजरा निवासी जुल्फान पुत्र उमरदीन अपने गांव के ही दोस्त तसव्वर के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य से कैराना गया था। बताया जाता है कि जब वह वापस लौट रहे थे तो कैराना बाईपास से अचानक सामने से तेजी से आ रही कार से बचने के प्रयास में बाइक का संतुलन बिगड गया और बाइक डिवाईडर से जा टकराई, जिससे दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की चीख पुकार सुनकर आसपास मौजूद लोग वहां पहुंचे और दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी दशा गंभीर होने के कारण हायर सेंटर के लिए रेफर कर दिया गया।



# ओवरलोड गन्ना ट्रकों का कहर रसीदगढ़ में बड़ा हादसा टला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** थाना भवन क्षेत्र के गांव रसीदगढ़ में शनिवार देर रात ओवरलोड गन्ने के ट्रकों की लापरवाही एक बार फिर जानलेवा साबित होते-होते रह गई। गन्ने से भरे एक ओवरलोड ट्रक से बचने के प्रयास में किसान का ट्रैक्टर सड़क किनारे लगे विद्युत खंभे से टकरा गया, जिससे दो खंभे टूटकर ट्रैक्टर के ऊपर गिर गए। गनीमत रही कि ट्रैक्टर चालक विशांक पुत्र शौकेंद्र निवासी रसीदगढ़ इस भीषण हादसे में बाल-बाल बच गया, अन्यथा बड़ा जान-माल का नुकसान हो सकता था।हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। टूटे विद्युत खंभों के कारण गांव की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। घटना स्थल पर नौजल और रसीदगढ़ दोनों गांवों के लोग इकट्ठा हो गए।



घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने गन्ना ट्रक के शीशे तोड़ दिए, टायरों की हवा निकाल दी तथा कुछ समय के लिए ट्रकों की आवाजाही पूरी तरह रोक दी।ग्रामीणों ने बजाज शुगर मिल प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि मिल की लापरवाही ग्रामीणों की जान पर भारी पड़ रही है। ग्रामीणों के अनुसार नौजल और रसीदगढ़ का यह मार्ग अत्यंत संकरा है, इसके बावजूद प्रतिदिन लगभग 70 से अधिक ओवरलोड गन्ना ट्रक इसी रास्ते से गुजरते हैं, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है।

ग्रामीणों ने बताया कि कुछ दिन पूर्व इसी मार्ग पर ओवरलोड गन्ना ट्रक की वजह से एक युवक की जान जा चुकी है। उस दर्दनाक हादसे के बाद मिल प्रशासन द्वारा ग्रामीणों को यह आश्वासन दिया गया था कि गन्ना ट्रक केवल रात्रि में ही चलेंगे और दिन में बिल्कुल नहीं चलेंगे, लेकिन इसके बावजूद आज भी दिन-रात धड़ल्ले से ट्रकों की आवाजाही जारी है, जो मिल प्रशासन की कथनी-करनी के फर्क को साफ उजागर करता है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ओवरलोड ट्रकों को निकालने के लिए रसीदगढ़ रेलवे अंडरपास के रैंप को जानबूझकर तोड़ा गया है, ताकि ट्रक ऊपर बने टीन शेड में न फंसें।

यह कार्य न केवल अवैध है, बल्कि जनसुरक्षा के साथ खुला खिलवाड़ भी है। ग्रामीणों का कहना है कि कई गन्ना ट्रक 12से 15 साल पुराने हैं, जिनकी फिटनेस लगभग समाप्त हो चुकी है, इसके बावजूद वे बिना किसी रोक-टोक के सड़कों पर दौड़ रहे हैं। सवाल उठ रहा है कि आखिर ऐसे ट्रकों पर अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई। घटना स्थल पर मौजूद ओमपाल प्रधान, दिनेश कुमार, अशोक राणा, शिवकुमार शर्मा, दीपक राणा, विक्की राणा और बृजेश राणा सहित अन्य ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि ओवरलोड गन्ना ट्रकों पर तत्काल रोक नहीं लगाई गई, ट्रकों की फिटनेस की जांच नहीं कराई गई, तो ग्रामीण सड़क जाम व आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

ग्रामीणों का कहना है कि आज एक किसान की जान बच गई, लेकिन यदि समय रहते प्रशासन और मिल प्रबंधन ने ठोस कदम नहीं उठाए तो अगली बार बड़ा हादसा हो सकता है। गन्ना महाप्रबंधक ने बताया कि ट्रकों द्वारा गन्ना रात्रि में ही आता है।

इस संबंध में किसानों से बातचीत हो गई है जो नुकसान हुआ है उसकी भरपाई कर दी जाएगी और भविष्य में कोई भी ओवरलोड गन्ना ट्रक नहीं आएगा।

## गन्ने से लदे ओवरलोड ट्रकों ने लगाया कैराना की रफ्तार पर ब्रेक, हर दिन लग रहा जाम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे में गन्ने से लदे ओवरलोड ट्रकों की आवाजाही आमजन के लिए बड़ी परेशानी बनती जा रही है। आए दिन लगने वाले जाम से न केवल यातायात व्यवस्था चरमरा रही है, बल्कि कभी भी बड़े हादसे की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता। खंद्रावली और तीतरवाड़ा मार्ग से होकर कस्बे में प्रवेश करने वाले ओवरलोड ट्रक सड़कों पर घंटों तक जाम की स्थिति पैदा कर देते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि ओवरलोड वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है, जिससे राहगीरों, स्कूली बच्चों और दोपहिया वाहन चालकों की जान खतरे में पड़ गई है। संकरी सड़कों पर भारी भरकम ट्रकों के कारण कई बार वाहन फंस जाते हैं और लंबा जाम लग जाता है। जाम के दौरान आपात सेवाओं के वाहनों को भी निकलने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।आरोप है कि परिवहन विभाग की लापरवाही के चलते ओवरलोड वाहन खुलेआम सड़कों पर फर्राटे भर रहे हैं। नियमों के बावजूद न तो वजन की जांच की जा रही है और न ही प्रभावी कार्रवाई हो रही है। इससे वाहन संचालकों के हौसले बुलंद हैं। सूत्रों की मानें तो विभागीय मिलीभगत के चलते ही ओवरलोड ट्रकों पर कार्रवाई नहीं हो पा रही है।कस्बेवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि ओवरलोड वाहनों पर सख्ती से रोक लगाई जाए और नियमित जांच अभियान चलाकर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि जाम और संभावित हादसों से लोगों को राहत मिल सके।





# करीना के बेटों पर चढ़ा 'मेसी' का खुमार

## एक इवेंट में इंटरनेशनल फुटबॉल प्लेयर से मिलकर खुश हुए तैमूर और जेह

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई के एक इवेंट में इंटरनेशनल फुटबाल प्लेयर लियोनल मैसी कई सेलेब्स से मुलाकात कर सकते हैं। इसमें करीना कपूर का नाम भी शामिल है। करीना ने भी इवेंट से पहले एक तस्वीर अपने सोशल मीडिया पेज पर शेयर की है। इस तस्वीर में उनके दोनों बेटों ने लियोनल मैसी के नाम की टी-शर्ट पहनी है। इसके बाद मैसी से करीना के बेटों जेह और तैमूर की मुलाकात भी हुई। करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर जो एक तस्वीर शेयर की है, उसमें बेटा तैमूर और जेह, लियोनल मैसी के नाम वाली टी-शर्ट पहने दिख रहे हैं। करीना ने दोनों बेटों का हाथ थामा हुआ है। इसके बाद करीना ने बेटों की मुलाकात लियोनल मैसी से करवाई। लियोनल मैसी मिलकर करीना के बेटे काफी खुश नजर आए। लियोनल मेसी इन दिनों जीओएटी इंडिया टूर पर है। इस टूर के दूसरे दिन यानी 14 दिसम्बर को शाम 5 बजे वानखेड़े स्टेडियम में जीओएटी कप एग्जीबिशन मैच होगा। इसमें बालीवुड सेलेब्रिटीज और फुटबॉल प्लेयर के बीच मैच होगा। इसके बाद एक फैशन शो और ऑक्शन भी होगा। जिसमें फीफा वर्ल्ड कप 2022 में अर्जेंटीना की जीत से जुड़ी लियोनेल मेसी की यादगार चीजों (मेमोराबिलिया) की नीलामी होगी। इस खास इवेंट में करीना कपूर भी शामिल हुईं। करीना कपूर के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मेघना गुलजार की एक फिल्म कर रही हैं। मेघना गुलजार निर्देशित फिल्म श्दायराश में करीना कपूर के साथ साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन भी लीड रोल में नजर आएंगे।



### संक्षिप्त खेल समाचार

#### भारतीय नौसेना की हॉफ मैराथन में 7000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया

**चेन्नई, वार्ता।** भारतीय नौसेना की हाफ मैराथन में रविवार को यहां 7,000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। यह मैराथन नशामुक्त भारत, आदिशक्ति के बारे में जागरुकता फैलाने और ऑनलाइन सट्टेबाजी के खिलाफ खड़े होने के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें धावकों ने गति, धैर्य और जोश दिखाया।

इस मैराथन में तीन कैटेगरी थीं- 21-1 किमी अड्यार रन, हिम्मत की असली परीक्षा के लिए-10 किमी परुंडु रन, जो धावक की गति को चुनौती देता है और उसकी सीमाओं को आगे बढ़ाता है और 3-5 किमी पल्लव रन-दौड़ने, फिटनेस और समुदाय की खुशी में शामिल होने के लिए था।

#### नीदरलैंड्स ने जीता एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब

**चिली, वार्ता।** नीदरलैंड्स ने फाइनल मुकाबले में एक बार फिर से ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर लगातार तीसरी बार एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। डच टीम ने रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप का खिताब जीता और 2022, 2023 और अब 2025 में जीत के साथ लगातार तीसरा खिताब अपने नाम किया। मैच की शुरुआत में नीदरलैंड्स ने पहले हाफ में एक पेनल्टी कॉर्नर और एक ओपन प्ले से गोल करके मैच अपने नाम कर लिया और फिर निर्णायक चरणों में एक बहुत ही मजबूत रक्षात्मक संरचना के माध्यम से अपनी मामूली बढ़त को बनाए रखा।इस दौरान अर्जेंटीना लगातार दबाव दिखी। नीदरलैंड्स को दूसरे क्वार्टर में सफलता उसम समय मिली जब आइवी टेलियर ने 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके डच टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

# यूपी में खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहनः दीप्ति



● **रोजगार और सुविधाएं भविष्य की सुरक्षा का भरोसा**

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश पुलिस की उपलब्धियों, मानवीय पक्ष और सराहनीय कार्यों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनवरी 2025 में शुरू किए गए पॉडकास्ट बियांड द बैज का 17वां एपिसोड जारी किया गया। इस एपिसोड में अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर, विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और स्पोर्ट्स कोटे से चयनित उत्तर प्रदेश पुलिस की पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दीप्ति शर्मा ने अपने प्रेरणादायक जीवन सफर को साझा किया। इस एपिसोड की मेजबानी प्राची सिंह, आईपीएस, कमांडेंट 32वीं वाहिनी पीएसी ने की। संवाद के दौरान दीप्ति शर्मा ने अपने खेल जीवन, संघर्ष, उपलब्धियों और पुलिस सेवा से जुड़ने के अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की। दीप्ति शर्मा ने वर्ष 2014 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए अपने अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण, आयरलैंड के खिलाफ बनाए गए 188 रनों के ऐतिहासिक स्कोर और हालिया आईसीसी महिला विश्व कप जीत को अपने जीवन के सबसे यादगार और प्रेरक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि विश्व कप की यह जीत देश की युवा खिलाड़ियों, विशेषकर बालिकाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत में परिवार के सहयोग को अहम बताते हुए अपने भाई को अपनी प्रारंभिक प्रेरणा बताया। पॉडकास्ट में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की 'कुशल खिलाड़ी योजना' की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन, रोजगार और सुविधाएं उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं और भविष्य की सुरक्षा का भरोसा भी देती हैं। पुलिस सेवा और खेल के बीच संतुलन पर बात करते हुए दीप्ति शर्मा ने कहा कि ब्लू जर्सी और खाकी वर्दी दोनों का अपना अलग सम्मान और गरिमा है। उन्होंने कहा कि खेल से मिले अनुशासन, समर्पण और फिटनेस पुलिस प्रशिक्षण और सेवा में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कहे गए मैदान में आपकी दादागिरी चलती है वाले कथन का उल्लेख करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दादा. गिरी नहीं, बल्कि खेल के प्रति उनका फोकस और समर्पण है, जिससे मैदान पर उनकी छवि सख्त दिखाई देती है। मैदान के बाहर वह सहज, सरल और मिलनसार स्वभाव की हैं। उन्होंने यह भी बताया कि व्यस्त खेल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बावजूद परिवार के साथ समय बिताना उन्हें मानसिक सुकून देता है। युवाओं और विशेषकर खेल में करियर बनाने की इच्छुक बालिकाओं के लिए संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य पर केंद्रित रहने और कभी हिम्मत न हारने का आह्वान किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की कुशल खिलाड़ी योजना के अंतर्गत अब तक 534 खिलाड़ियों की नियुक्ति उत्तर प्रदेश पुलिस में की जा चुकी है। अब तक बियांड द बैज के 16 एपिसोड जारी किए जा चुके हैं, जिनमें देश-प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक, वरिष्ठ अधिकारी, फिल्म जगत की हस्तियां, समा. जसेवी, प्रेरक व्यक्तित्व अपने विचार साझा कर चुके हैं।

# जायसवाल ने 50 बॉल में 101 रन बनाए

● **एसएमएटी में मुंबई ने 235 रन का टारगेट चेज किया, सरफराज खान की हॉफ सेंचुरी**

**पुणे, वार्ता।** युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने सैय्यद मुश्ताक अली ट्राफी में हरियाणा के खिलाफ मैच विनिंग सेंचुरी जमाई है। मिडिल आर्डर बल्लेबाज सरफराज खान ने फिफ्टी लगाई।

इन दोनों की बेहतरीन बैटिंग के दम पर मुंबई ने टी-20 मुक. ाबले में हरियाणा के खिलाफ 235 रन का टारगेट सिर्फ 17.3 ओवर में 6 विकेट खोकर चेज कर लिया। मुंबई ने 6 विकेट खोकर 238 रन बनाए। पुणे में खेले गए इस मैच में हरियाणा ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 234 रन बनाए। कप्तान अंकित कुमार ने 89 रन बनाए और निशांत सिंधु ने 63 रन की पारी खेली।

जवाब में मुंबई ने 15 गेंद बाकी रहते 4 विकेट से मैच जीत लिया। जायसवाल ने 50 बाल की पारी में 16 चौके और एक छक्का जमाया। वहीं, सरफराज ने 25 गेंदों पर 9 चौके और 3 छक्के की मदद से 64 रन बनाए। हरियाणा ने बनाए 234 रन हरियाणा के लिए अर्श रांगा और कप्तान अंकित कुमार ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। अर्श रांगा ने 23 गेंद पर 26 रन बनाए।

कप्तान अंकित कुमार ने 42 गेंद पर 89 रन बनाए, जबकि निशांत सिंधु ने 38 गेंदों में 63 रन जड़े। सामंत जाखड़ ने 14 गेंदों में 31 रन बनाए, हालांकि वे रिटायर्ड आउट हो गए। उनकी जगह उतरे सुमित कुमार 4 गेंद पर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई की ओर से साईराज पाटिल सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 44 रन देकर 2 विकेट लिए।

अन्य गेंदबाज विकेट निक. ालने में असरदार नहीं रहे। हरियाणा के अंकित कुमार ने 42 गेंद पर 89 रन की पारी खेली। जायसवाल- सरफराज की साझेदारी ने पलटा मैच 234 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई को यशस्वी जायसवाल और अजिंक्य रहाणे ने अच्छी शुरुआत दिलाई।

दोनों के बीच 53 रन की साझेदारी हुई। रहाणे ने 10 गेंदों में 21 रन बनाए। इसके बाद जायसवाल और सरफराज खान ने स्कोर को 141 रन तक पहुंचाया। सरफराज ने 25 गेंदों में 64 रन की तेज पारी खेली।

यशस्वी जायसवाल ने 50 गेंदों में 101 रन बनाए, जिनमें 16 चौके और एक छक्का शामिल रहा। हरियाणा से सामंत जाखड़ सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 3.3 ओवर में 42 रन देकर 2 विकेट लिए।

अंशुल कंबोज, ईशांत भारद्वाज, सुमित कुमार और अमित राणा को 1-1 विकेट मिला।

# असम राइफल्स हॉफ मैराथन 2025 में 3038 लोगों ने हिस्सा लिया

**लैटकोर, वार्ता।** मेघालय में डायरेक्टोरेट जनरल असम राइफल्स के मुख्यालय पर रविवार को 'फिट इंडिया मूवमेंट' को बढ़ावा देने के लिए 'असम राइफल्स हाफ मैराथन 2025' के पांचवें संस्करण में आम नागरिकों से लेकर सशस्त्र बलों और पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया।

प्रतिभागियों को उनके प्रयासों की पहचान के रूप में पदक और सर्टिफिकेट के साथ-साथ यादगार टी-शर्ट भी दी गईं। तीन श्रेणी में आयोजित हुई इस हाफ मैराथन में 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के सभी उम्र वर्ग के तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 21 किमी की क्लाउड चेज, 10 किमी का पाइन पाथ और पांच किमी का क्रिस्टल स्ट्रीम का आयोजन हुआ। 21 किमी हाफ मैराथन में 559, 10 किमी दौड़ में 1,502 और 5 किमी दौड़ में 977 धावक शामिल हुए। 21 किमी श्रेणी की दौड़ को असम राइफल्स के डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा और असम राइफल्स वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष विभा लखेरा ने हरी झंडी दिखाई। असम राइफल्स के एडिशनल डायरेक्टर जनरल, मेजर जनरल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और स्टेट हेड नॉर्थ ईस्ट रीजन और जुबिन गर्ग, चीफ जनरल मैनेजर, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मुंबई ने 10 किमी तथा पांच किमी श्रेणी को ब्रिगेडियर प्रशासनिक मुख्यालय के ब्रिगेडियर सचिंद्र तिवारी ने हरी झंडी दिखाई। ओवरऑल कैटेगरी में, 20 कुमाऊं, इंडियन आर्मी के संदीप देवराड़ी ने एक घंटे सात मिनट के समय के साथ 21 किमी दौड़ पूरी की।

# मैनेजर की त्रुटि से ग्रीन आईपीएल नीलामी में बल्लेबाजी के रूप में होंगे शामिल

● **मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर को यह सुनकर अच्छा लगेगा की नहीं लेकिन वह इनकी तरफ से हुई एक गलती थीः कैमरून ग्रीन**



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने मंगलवार को होने वाली नीलामी में स्वयं को ऑलराउंडर की जगह बल्लेबाज के रूप में सूचीबद्ध किए जाने को अपने मैनेजर की 'त्रुटि' बताते हुए कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे। ग्रीन ने दो करोड़ रूपये के बेस प्राइस के साथ नीलामी में नाम दर्ज कराया है और बल्लेबाज के रूप में पंजीकरण कराने के कारण वह नीलामी में आने वाले पहले छह खिलाड़ियों में शामिल होंगे। ग्रीन ने बताया कि उनके मैनेजर ने पंजीकरण फॉर्म भरते समय 'त्रुटि से गलत बॉक्स चुन लिया' था। उन्होंने कहा कि मैं गेंदबाजी के लिए पूरी तरह तैयार रहूंगा। मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर को यह सुनकर अच्छा लगेगा या नहीं, लेकिन यह उनकी तरफ से हुई एक गलती थी।

उनका इरादा 'बल्लेबाज' लिखने का नहीं था। शायद उन्होंने त्रुटि से गलत बॉक्स का चयन कर लिया। यह सब जिस तरह से सामने आया, वह काफी मजेदार था, लेकिन असल में यह उनकी तरफ से हुई गड़बड़ी थी। 26 वर्षीय ग्रीन पहले मुंबई इंडियंस (2023) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (2024) के लिए खेल चुके हैं, लेकिन पीठ की सर्जरी से उबरने के कारण वह 2025 सीजन में उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में वापसी की थी, लेकिन बाद में उन्हें गेंदबाजी की मंजूरी मिल गई और मौजूदा ऐशेज में ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें ऑलराउंडर के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने पुष्टि की कि वह नीलामी पर नजर रखेंगे, जो तीसरे टेस्ट से एक रात पहले होगी। उन्होंने कहा कि वह यह देखने को लेकर उत्सुक हैं कि उनके नए साथी खिलाड़ी कौन होंगे।

# राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में अमन सहरावत और अंतिम पंघाल ने जीते स्वर्ण पदक

● **अमन सहरावत ने फाइनल में निखिल को 10-0 से हराकर पुरुषों का 61 किग्रा का खिताब जीता**

**अहमदाबाद, वार्ता।** ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघाल ने राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के अपने -अपने फाइनल मुक. ाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीते। पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत अपने पसंदीदा 57 किग्रा की बजाय 61किग्रा पुरुषों के फ्रीस्टाइल डिवीजन में मुक. ाबला करते हुए यह पदक जीता।

वह राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए वजन कम करने से बचना चाहते थे। वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शनिवार को मुकाबला करते हुए अमन ने शनिवार को फाइनल में निखिल को 10-0 से हराकर पुरुषों का 61 किग्राम का खिताब जीता। इससे पहले, अमन ने पहले राउंड में अधित नारायण को 12-1 से हराया और फिर क्वार्टर-फाइनल में ललित को 10-0 से हराया, जबकि उनकी दाहिनी आंख के ऊपर गहरा कट लग गया था। इसके बाद ओलंपिक मेडलिस्ट ने पटी बंधी और खून बहती भौंह के साथ मुक. ाबला जारी रखा और 2-0 की कमी को पूरा करते हुए सेमीफाइनल में अनुज कुमार को 13-2 से हराया। अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत ने फाइनल में विशाल कालिरामन को 10-0 से हराकर पुरुषों का 65किग्राम वर्ग का खिताब जीता। एशियन अंडर 23 स्वर्ण पदक विजेता विक्की ने 97 किग्राम का खिताब जीता। दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता पंघाल ने भी 53 किग्रा वर्ग के बजाय 55 किग्रा वर्ग में मुकाबला करने का फैसला किया।

# आंध्र प्रदेश ने पंजाब को हराया

● **हेमंत रेड्डी ने नाबाद ने 109 और एसडीएनवी प्रसाद ने 53 रनों की आतिशी पारी खेली**

**पुणे।** हेमंत रेड्डी (नाबाद 109) और एसडीएनवी प्रसाद (नाबाद 53) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर आंध्र प्रदेश ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के सुपर लीग ग्रुप मुकाबले में पंजाब को एक गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। यहां टॉस जीतकर आंध्रप्रदेश ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 205 रनों का स्कोर खड़ा किया। कप्तान प्रभसिमरन सिंह 16 गेंदों में (20), हरनूर सिंह 30 गेंदों में (42), अनमोलप्रीत सिंह 27 गेंदों में (47), और रमनदीप सिंह 18 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (43) रनों का योगदान दिया। सलील अरोड़ा ने 22 गेंदों में पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद 42 रनों की पारी खेली। आंध्रप्रदेश की ओर से नीतीश कुमार रेड्डी, सत्यनारायण राजू, सौरभ कुमार और पृथ्वी राज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी आंध्रप्रदेश की शुरुआत बेहद खराब रही और अंतराल पर 56 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये थे। इस दौरान हेमंत रेड्डी एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। ऐसे संकट के समय में एसडीएनवी प्रसाद ने हेमंत रेड्डी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच मैच विजयी 155 रनों की साझेदारी हुई। हेमंत रेड्डी ने 53 गेंदों में सात छक्के और 11 चौकों की मदद से 109 रनों की नाबाद पारी खेली। एसडीएनवी प्रसाद 35 गेंदों में चार छक्के और दो चौके लगाते हुए 53 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब के लिए गुरनूर बरार ने तीन विकेट लिये। आयुष गोयल और हरप्रीत बराड़ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### हैदराबाद ने राजस्थान को छह विकेट से हराया

**अंबी, वार्ता।** चामा मिलिंद और तनय त्यागराजन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद तन्मय अग्रवाल (73) और राहुल बुद्धि (55) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर हैदरबाद ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के सुपर लीग ग्रुप ए मुकाबले में राजस्थान को 17 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। यहां राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 178 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान की शुरुआत खबरा रही और उसने 19 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद महिपाल लोमरा. र और कुणाल सिंह राठौड़ ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। कुणाल 16 गेंदों में (27), मुकुल चौधरी 11 गेंदों में (20), कमलेश (29) और अशोक 10 रन बनाकर आउट हुये।

# भारत ने पाक को अंडर-19 एशिया कप में हराया

● **90 रन से जीता मैच, आरोन जार्ज ने 85 रन बनाए कनिष्क-दीपेश को 3-3 विकेट**




**दुबई, वार्ता।** भारत ने अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान को 90 रन से हरा दिया। दुबई में रविवार को खेले गए ग्रुप स्टेज मुकाबले में 241 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही पाकिस्तानी टीम 41.2 ओवर में 150 रन पर आलआउट हो गई। पाकिस्तान की ओर से हुजैफा अहसन ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए। भारत के लिए गेंदबाजी में दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने 3-3 विकेट झटके। किशन सिंह को 2 सफलता मिली, जबकि वैभव सूर्यवंशी और खिलन पटेल ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। बारिश के कारण मैच को 49-49 ओवर का कर दिया गया। भारत ने आरोन जार्ज की 85 रन की पारी की बदौलत 240 रन बनाए। कनिष्क चौहान ने 46 और कप्तान आयुष म्हात्रे ने 38 रन का योगदान दिया। पिछले मैच में शतक लगाने वाले वैभव सूर्यवंशी इस बार सिर्फ 5 रन ही बना सके। दोनों टीमों की प्लेइंग-11 भारतरू आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, आरोन जार्ज, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडु (विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, किशन सिंह और हेनिल पटेल। पाकिस्तानरू उस्मान खान, समीर मिन्हास, अली हसन बलोच, अहमद हुसैन, फरहान यूसुफ (कप्तान), हमजा जहूर (विकेटकीपर), हुजैफा अहसन, निकाब शफीक, अब्दुल सुभान, मोहम्मद सैय्याम और अली रजा। कनिष्क चौहान ने सेट बल्लेबाज हुजैफा अहसन को 70 रन पर आउट कर दिया। 39वें ओवर में हुजैफा ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की। डीप मिडविकेट से भागते हुए वैभव सूर्यवंशी ने शानदार कैच लपक लिया। कनिष्क चौहान ने मैच में अपना दूसरा विकेट निकाला। उन्होंने अब्दुल सुभान को पवेलियन भेजा। सुभान 6 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान को 35 ओवर के बाद जीत के लिए 78 बाल पर 113 रन की जरुरत थी। टीम को करीब 9 रन प्रति ओवर बनाने थे। पाकिस्तान के मिडिल आर्डर बल्लेबाज हुजैफा अहसन ने कनिष्क चौहान की बाल पर सिंगल लेकर अर्द्धशतक पूरा किया। 32वें ओवर में भारत ने छठा विकेट झटक लिया। ओवर की चौथी गेंद खुलन पटेल ने गुड लेंथ पर फेंकी, हम्जा जहूर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन बाउंड्री पर कैच हो गए। वे 20 गेंद पर 4 रन ही बना सके। 30वें ओवर में पाकिस्तान अंडर-19 टीम ने अपने 100 रन पूरे कर लिए।

# कांग्रेस की हुंकार

रविवार को तय कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस ने दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली की। जैसीकि उम्मीद थी कांग्रेस नेता केंद्र सरकार पर जमकर बरसे। वैसे भी यह रैली वोट चोरी को लेकर बुलाई गई थी और उसमें नारा भी यही दिया गया था कि वोट चोर गद्दी छोड़। कांग्रेस नेता यह नारा पहले भी देते रहे हैं, विशेषकर बिहार चुनाव के दौरान उन्होंने इस नारे का जमकर उपयोग किया था। जाहिर है, चुनाव आयोग भी उनके निशाने पर रहना था, जोकि पहले भी रहता रहा है। राहुल गांधी विपक्ष नेता के रूप में लोकसभा में भी इस नारे को लेकर काफी गंभीर रहते हैं। इस रैली का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि यह रैली ऐसे समय में हो रही है जब बिहार चुनाव में भारी पराजय के बाद कांग्रेस के नेताओं में हताशा की आशंका व्यक्त की जा रही थी। साथ ही इस समय संसद का शीतकालीन सत्र भी चल रहा है। इस लिहाज से कांग्रेस इस रैली को सफलतापूर्वक कर अपना मनोबल बनाए रखने में सफल रही, क्योंकि जिस तरह भीड़ उमड़ी निश्चित रूप से उसने कांग्रेस नेताओं में आत्मविश्वास जताया होगा। कांग्रेस के तमाम नेताओं ने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व चुनाव आयोग को इस रैली के माध्यम से सीधे निशाने पर लिया और साफ कहा कि चुनाव आयोग सरकार के साथ साठगांठ कर सरकार बनाने में मदद कर रहा है। राहुल गांधी तो यहां तक कह गए कि अगर उनकी सरकार आती है, तो तीनों चुनाव आयुक्तों को कानून के कठघरे में लाया जाएगा। जहां तक बात आरोप-प्रत्यारोप की है, राजनीति में यह सब चलता रहता है, लेकिन जिस तरह चुनाव आयोग आजकल विपक्ष के निशाने पर है और जिस तरह के आरोप लग रहे हैं, निश्चित रूप से यह हमारे लोकतंत्र के लिए किसी गंभीर खतरे से कम नहीं है। सच क्या है झूठ क्या है यह तो तब पता चले जब निष्पक्ष जांच हो, लेकिन एक बात तो साफ है जो देश में इस समय वातावरण बना हुआ है और विपक्ष एक स्वर में चुनाव आयोग पर निशाना साध रहा है, उससे चुनाव आयोग की निष्पक्षता जरूर सवालों में खड़ी होती है। यह देखकर निसंदेह बेहद दुख होता है कि चुनाव आयोग विपक्ष की किसी बात का ठोस तरीके से जवाब नहीं दे रहा है। एक कड़वा सच यह भी है कि केंद्र सरकार किसी भी मामले की जांच कराने के बजाए चुनाव आयोग के ही पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है। कोई साधारण बुद्धि वाला आदमी भी समझ सकता है कि अगर चुनाव आयोग की नियत पर ही सवाल खड़े किए जाएंगे तो उसके द्वारा कराए जा रहे चुनाव पर कैसे सवाल खड़े नहीं होंगे। सरकार भले ही चाहे खुले मन से स्वीकार न करे लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि बिहार में जिस तरह उसने दस हजार रुपये चुनाव के समय देने का वादा किया है, वह किसी वोटर को घूस देना नहीं तो इससे ज्यादा क्या हो सकता है। यही विपक्ष भी कह रहा है। संविधानिक संस्थाएं भी लड़खड़ा रही हैं। यही विपक्ष का आरोप भी बराबर रहा है, लेकिन सरकार की तरफ से ऐसा कोई ठोस जवाब अब तक नहीं आ रहा है, जिससे लगे कि विपक्ष उसके ऊपर बेकार के आरोप लगा रहा है।

## मोदी व अमित शाह घबरा गए



आज संसद में मुश्किल से एक सत्र में केवल 1-2 बहस होती हैं, जब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने संसद में मुद्दा उठाया कि हमें चुनाव पर, एसआईआर पर, वोट चोरी पर बहस करनी है, तो प्रधानमंत्री मोदी व गृह मंत्री अमित शाह घबरा गए। उन्होंने हमारी बात नहीं मानी, अंत में कैसे माने कि हम वंदे मातरम पर भी चर्चा करेंगे, हम संसद में यह बहस करते रहे कि राष्ट्र गीत किसका है, राष्ट्र गीत कैसे बना, राष्ट्र गीत क्यों बना और जो बड़ी-बड़ी समस्याएं हैं, जिससे आप जूझ रहे हो-बेरोजगारी, महंगाई, पेपर लीक, इनके बारे में चर्चा करने की हिम्मत नहीं है, मैं भाजपा चुनौती देती हूं कि ये एक सही चुनाव लड़ लें, बैलेट पर लड़ लें, तो वो खुद जानते हैं कि वो कभी नहीं जीत पाएंगे। **-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस सांसद**

# कुछ ही सालों में शुरू हो जाएगा प्रकृति का कहर

## खेत, खलिहान और भारतीय लोगों को निपटा देंगी सरकार की प्रकृति विरोधी योजनाएं



पवन सिंह

इस देश में पर्यावरण पर लिखना अमूमन प्रचंड मूखर्ता की श्रेणी में आता है और मैं बतौर एक प्रचंड मूर्ख अपने पूरे होशो-हवास में यह लेख लिख रहा हूं कि कुछ ही सालों में नेचर बदला लेना शुरू कर देगी। प्रकृति का यह वार देश के एक बड़े भू-भाग को तहस-नहस कर देगा। विश्व के तमाम देशों ने विकास के चरम को छुआ लेकिन उनका समानांतर एक प्रयास रहा कि जड़, जंगल, जमीन, पहाड़ और नदियां सुरक्षित रहें, लेकिन एक हम ऐसे अभागे हैं कि हमने विगत कुछ ही सालों में नादिरशाह की तरह प्राकृतिक संसाधनों को लूटा है और ऐसा लूटा है कि इसकी कीमत हर जिंदा आदमी उठाएगा और जो जन्म लेने वाला है वह मौत बन चुके पर्यावरण में पहली सांस लेगा।

विगत 10 सालों यानी कि वर्ष 2015 से लेकर वर्ष, 2025 के बीच भारत में वनों की कटाई का कोई सटीक आंकड़ा तो नहीं है लेकिन वनों की कटाई से संबंधित जो अलग-अलग रिपोर्ट्स प्रकाशित हुई हैं, उन अध्ययनों का विश्लेषण करें तो भारत का लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र अब गायब हो चुका है। वर्ष 2015 से 2020 के मध्य भारत में 6.68 लाख हेक्टेयर की वार्षिक दर से वनों की धुआंधार कटाई हुई। भारत में वनों की कटाई की यह रफ्तार दुनिया में सबसे जबरदस्त रही। ऐसा लग रहा है जैसे कोई वहशी, भूखा, निकृष्टतम, लालची प्रकृति दुश्मन एक झटके में सब कुछ लूट लेना चाहता है। एक अध्ययन के अनुसार 2015-2024 में 1.3 से 1.5 मिलियन हेक्टेयर जंगल कटे, जबकि सरकार ने तथाकथित विकास कार्यों के निम पर 1700 वर्ग कि.मी. यानी कि 1।7 मिलियन हेक्टेयर जंगल काट डाले। डाउन टू अर्थ, रिपोर्ट वर्ष 2023 के अनुसार वर्ष, 2015 से 2020 के बीच, भारत का 668,400 हेक्टेयर यानी कि लगभग 6.68 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र कट कर खत्म हो गया। यह वन कटान रफ्तार वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे तेज वनों की कटान रफ्तार रही। विभिन्न आईआईटी अध्ययन रिपोर्ट्स 2025 के अनुसार वर्ष 2015 से 2019 के बीच 1,033 वर्ग किलोमीटर यानी कि 1.033 मिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र कुछ वहशी व राक्षसी उद्योगपति, जंगल माफियाओं व सफेदपोश लकड़ीखोरों की भेंट चढ़ गया। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच की वर्ष, 2025 की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष, 2000 के बाद से भारत ने 2.33 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष क्षेत्र जिसे आंग्ल भाषा में आप जतमम बवअमत कह सकते हैं, वह हमने खो दिया है। हालांकि एक सरकारी बयान भी है वर्ष, 2024 का जिसके अनुसार-विकास गतिविधियों के कारण पिछले 10 सालों में 1,700 वर्ग किलोमीटर यानी कि 1.7 मिलियन हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र नष्ट हुआ, जिसमें कोयला खनन और शहरी फैलाव मुख्य कारण थे। इसके ठीक विपरीत चीन जो जनसंख्या और तकनीकी तौर पर हमसे कम से कम 50 साल आगे जा चुका है, वहां वन क्षेत्र आश्चर्यजनक रूप से बढ़ा है। चूंकि चीन की साक्षात्कार दर 100 प्रतिशत है और साथ ही बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा ही इको-फ्रेंडली और साइंटिफिक टैंपरामेन्ट व सिविक सेंस, के साथ चलती है। उसका नतीजा यह निकला है कि चीन ने अपने पर्यावरण संरक्षण के अभियानों को एक नवीन ऊंचाई दी है। चीन में 2022 में यह 99.83 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसमें युवा साक्षरता दर 100 प्रतिशत के करीब है। चीन ने ग्रेन फॉर ग्रीन नाम से एक अभियान डिजाइन किया और उद्योग.पति से लेकर खनन पर सख्त नीतियां बनाई। किसी उद्योगपति को इतनी हैसियत और अधिकार नहीं दिए कि वह सत्ता को मोजा समझ कर जूतों में डाल ले। परिणामत: चीन का फॉरेस्ट कवर for-est coverage वर्तमान में 25 प्रतिशत बढ़ गया और वह विश्व के हरे-भरे देशों में शामिल हो गया। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि चीन ने अपने सबसे बड़े गोबी रेगिस्तान को ही बांध दिया है। उसने ग्रेट ग्रीन वॉल यानी महाहरित दीवार परियोजना लागू की और 66 अरब पेड़ लगा ही नहीं डाले बल्कि उन्हें संरक्षित भी किया। नतीजा गोबी व तकलामकन जैसे रेगिस्तानों का फैलाव कम हुआ है। ग्रेट ग्रीन वॉल के तहत वर्ष, 2050 पूरे देश की आबो-हवा बदल देगा। चीन आज पूरी दुनिया में वृक्षारोपण के क्षेत्र में सबसे तीव्र गति से व सबसे ज्यादा वृद्धि वाला देश है। इससे उलट हमने अपने ही देश, अपने ही देश के नागरिकों के विनाश की योजनाओं पर इतनी तेजगति से काम किया है कि आने वाले पांच से दस सालों में हम समूचे उत्तरी भारत को एक गैस चेंबर बना चुके होंगे। अब सरकार अरावली पर्वत श्रंखला को ही निपटाने की तैयारी में है। मेरे एक पाठक ने मुझे लिखकर दिया है कि मुंबई-गुरुग्राम एक्सप्रेस, दौसा-बांदीकुई के बीच का एरिया रीको यानी राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम में जा चुका है बस नोटिस मिलना बाकी है, डांग एरिया रणथंभौर कैलादेव अभ्यारण में गया, करौली एरिया की जमीन पांचना दम में गई और सवाई माधोपुर करौली बॉर्डर एरिया की डोगरी दम में जाना प्रस्तावित है, बीसलपुर का विस्तार अभी प्रस्तावित हैं। इशारदा दम का विस्तार चल रहा है। भरतपुर ब्यावर एक्सप्रेस प्रस्तावित हैं सरिस्का का विस्तार अभी चल रहा है। यह सब योजनाएं खेत, खलिहान और किसान को निपटा देंगी। इस इलाके में कुछ साल पहले जो खुशहाल थी आज यहान विस्थापन पूरे शिखर पर हैं। कुछ ही सालों के भीतर ही भारत में नेचर पलटकर बदला लेना शुरू कर देगी। सब कुछ तहस-नहस कर देगी। देश में खासकर उत्तरी भारत में नेचर के डकैत ऐसा नंगा नाच करेंगे यह भयावह कल्पना अब साक्षात नजर आ रही है। जो चल रहा है यकीन मानिए और मुझ पर भरोसा करिए कि आने वाली पीढ़ी कुछ ही सालों का जीवन लेकर आएगी और भूख, पानी व प्राकृतिक क्रोध से इसी मिट्टी में मिल जाएगी। इन लाशों में उनकी लाशें, उनकी औलादों की लाशें और औलादों की औलादें भी लाश बन जाएंगी जो आज तालियां पीट रहे हैं। हम इस देश को जिंदा श्मशान बना रहे हैं। मूर्ख की लेखनी जारी रहेगी...।



(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भाजपा नेतृत्व की अपेक्षा पर खरा उतरने की चुनौती



यशोदा श्रीवास्तव

1999 में सपा के अखिलेश सिंह से हारे थे और 2009 में कांग्रेस के हर्षवर्धन से हारे थे। पंकज चौधरी का सात बार लोकसभा का चुनाव जीतने का रेकॉर्ड है जो बहुत कम लोगों के हिस्से में है। गोरखपुर की राजनीति में गोरक्षनाथ पीठ भी एक अध्याय है। वर्तमान समय में इस पीठ के महंत योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के सीएम है। इसका कोई ठोस और पुष्ट प्रमाण नहीं लेकिन यूपी खास तौर से पूर्वांचल की राजनीति की समझ रखने वाले लोग यदा कदा योगी और पंकज चौधरी के बीच राजनीतिक असामंजस्य की बात करते रहते हैं। ऐसी अटकलों पर एक बार चर्चा तेज हुई थी जब गोरखपुर आए प्रधानमंत्री मोदी गीता प्रेस से पंकज चौधरी के घर तक करीब दो सौ मीटर पदचाप करते हुए गए थे।

उत्तर प्रदेश में भूपेंद्र चौधरी की जगह पूर्वी उत्तर प्रदेश के कद्दावर भाजपा नेता पंकज चौधरी को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर 2027 में विधानसभा चुनाव के नफा नुकसान पर चर्चा शुरू हो गई है। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता हैं। जाटों में उनका अच्छा खासा प्रभाव है। किसान आंदोलन में भाजपा से जाटों की नाराजगी दूर करने के लिए भूपेंद्र चौधरी को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाया गया था। 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा भले ही सबसे खराब हालत में रही लेकिन चुनाव परिणाम पर गौर करें तो पता चलता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाटों ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों को भर भर कर वोट दिया था। जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में भाजपा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। यहां के कुर्मी वोटरों का बड़ा वर्ग भाजपा से नाराज दिखा नतीजा समाजवादी पार्टी के सात कुर्मी उम्मीदवार लोकसभा चुनाव जीतने में सफल हो गए। सच कहा जाए तो केंद्र में भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर रखने में उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव परिणाम का बड़ा योगदान था। पूर्वी उत्तर प्रदेश के महराजगंज संसदीय क्षेत्र से नए प्रदेश अध्यक्ष स्वयं पंकज चौधरी की ही जीत मुश्किल में पड़ गई थी। कांग्रेस के वीरेंद्र चौधरी ने इन्हें कड़ी टक्कर दी थी। यह मुकाबला दो कुर्मी नेताओं के बीच की थी जिसमें कांग्रेस के कुर्मी नेता वीरेंद्र चौधरी कुर्मी वोटरों के बीच कहीं से कमजोर नहीं दिखे। जाहिर है महराजगंज क्षेत्र से सात बार के सांसद पंकज चौधरी की अध्यक्ष पद पर ताज पोशी के पीछे पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुर्मी बिरादरी सहित अन्य बैकवर्ड वोटरों में भाजपा के प्रति आकर्षण पैदा करना ही है। पंकज चौधरी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की अपेक्षा पर कितना खरा उतर पाते हैं यह देखना होगा।

पंकज चौधरी की राजनीतिक महत्वाकांक्षा पर नजर डालें तो पता चलता है कि गोरखपुर के एक प्रतिष्ठित व्यवसाई परिवार का नौजवान किस तरह गोरखपुर नगर निगम के पार्षद फिर डिप्टी मेयर से लेकर लोकसभा की दहलीज तक पहुंचने में कामयाब हुआ। महराजगंज जिले में भाजपा का कोई नामचीन नेता नहीं था। लिहाजा यहां से भाजपा नेता के रूप में पंकज चौधरी की इंट्री भाजपा के लिए मुफीद साबित हुई।कभी यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह के करीबी रहे पंकज चौधरी पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डाक्टर रमापति राम त्रिपाठी की प्रेरणा से भाजपा में शामिल हुए और 1990 में जयपुर में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में इनके महरा.जगंज से लोकसभा का चुनाव लड़ने की सुगबुगाहट शुरू हुई और 1991 में पंकज चौधरी को यहां से लोकसभा का टिकट दिया गया। महराजगंज लोकसभा क्षेत्र कुर्मी बाहुल्य है। यहां के कुर्मी बिरादरी में पंकज चौधरी के पिता स्वर्गीय हरिवंश राम का बड़ा मान था। तब यहां कुर्मी बिरादरी का कोई नेता भी नहीं था। 1991 में पंकज चौधरी उस समय लोकसभा का चुनाव जीतने में कामयाब हुए थे जब पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या हुई थी। राजीव गांधी की हत्या के बाद देश में इंदिरा की हत्या जैसी सहानुभूति लहर नहीं थी फिर भी लोगों में राजीव की हत्या को लेकर रोष था। महराजगंज में भी लोगों में गुस्सा था लेकिन पहली मर्तबा यहां के कुर्मी बिरादरी को अपना सजातीय उम्मीदवार मिला था इसलिए लोगों ने एक तरफा वोट देकर पंकज चौधरी को पहली बार ही संसद तक भेज दिया।

पंकज चौधरी ने अपने पहले चुनाव में ही दो बड़े नेताओं को धराशाई कर मीडिया में सुर्खियां बटोर ली थी। एक थे हर्षवर्धन जो 1989 में जनता दल के टिकट पर चुनाव जीते थे लेकिन 1991 में पंकज चौधरी से हार गए। दूसरे थे कांग्रेस के जितेन्द्र सिंह! जितेन्द्र सिंह 1985 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजे सहानुभूति लहर में यहां से एमपी हो गए थे। वे 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद उत्पन्न सहानुभूति लहर में दूसरी बार एमपी होने की आश में थे। पंकज चौधरी महराजगंज क्षेत्र से कुल नौ बार लोकसभा का चुनाव लड़ें हैं और दो बार हारे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जलवायु परिवर्तन: मिलकर ही निकलेगा समाधान



वीरेश तरार

विश्व आज जलवायु परिवर्तन की ऐसी कगार पर खड़ा है, जहां से या तो हम सामूहिक प्रयासों से पृथ्वी को बचा सकते हैं या फिर पूरी मानवता को अनियंत्रित तापमान वृद्धि, चरम मौसम, बढ़ती समुद्री सतह, सूखा, बाढ़, तूफान की मार में झोंक सकते हैं। वर्ष 2015 में जब पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, तब दुनिया भर ने यह मान लिया था कि अब जलवायु संकट से लड़ाई वैश्विक सहयोग के बिना संभव नहीं है परन्तु पिछले दस वर्षों की यात्रा, राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक दबावों और व्यापारिक वर्चस्व की स्पर्धा के बीच कई बार हिचकोले खाती रही। फिर भी मानवता बार-बार यह समझने को मजबूर हुई कि पृथ्वी को बचाने का केवल एक ही रास्ता है, साझेदारी, सहयोग और संसाधनों की सामूहिक जिम्मेदारी। यही वह भावना है जिसे ब्राजील की पुर्तगाली भाषा में माटी-रो कहा गया और जिसकी भारतीय लोक अभिव्यक्ति डंगवारा यानि मिलजुल कर काम करना है। COP-30 के अंतिम दस्तावेज में यह शब्द केवल भावार्थ नहीं, बल्कि दिशा बनकर उभरा है।

ब्राजील के बेलें शहर में संपन्न हुए COP-30 में दो सौ के लगभग देशों ने एक स्वर से स्वीकार किया कि जलवायु परिवर्तन से मुकाबला किसी एक राष्ट्र की जिम्मेदारी नहीं है। पृथ्वी एक है, वातावरण एक है और संकट भी साझा है, इसलिए समाधान भी साझा होना चाहिए। इसी भावना को वैश्विक माटी-रो का नाम दिया गया, एक ऐसी साझी जिम्मेदारी, जिसमें दुनिया भर के देश, समाज, आदिवासी समुदाय, ग्रामीण इकाइयां, युवा, महिलाएं और तकनीकी क्षेत्र मिलकर एक संयुक्त कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ें। पहली बार पांच हजार से अधिक आदिवासी प्रतिनिधियों की भागीदारी इसका प्रमाण है कि विश्व अब उन समुदायों की बुद्धि, अनुभव, प्रकृति सम्बद्ध जीवन शैली और पर्यावरण अनुकूल परंपराओं को अपनी नीति का आधार बनाना चाहता है, जिन्हें सदियों से हाशिए पर रखा गया था।

पेरिस से बेलें तक के दस वर्षों की इस यात्रा में विश्व ने यह स्वीकारा कि तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित रखना अब भी एक कठिन लक्ष्य है, परन्तु असंभव नहीं। इसके लिए जो सबसे बड़ा कदम सामने आया, वह है कार्बन फंड को 2035 तक तीन गुना बढ़ाने का निर्णय। यह फंड विकासशील देशों, गरीब देशों, द्वीपीय देशों और उन समाजों के लिए जीवन-रेखा बन सकता है, जो जलवायु परिवर्तन के सबसे अधिक शिकार हैं लेकिन उत्सर्जन के लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं। इसी सम्मेलन में ऊर्जा संक्रमण की दिशा में कई महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं। जैव ईंधन खासकर एथेनॉल को एक महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में देखा गया। यद्यपि जैव ईंधन पर कोई बाध्यकारी समझौता नहीं हो सका, फिर भी इसे भविष्य के ऊर्जा संक्रमण का आवश्यक अंग माना गया। तेल और कोयले पर निर्भरता कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ाने और बायोफ्यूल को बहुविकल्पीय ऊर्जा स्रोत के रूप में विकसित करने पर व्यापक सहमति बनी। भारत के लिए यह विषय विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां बायो बेस्ड कच्चा माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है चाहे वह गन्ना हो, मक्का हो, चुकंदर हो, शीरा हो, कृषि अवशेष हों, या फिर जैविक कचरा। इसके अलावा पशुधन और मानव अपशिष्ट से उत्पन्न मीथेन को पकड़कर वह बड़ी मात्रा में ऊर्जा स्रोत बन सकता है तथा वातावरण में मीथेन की वृद्धि को रोका जा सकता है। भारत ने पिछले बीस वर्षों में एथेनॉल क्रांति की एक मजबूत शुरुआत की थी, लेकिन तेल कंपनियों द्वारा पानी की खपत को बहाना बनाकर इसके विस्तार को कई बार धीमा कर दिया गया। जबकि सत्य यह है कि पानी की समस्या का समाधान प्रबंधन और तकनीक से संभव है। हमारे देश में वर्षा जल का एक बड़ा हिस्सा समुद्र में बह जाता है। पहाड़ी इलाकों में छोटे-बड़े जलाशय, चेक-डैम, अर्ध-स्थाई बांध तथा वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनाकर, और मनरेगा जैसी योजनाओं का उपयोग करके हम एथेनॉल निर्माण हेतु आवश्यक जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर सकते हैं। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, बल्कि जल संरक्षण की एक टिकाऊ व्यवस्था भी खड़ी होगी। भारत में चीनी और गन्ने का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है। हमारा देश विश्व के सबसे बड़े गन्ना उत्पादकों में से एक है। गन्ने से एथेनॉल बनाना अपेक्षाकृत सरल और सस्ता है। मक्का, चुकंदर और विभिन्न फसलों के अवशेष भी एथेनॉल का महत्वपूर्ण स्रोत बन सकते हैं। भारत के पास जैव-ईंधन के लिए कच्चा माल न केवल पर्याप्त है, बल्कि इतना है कि इसे राष्ट्रीय ऊर्जा-रणनीति का प्रमुख स्तंभ बनाया जा सकता है। इसके साथ-साथ मीथेन को पकड़कर ऊर्जा उत्पादन करना जो कि पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए सबसे उपयुक्त तकनीक है तेल और कोयले के विकल्प के रूप में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। बेलें में यह भी स्वीकार किया गया कि जलवायु परिवर्तन केवल तकनीकी या आर्थिक सवाल नहीं है, यह सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक अस्तित्व का प्रश्न भी है। दुनिया के आदिवासी समुदाय यह मानते हैं कि उनकी लड़ाई केवल वन और पहाड़ बचाने की नहीं है, बल्कि जलवायु संतुलन की भी लड़ाई है। भारत के संदर्भ में यह बात और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि हमारे यहां बड़ी जनसंख्या ग्रामीण और आदिवासी समाज पर आधारित है। जल, जंगल और जमीन इनके जीवन का आधार हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों में विकास के नाम पर इन्हीं संसाधनों पर सबसे अधिक चोट की गई। जब पहाड़ काटे गए, जंगल उजाड़े गए, नदियों का स्वाभाविक प्रवाह बाधित किया गया, तब न केवल पर्यावरण को नुकसान हुआ बल्कि सामाजिक असंतुलन भी बढ़ा। भारत में नक्सलवाद के रूप में जो असंतोष दिखाई देता है, उसके मूल में भी यही सवाल है जल, जंगल और जमीन के अधिकारों पर हो रहा दबाव। COP-30 में आदिवासी प्रतिनिधियों ने यही कहा कि यदि जलवायु परिवर्तन से लड़ाई को सफल बनाना है, तो वन आधारित और प्रकृति आधारित समुदायों की बुद्धि, परंपरा और जीवन.शैली को मूल स्थान देना होगा। भारत के पास आज सबसे बड़ी शक्ति उसकी ग्रामीण आबादी, युवा शक्ति, स्वयं सहायता समूह और मनरेगा जैसे मजदूर संगठन हैं। यदि इन्हें सही दिशा दी जाए, तो जलवायु समाधान का सबसे बड़ा मॉडल भारत प्रस्तुत कर सकता है। गांव.पंचायतों को कार्बन-न्यूट्रल बनाने का विचार इसी दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। प्रत्एक गांव में दस हजार से बीस हजार वृक्ष लगाने का सामूहिक अभियान चलाया जाए, जिसकी निगरानी गांव की पंचायत, स्वयं सहायता समूह, युवा संगठन और स्कूली बच्चे मिलकर करें। इससे न केवल कार्बन शोषण बढ़ेगा, बल्कि गांवों को कार्बन-क्रेडिट से स्थाई आय का स्रोत भी मिलेगा। वृक्षारोपण के साथ-साथ ग्रामीण जल संरक्षण, तालाब, पोखर, जलाशय, चेक-डैम का निर्माण मनरेगा के श्रमिकों की मदद से बड़े पैमाने पर किया जा सकता है। इससे जल-संकट भी दूर होगा और कृषि-उत्पादन में भी वृद्धि होगी। ग्रामीण समाज को जल संरक्षण से जोड़ना इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि जल की कमी अब कृषि, उद्योग और ऊर्जाकृतीनों को समान रूप से प्रभावित कर रही है। पेरिस से बेलें तक के दस वर्षों की इस यात्रा का सबसे बड़ा निष्कर्ष यही है कि विश्व समाज अब टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं, बल्कि सामूहिक रूप से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। वैश्विक माटी-रो यानी मिलकर काम करना के सिद्धांत को केंद्र में रखा गया है। यह केवल देशों के बीच सहयोग नहीं है, बल्कि समाज आधारित और समुदाय आधारित सहयोग है। इसमें विज्ञान है, परंपरा है, तकनीक है, लो.कजीवन है, और सबसे बढ़करकृएक साझा भविष्य का संकल्प है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर आईएसआई का हमला

## तीन की मौत, ट्रम्प बोलेः मुंहतोड़ जवाब दूंगा, असद के हटने के बाद अमेरिकी सेना पर पहला हमला

**दमिश्क।** मध्य सीरिया के शहर पल्मायरा में शनिवार को इस्लामिक स्टेट आईएसआई के एक हमलावर ने अमेरिकी सैनिकों पर हमला किया। हमले में दो अमेरिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सीईएनटीसीओएम) के अनुसार, यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिकी सैनिक आईएसआई के खिलाफ चल रहे आतंकवाद-रोधी अभियानों के तहत एक बैठक में शामिल थे। हमलावर को मौके पर मौजूद सीरियाई बलों ने मार गिराया। सीरियाई मीडिया के मुताबिक, इस हमले में सीरियाई सुरक्षा बलों के कुछ सदस्य भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को हेलीकॉप्टर के जरिए अल-तनफ स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ले जाया गया। अमेरिकी बलों पर यह हमला बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद पहली बार हुआ है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि हमले के लिए जिम्मेदार समूह के खिलाफ जवाबी



■ सतर्क अमेरिकी प्रशासन ने सीरिया में हमले के बाद सुरक्षा बलों को चौकन्ना कर किया

कार्रवाई की जाएगी। ट्रम्प ने मुंहतोड़ जवाब देने और बदला लेने की बात कही। अमेरिका ने सीरिया में हमले के बाद सुरक्षा बलों को चौकन्ना कर दिया है। आईएसआई को 2019 में क्षेत्रीय रूप से हराया जा चुका है, लेकिन संगठन के स्लीपर सेल अब भी सीरिया और इराक में सक्रिय बताए जाते हैं। अनुमान है कि आईएसआई के पास 5000 से 7000 लड़ाके अब भी मौजूद हैं। पूर्वी सीरिया में अमेरिका के सैकड़ों सैनिक तैनात हैं, जो आईएसआई के डेवलपमेंट को रोकने के लिए गठबंधन का हिस्सा हैं। दिसम्बर 2024 में तख्तापलट के बाद अहमद अल-शरा ने अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर सत्ता संभाली थी। असद के पतन के बाद सीरिया के नए अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के नेतृत्व में अमेरिका से संबंध सुधरे हैं। हाल ही में सीरिया आईएसआई विरोधी गठबंधन में शामिल हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर इस हमले को आईएस का अमेरिका और सीरिया दोनों पर हमला बताया और कहा कि इसके लिए बहुत गंभीर बदला लिया जाएगा। ट्रम्प ने बताया कि सीरियाई राष्ट्रपति अल-शरा इस घटना से बहुत दुखी और गुस्से में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि घायल अमेरिकी सैनिकों की हालत में सुधार है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि हमलावर सीरियाई सुरक्षा बलों का सदस्य था, जिसे चरमपंथी विचारों के कारण हटाया जा रहा था। हालांकि, सीरियाई अधिकारियों ने इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अमेरिका ने 2014 से सीरिया में सैनिक तैनात कर रहा है। पहले यह तैनाती ईरान समर्थित मिलिशिया और रूसी खतरे के कारण थी, लेकिन अब मुख्य फोकस सिर्फ आईएसआई पर है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने की ऑस्ट्रेलिया में यहूदी लोगों पर हुए हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बोंडी बीच पर त्योहार मना रहे यहूदी लोगों पर हुए हमले की निंदा करते हुए देशवासियों की तरफ से गहरी संवेदना प्रकट की है। मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर अपने एक पोस्ट में लिखा कि ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बोंडी बीच पर आज हुए भयानक आतंकवादी हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि मैं भारत के लोगों की तरफ से उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हम दुख की इस घड़ी में ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ खड़े हैं।



**अमृतसर। पंजाब के बाहरी इलाके में स्थित एक मतदान केंद्र पर जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनावों के दौरान एक पुलिस अधिकारी मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच करते हुए।**

## सूडान में आतंकी हमले के छह बांग्लादेशी शांति सैनिकों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेश सेना ने एक बयान में कहा कि सूडान में हुए एक आतंकी हमले में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में उसके छह जवान मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। यह हमला सूडान के अबेई इलाके में संयुक्त राष्ट्र के एक बेस पर हुआ। इस बीच, रक्षा मंत्रालय के इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) निदेशालय ने एक शुरुआती बयान में कहा कि इलाके में अभी भी लड़ाई जारी है। बांग्लादेश, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, और अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में सेना, नौसेना, वायु सेना और पुलिस के 6000 से अधिक जवान संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में तैनात हैं।

## इजरायल ने हमास के वरिष्ठ कमांडर को किया ढेर, हमास की पुष्टि

**यरूशलम/गाजा।** इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि उसने शनिवार को गाजा पट्टी में एक हमले में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया है। इजरायल रक्षा बलों और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हमास की सैन्य शाखा में हथियार निर्माण मुख्यालय के प्रमुख राद साद को मार दिया गया है। इजरायली सेना के अनुसार, साद सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमास द्वारा किये गए योजनाकारों में से एक था और अंतिम बचे हुए शीर्ष सरगनाओं में एक था। आईडीएफ ने यह भी दावा किया कि साद हाल के महीनों में हमास द्वारा 'संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघनों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार' था। सेना ने यह भी आरोप लगाया कि वह संघर्ष विराम के दौरान हथियारों का निर्माण जारी रखने के लिए भी जिम्मेदार था। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि उन्होंने और रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने शनिवार को गाजा में इजरायली बलों को घायल करने वाले हमास के एक विस्फोटक उपकरण के विस्फोट के जवाब में साद की हत्या का व्यक्तिगत रूप से आदेश दिया था।

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला

## 12 की मौत, बॉन्डी बीच पर गोलीबारी, इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने रेस्त्रां में छिपकर जान बचाई

**सिडनी।** सिडनी के बान्डी बीच पर त्यौहार मना रहे यहूदियों पर दो हथियारबंद लोगों ने सामूहिक गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। गोलीकांड की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कई राउंड गोलियां चलने के बाद बीच पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हमले में शूटर समेत 12 लोगों की मौत हो गई है।

आस्ट्रेलियाई पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। आस्ट्रेलिया सरकार ने इस गोलीबारी को आतंकी हमला करार दिया है। गोलीबारी की घटना के तुरंत बाद पुलिस को बान्डी में कैंपबेल परेड में एक गाड़ी मिली, जिसमें उन्हें कुछ विस्फोटक होने की आशंका है। सिडनी मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, गोलीबारी में शूटर सहित 12 लोग मारे गए हैं। जानकारी के अनुसार यहूदी त्योहार हनुक्का मनाने के लिए सैकड़ों लोग बान्डी बीच पर जुटे थे। इसी दौरान हमलावरों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। एक पुलिस अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है कि हमलावरों में से एक सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में बोनिरिग का रहने वाला नवीद अकरम था। पुलिस शूटर के घर पर इस समय पुलिस छापा मार रही है। एनएसडब्ल्यू प्रीमियर क्रिस मिन्स ने बताया कि 12 लोगों की मौत हो गई है। हमलावरों में से एक मारा गया है और एक को हिरासत में लिया गया है। मिन्स ने कहा कि यह हमला यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया था।। आस्ट्रेलियाई पुलिस के मुताबिक गोलीकांड के बाद एक हमलावर को गिरफ्तार किया गया है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा, पुलिस की जांच जारी है और हम लोगों से अपील करते हैं कि वे इस इलाके से दूर रहें। पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया है और जानकारी मिलने पर आगे अपडेट दिया जाएगा। बान्डी बीच पर गोलीबारी की खबरों के बाद पुलिस की गाड़ियां और एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने लोगों को बान्डी बीच से दूर रहने का आग्रह किया और घटनास्थल पर मौजूद लोगों से सुरक्षित जगह पर जाने को कहा।

पुलिस ने दो लोग हिरासत में लिए हैं। एम्बुलेंस 16 घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में ले गईं। पुलिस ने शूटर समेत 12 लोगों की मौत, दो पुलिस अधिकारी सहित 11 अन्य लोग घायल की पुष्टि की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बान्डी बीच पर लोग भागते हुए दिखाई दे रहे हैं और बैकग्राउंड में गोलियों की आवाज और पुलिस सायरन सुनाई दे रहे हैं। रायटर्स ने कहा कि वह इन वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका। गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, उसके पत्रकारों द्वारा देखे गए वीडियो में काले कपड़े पहने दो लोग बीच के पास एक पुल के पास गोलीबारी करते दिखे। करीब एक दर्जन राउंड गोलियों की आवाज सुनाई दी और लोग चीखते हुए इधर-उधर भागने लगे। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक्स पर एक ताजा पोस्ट में बताया कि बान्डी बीच पर दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।



■ एक हमलावर गिरफ्तार, जवाबी कार्रवाई में मारा गया हमलावर यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया हथियारबंद लोगों ने हमला

### बोंडी बीच पर हमला यहूदी समाज के खिलाफ शैतानी हरकतः अल्बनीज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने न्यू साउथ वेल्स की राजधानी सिडनी के बोंडी बीच पर हानुका जश्न के दौरान हुए आतंकवादी हमले को 'यहूदी-विरोधी भावना' की शैतानी हरकत करार देते हुए कहा कि एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक पर हमला पूरे देश पर हमले के बराबर है। अल्बानीज़ ने हमले के बाद एक संबोधन में कहा कि यह हमला यहूदी ऑस्ट्रेलियाई लोगों को निशाना बनाकर किया गया है। यह उनकी खुशी के दिन उनकी आस्था के जश्न पर हमला है। जब बोंडी बीच पर गोलीबारी हुई तो वहां मौजूद कुछ लोग बैरिकेड तोड़कर भागने को मजबूर हुए, जबकि कुछ ने करीब के एक रेस्तरां में शरण ली। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि एक शख्स ने गोलीबारी कर रहे हमलावर को पीछे से दबोचा और उसके हाथ से हथियार छीन लिया। पुलिस ने पुष्टि की है कि हमलावर के हाथ से बंदूक छीनने वाले शख्स का नाम अहमद अल अहमद है।

## दक्षिण अफ्रीका मंदिर हादसा

■ मृतकों की संख्या बढ़कर हुई चार, मृतकों में एक भारतीय भी शामिल

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के डरबन के उत्तर में स्थित रेडक्लिफ इलाके में बीते शुक्रवार दोपहर को अहोबिलम टेंपल आफ प्रोटेक्शन के निर्माण स्थल पर हुए भीषण हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। वहीं अभी भी कई लोगों के मलबे में फंसे होने की संभावना जताई जा रही है। मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

स्थानीय मीडिया के अनुसार, राहत और बचाव कर्मी पिछले दो दिनों से मलबे में दबे एक पांचवें शव को निकालने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, शनिवार दोपहर खराब मौसम के कारण रेस्क्यू आपरेशन को रोकना पड़ा। तेज बारिश और खराब हालात के चलते मलबे में काम करना बेहद मुश्किल हो गया। बता दें कि पहले मीडिया रिपोर्टस में बताया गया था कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और कई लोग मलबे में दबे हैं। ऐसे में जब ताजा अपडेट सामने आया तब इस बात की पुष्टि की गई कि इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब बढ़कर चार हो गई है। बता दें कि मंदिर एक ढलान वाली पहाड़ी पर बनाया जा रहा था और इसमें चट्टानों का इस्तेमाल किया गया था, जिन्हें भारत से लाया गया और निर्माण स्थल पर खुदाई की गई थी। मंदिर का डिजाइन गुफा जैसा था और इसे भगवान नरसिंहदेव की दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक के लिए बनाया जा रहा था। हादसे में मारे गए लोगों में से एक 52 वर्षीय भारतीय मूल के विक्की जैरज पांडे हैं, जो मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी सदस्य और निर्माण परियोजना के प्रबंधक थे। पांडे पिछले दो साल से मंदिर निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल थे। मामले में रिएक्शन यूनिट साउथ अफ्रीका के प्रवक्ता प्रेम बलराम ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि मलबे के नीचे और लोग फंसे हुए हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि हालात सामान्य होने के बाद फिर से तलाशी अभियान शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि इस हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि निर्माण के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन किया गया था या नहीं।

# स्पेन में रूसी वाणिज्य दूतावास ने 40 वीजा जारी किए

**मैड्रिड।** स्पेन में रूसी वाणिज्य दूतावास ने रूस के पारंपरिक, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से इत्तेफाक रखने वाले 40 विदेशियों के वीज़ा को 'मानवीय सहायता' उपलब्ध कराने के इरादे से मंज़ूरी दे दी है।

समाचार एजेंसी स्पूतनिक ने स्पेन में रूसी दूतावास के वाणिज्यिक विभाग के हवाले से यह जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2024 में एक फैसले पर हस्ताक्षर किये थे, जिसके अनुसार देश रूस के पारंपरिक, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से इत्तेफाक रखने वाले लोगों को मानवीय सहायता देगा। इस फरमान के अनुसार, जो विदेशी अपने देशों की नीतियों के विरोध के कारण रूस आए हैं, वे रूसी भाषा में दक्षता के प्रमाण के बिना रूस में अस्थाई रूप से रह सकेंगे। स्पूतनिक ने




वाणिज्यिक विभाग के प्रमुख किरिल बुदाएव के हवाले से कहा कि हमें 19 अगस्त, 2024 के रूसी राष्ट्रपति के फरमान संख्या 702 के अनुसार उन विदेशियों के लिए भी वीज़ा के अनुरोध मिल रहे हैं जो हमारे पारंपरिक आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को साझा करते हैं। ये वीज़ा रूस जाने वाले आवेदकों को एक सरल प्रक्रिया के माध्यम से अस्थाई निवास परमिट प्राप्त करने की अनुमति देते हैं। कुल मिलाकर, स्पेन में रूसी वाणिज्य दूतावासों ने लगभग 40 ऐसे वीज़ा जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि स्पेन में विदेशी मिशनों का कुल कार्यभार अधिक बना हुआ है। सिर्फ 2025 में ही स्पेन में रहने वाले या अस्थाई रूप से रहने वाले 15000 से अधिक रूसियों ने मैड्रिड में वाणिज्यिक विभाग से सहायता मांगी है। अधिकांश मामलों में रूसी दस्तावेज़ जारी करना, नोटरी और पंजीकरण सेवाएं, साथ ही सूचना और परामर्श सहायता शामिल है। कई अनुरोध नागरिकों की मृत्यु, हिरासत, नाबालिगों की संरक्षकता, विरासत के मुद्दे और कानूनी विवादों से संबंधित भी होते हैं। बुदाएव ने बताया कि हाल के वर्षों में स्पेन आए प्रवासियों के बीच दस्तावेज़ और विभिन्न कांसुलर सेवाएं प्राप्त करने में रुचि बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को उनकी राजनीतिक विचारों की परवाह किए बिना सेवाएं दी जाती हैं। अगर आवेदक वांछित है, अनुपस्थिति में दोषी ठहराया गया है, रूस में बकाया ऋण है, या उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही चल रही है तो रूसी पासपोर्ट जारी नहीं किया जा सकता है। यह ध्यान रखना जरूरी है कि पिछले कुछ सालों में रूस से स्पेन जाने वाले प्रवासियों की संख्या बढ़ी है, जो विभिन्न कारणों से यहां आए हैं। इसमें रूसी अधिकारियों की कार्रवाई से असहमति भी शामिल है।

## नोबेल पुरस्कार विजेता अलेस बियाल्यात्सकी की रिहाई का किया स्वागत

**स्टॉकहोम।** मानवाधिकार संगठनों और कार्यकर्ताओं ने बेलारुस के मानवाधिकार कार्यकर्ता और नोबेल पुरस्कार विजेता अलेस बियाल्यात्सकी की रिहाई का स्वागत किया है। मानवाधिकारों के लिए कार्य करने वाली संस्था राइट लाइवलीहुड ने उनकी रिहाई का स्वागत करते हुए इसे 'न्याय की दिशा में बहुत देर से आया कदम' बताया है। संस्था ने कहा कि जुलाई 2021 में उनकी कैद अवैध और राजनीतिक कारणों से प्रेरित थी। संस्था ने जोर दिया कि हम वियासना की सदस्य मारफा राबकोवा और बेलारूस में अपने मूल अधिकारों का प्रयोग करने के कारण कैद किये गए सभी अन्य लोगों की तत्काल रिहाई की अपनी आपात अपील को फिर से दोहराते हैं।

## अमेरिका के ब्राउन विश्व विद्यालय में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना हुई है। रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबारी में कम से कम दो लोग मारे गए और आठ लोग घायल हुए हैं। जांच अधिकारियों ने अभी घटना के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

पुलिस ने बताया कि रविवार को ब्राउन यूनिवर्सिटी के इलाके में कई लोगों को गोली मारी गई। इसके बाद आइवी लीग स्कूल ने शूटर अलर्ट जारी किया और छात्रों और स्टाफ से सुरक्षित जगह शरण लेने की अपील की। पुलिस ने तुरंत पीड़ितों की संख्या, उनकी हालत या गोलीबारी की परिस्थितियों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। ब्राउन यूनिवर्सिटी के इमरजेंसी नोटिफिकेशन सिस्टम के जरिए जारी अलर्ट के अनुसार, यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने शुरू में छात्रों और स्टाफ को बताया कि एक संदिग्ध हिरासत में है, लेकिन बाद में कहा कि ऐसा नहीं है और पुलिस अभी भी संदिग्धों की तलाश कर रही है। स्थानीय नेता जान गोंसाल्वेस ने कहा कि हमें अभी भी इस बारे में जानकारी मिल रही है कि क्या हो रहा है। हमने लोगों से अपने खिड़की-दरवाजे बंद रखने और सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने घटना पर दुख जताया। रिपोर्ट के अनुसार, गोलीबारी बारस और हाली बिल्डिंग के पास हुई, जो एक सात मंजिला काम्प्लेक्स है, जिसमें यूनिवर्सिटी का स्कूल आफ इंजीनियरिंग और भौतिकी विभाग है।

## 15 को संयुक्त राष्ट्र पहला विश्व तुर्की भाषा परिवार दिवस मनाएगा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को ने समरकंद की आम सभा में 15 दिसम्बर को हर साल विश्व तुर्की भाषा परिवार दिवस मनाने का फैसला लिया है। यह समारोह तुर्की भाषा बोलने वाले लोगों की साझा भाषाई और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करता है और बहुभाषावाद और सांस्कृतिक विविधता के प्रति यूनेस्को की व्यापक प्रतिबद्धता को दृढ़ करता है। तुर्की भाषा परिवार में अजरबैजानी, कजाख, किर्गिज, तुर्की, तुर्कमेन, उज्बेक जैसी कई भाषाएं शामिल हैं। इसे करीब एक करोड़ 20 लाख वर्ग किलोमीटर के दायरे में 20 करोड़ से ज्यादा लोग बोलते हैं। इसलिए सोमवार को पहली बार इसे मनाने की तैयारी में संगठन जुटा है।







## जल संसाधनों पर बढ़ते दबाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी

**रोम।** संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा है कि जिन क्षेत्रों में पानी की कमी है, वहां मांग बढ़ने के साथ ताजे पानी के संसाधनों पर दबाव भी बढ़ रहा है। अक्वास्टैट (2025) वॉटर डेटा स्नैपशॉट के नाम से प्रकाशित इस रिपोर्ट में नवीकरणीय जल उपलब्धता पर अद्यतन जानकारी दी गई है। नवीकरणीय जल का अर्थ है, जल की वह मात्रा जो हर साल वर्षा के माध्यम से नदियों और भूजल भंडारों में फिर से भर जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में प्रति व्यक्ति नवीकरणीय जल उपलब्धता में सात प्रतिशत की गिरावट आई है।

# बांग्लादेश में उम्मीदवारों पर गोलीबारी

## चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद बढ़े हमले, चुनाव आयोग ने शीर्ष अधिकारियों के लिए मांगी अतिरिक्त सुरक्षा

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बार फिर बिगड़ती कानून-व्यवस्था के बीच चुनाव आयोग ने अपने शीर्ष अधिकारियों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की है।

चुनाव आयोग ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) को पत्र लिखकर मुख्य चुनाव आयुक्त, अन्य आयुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा है। चुनाव आयोग ने सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे पुलिस सुरक्षा और अतिरिक्त एस्कार्ट वाहन की मांग की है। यह मांग ऐसे समय की गई है, जब आगामी संसदीय चुनाव के एक उम्मीदवार और पिछले साल के 'जुलाई आंदोलन' के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी को ढाका में गोली मार दी गई। वह अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत कर रहे थे, तभी उन पर नजदीक से हमला हुआ।

■ हालात को देखते हुए सरकार ने शुरू किया देशभर में 'आपरेशन डेविल हंट-2'

उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। चुनाव आयोग ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद दो जिलों, लक्ष्मीपुर और पिरोजपुर, में उसके दफ्तरों पर भी हमले हुए हैं। इसके चलते आयोग ने देशभर में अपने क्षेत्रीय, जिला और उप-जिला कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है, क्योंकि वहां चुनाव से जुड़े अहम दस्तावेज और सामग्री रखी जानी है। अंतरिम सरकार ने हालात को देखते हुए देशभर में 'आपरेशन डेविल हंट-2' शुरू किया है। साथ ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को आत्मरक्षा के लिए हथियार लाइसेंस देने का भी आश्वासन दिया गया है। वहीं विपक्षी दल बीएनपी ने सभी उम्मीदवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और हमले के दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

### बांग्लादेश में 1971 के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**ढाका।** बंगलादेश में रविवार को 'शहीद बुद्धिजीवी दिवस' के मौके पर राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मीरपुर स्थित शहीद बुद्धिजीवी स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद, मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने भी स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की और मौन रखा। नेताओं के बाद समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने की अनुमति दी गई, जिन्होंने युद्ध के अंतिम दिनों में अगवा कर मारे गए बुद्धिजीवियों का सम्मान किया। गौरतलब है कि बंगलादेश में शहीद बुद्धिजीवी दिवस 14 दिसम्बर को मनाया जाता है।